निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 18 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 298 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

### झारखंड में इको टूरिज्म को मिलेगी रफ्तार, मुख्यमंत्री ने तय की विकास की नई रूपरेखा

## समय सीमा के भीतर योजनाओं को धरातल पर उतारें : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में इको टूरिज्म के विकास को लेकर सरकार अब तेजी से आगे बढ़ने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड इको टूरिज्म अथॉरिटी यानी जेटा की चौथी बैठक मंगलवार को विधानसभा स्थित सीएम के कक्ष में हुई। बैठक के दौरान राज्य के प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन के नक्शे पर लाने की दिशा में अहम फैसले लिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में इको टूरिज्म की बेहतर संभावनाएं हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर स्थलों की पहचान की जाए। इसके साथ ही वन, पर्यटन और जल संसाधन विभाग को आपसी समन्वय के साथ ठोस कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर राज्य है और यहां इको टूरिज्म के जरिए



न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि चयनित स्थलों पर बेहतर आधारभूत संरचना विकसित की जाए और तय समय सीमा के भीतर योजनाओं को जमीन पर उतारा जाए। बैठक में मैथन, नेतरहाट, पतरातू, चाईबासा, दुमका और रांची जैसे प्रमुख स्थानों पर इको टूरिज्म विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही मसानजोर की तर्ज पर पतरातू को भी पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की योजना पर विचार किया गया। सरकार का फोकस इस बात पर है कि धार्मिक स्थलों, वन क्षेत्रों, नदियों, जलाशयों और पहाड़ी इलाकों को चिन्हित कर वहां पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। सरकार का मानना है कि सुनियोजित तरीके से इको टूरिज्म को बढ़ावा देकर झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाई जा सकती है।

## झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक सदन से पारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन की कार्यवाही के दूसरी पाली में झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक पारित किया गया। मंत्री सुदिव्य सोनू ने इस विधेयक के प्रस्ताव को सदन पटल पर रखा। जिसे स्वीकृति प्रदान की गई। इससे पहले सदन की कार्यवाही के पहली पाली में राज्य में खराब पड़े चापाकलों का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजा। विधायक हेमलाल मुर्मू ने संताल परगना, विशेषकर लिट्टीपाड़ा क्षेत्र की बदहाल स्थिति को सदन के सामने रखते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि इलाके में जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे अधिकांश चापाकल बेकार हो चुके हैं। ऐसे में सूखा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पेयजल कैसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने सरकार से इस दिशा में ठोस योजना पेश करने की मांग की। मामले पर जवाब देते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया कि राज्य में जलस्तर गिरने से समस्या गंभीर हुई है। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 69,916 चापाकल खराब पड़े हैं, जिनमें से केवल पाकुड़ जिले में ही 3,446 चापाकल खराब हैं। मंत्री ने कहा कि 44,906 चापाकलों की साधारण मरम्मत के लिए स्वीकृति दे दी गई है। कार्य प्रगति पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जल्द राहत देने का प्रयास होगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि चापाकलों की मरम्मत के लिए भी केंद्र पर निर्भरता बढ़ रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताते हुए कहा कि जहां वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और गैस को लेकर संकट है, वहीं झारखंड में लोग पानी जैसी बुनियादी जरूरत के लिए जूझ रहे हैं। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सफाई देते हुए कहा कि मरम्मत के लिए केंद्र से पैसे मांगने की बात गलत है, राज्य सरकार ने खुद फंड जारी किया है। सदन में जेटेट अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड पात्रता परीक्षा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### संक्षिप्त समाचार

#### अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस और उत्पाद विभाग ने वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के पोस्तिया गांव में एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पांच लाख रुपए की नकली शराब बरामद की गई और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उपायुक्त कीर्तिश्री के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने इस फैक्ट्री पर छापा मारा। यह फैक्ट्री एक घर के भीतर धड़ल्ले से चल रही थी।

#### करंट लगने से युवक की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के फुलची गांव में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद कुमार वर्मा के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार आनंद कुमार वर्मा अपने नए बन रहे घर में बिजली से जुड़ा काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने बिना देर किए उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोमो स्थित हरिहरपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चौरापट्टी गांव का है। आरोप है कि चौरापट्टी निवासी अल्ताफ अंसारी ने अपनी पत्नी जैनब खातून की गला घोंटकर हत्या कर दी है।

#### हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी क्षेत्र के पंडाबिला गांव में सोमवार देर रात जंगली हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। हाथी ने गांव में घुसकर कई घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार हाथी ने एक घर में घुसकर चोकरो करवा नामक ग्रामीण को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### वृद्धा का शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जयनगर थाना क्षेत्र के कन्द्रपडीह गांव के पास मंगलवार सुबह रेललाइन पर एक वृद्ध महिला का शव मिला। महिला की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के चिगलावर गांव निवासी 68 वर्षीय अंजनी देवी के रूप में हुई है।

## जादू-टोना के नाम पर तीन लोगों की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में डायन बिसाही के शक में एक ही परिवार के तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना देवदांड थाना क्षेत्र के डांगा टोला की है। सोमवार देर रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर 50 वर्षीय दरबारी मुर्मू, उनकी 45 वर्षीय पत्नी मक्कू बास्की और 12 वर्षीय बेटे जीतनारायण मुर्मू की जान ले ली। मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली तो इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही गोड्डा के एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, देवदांड थाना प्रभारी अमित मार्की और पौड़याहाट थाना प्रभारी महावीर पंडित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डायन बिसाही से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो हर बिंदु पर जांच कर रही है।

## संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में मांगी माफी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान बुधवार को प्रश्नकाल के क्रम में झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती द्वारा एक दिन पूर्व सदन में इस्तेमाल की गई असंसदीय भाषा का मामला जोर शोर से उठा। भाजपा विधायक नीरा यादव ने स्पीकर से आग्रह किया कि इतनी भद्दी भाषा का इस्तेमाल करने वाले विधायक को सदन में माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही देखने के लिए स्कूल की बच्चियां आई हुई हैं। एक विधायक के ऐसे आचरण का उनपर क्या प्रभाव पड़ेगा। नीरा यादव इतनी नाराज थीं कि वेल में पहुंच गईं। उनका समर्थन विपक्ष की दूसरी महिला विधायकों ने भी किया। मामले को तूल पकड़ता देख संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पूरे सदन की ओर से माफी मांगी और असंसदीय भाषा के इस्तेमाल पर खेद जताया। इससे

**सदन की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की : मंत्री**

पहले महिला विधायकों की नाराजगी को देखते हुए स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कहा कि विधायक की असंसदीय टिप्पणी को प्रोसिडिंग से हटा दिया गया है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों का भी हवाला दिया। महिला विधायकों के हंगामे से सदन में कुछ देर के लिए असहज स्थिति उत्पन्न हो गई। स्पीकर ने कहा कि विधानसभा में संसदीय और असंसदीय भाषा की डिक्सनरी है। इसलिए सभी विधायकों को ऐसे शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए जिससे किसी को तकलीफ हो। इसलिए समीर मोहंती के असंसदीय शब्द की जानकारी मिलते ही उसे प्रोसिडिंग से हटा दिया गया। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि विपक्षी विधायकों की भावना जायज है। उन्होंने कहा कि जब असंसदीय भाषा का इस्तेमाल हुआ था, उसी समय मामला उठना चाहिए था। फिलहाल आसन की ओर से नियमन दिया जा चुका है। लिहाजा महिला विधायकों को शांत हो जाना चाहिए। महिला विधायकों ने आरोप लगाया कि अक्सर सदन में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल होता है जो निंदनीय है। हंगामा बढ़ा तो संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। भाषण के क्रम में ऐसी कोई बात नहीं होनी चाहिए जिससे ना सिर्फ सदस्य आहत हों बल्कि सदन की गरिमा आहत हो। उन्होंने कहा कि कल ही असंसदीय भाषा पर आसन से नियमन आ गया था। फिर भी महिला सदस्यों की पीड़ा का सम्मान करते हुए उन्होंने पूरे सदन की ओर से क्षमा याचना की तब जाकर मामला शांत हुआ।

## दांत निकलवाने के बाद महिला की मौत, डॉक्टर फरार

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हरिहरगंज में एक निजी क्लीनिक में दांत निकलवाने के बाद एक महिला की मौत हो गई है। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद के कासिमपुर के रहने वाली विजयंती देवी के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा थाना में आवेदन देने के बाद पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुट गयी है। दरअसल, विजयंती देवी ने मंगलवार को दांत निकलवाया था। दांत निकालने के बाद महिला की हालत बिगड़ गई और उसकी हालत गंभीर होने लगी। इसी क्रम में डॉक्टर के द्वारा उसे एक इंजेक्शन दिया गया। जिसके बाद में महिला को हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद निजी क्लीनिक का संचालन कर रहे डॉ. अशरफ अली फरार हो गया है। उनका क्लिनिक भी बंद हो गया है।

## पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट का सफल सिंक्रोनाइजेशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल के पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (चरण-क्र) की दूसरी 800 मेगावाट इकाई का मंगलवार को सुबह 10:31 बजे सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन किया गया। यह परियोजना की प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस मौके पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल के साथ मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) अनुपम मुखर्जी, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (परियोजना) बिश्नु दत्ता दाश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (कमीशनिंग) जोगेश चंद्र पात्रा तथा एचओएचआर जियाउर रहमान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ए.के. सहगल ने इस उपलब्धि पर पीवीयूएनएल और बीएचईएल की टीमों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने चुनौतियों का सामना करते हुए समर्पण और मेहनत से यह सफलता हासिल की है। यूनिट-2 का सफल सिंक्रोनाइजेशन पीवीयूएनएल, बीएचईएल और अन्य हितधारकों के बीच उत्कृष्ट टीमवर्क, सूक्ष्म योजना और बेहतर समन्वय का परिणाम है। यह उपलब्धि देश के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## अब नियमित रूप में चलेगी हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल से जुड़ी ट्रेनों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। रेलवे मंत्रालय ने हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन को अब नियमित एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में चलाने का फैसला किया है। इसके साथ ही पोत्तनूर से धनबाद के बीच नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की भी घोषणा की गई है। रेलवे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया-दुर्ग स्पेशल को अब ट्रेन संख्या 18641/18642 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित किया गया है। यह ट्रेन 2 अप्रैल 2026 से हर मंगलवार और गुरुवार को हटिया से प्रस्थान करेगी। वहीं वापसी में 3 अप्रैल 2026 से हर बुधवार और शुक्रवार को दुर्ग से हटिया के लिए चलेगी। यह ट्रेन हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़, चंपा, बिलासपुर और रायपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। ट्रेन में कुल 15 कोच लगाए जाएंगे जिनमें सामान्य, स्लीपर और एसी श्रेणी के कोच शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से पोत्तनूर-धनबाद-पोत्तनूर अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 16619/16620) के परिचालन की भी घोषणा की है। यह ट्रेन 21 मार्च 2026 से प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से धनबाद के लिए रवाना होगी जबकि 23 मार्च 2026 से हर सोमवार को धनबाद से पोत्तनूर के लिए चलेगी। यह ट्रेन कोयम्बत्तूर, काटपाडी, विजयवाड़ा, रायगड़ा, संबलपुर, राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी और बोकारो स्टील सिटी जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इसी के साथ नवरात्रि को देखते हुए रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18609/18610) को मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह ठहराव 19 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक पांच मिनट के लिए दिया जाएगा जिससे मां शारदा मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी। वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के कारण कुछ ट्रेनों के परिचालन पर अस्थायी प्रभाव भी पड़ेगा। खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस (18035/18036) का 20 मार्च 2026 को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और प्रारंभ होगा, जिससे इस दौरान आद्रा से हटिया के बीच ट्रेन का परिचालन रद्द रहेगा। इसके अलावा टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस (18601) को 18 और 20 मार्च को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

### 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आगाज


## खेल से मजबूत होता है मानसिक स्वास्थ्य : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के जैप-1 ग्राउंड (डोरंडा) में मंगलवार को 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता (2025-26) का भव्य उद्घाटन हुआ। झारखंड पुलिस के जवानों और अधिकारियों के बीच खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 19 मार्च 2026 तक चलेगी। उद्घाटन समारोह में झारखंड पुलिस की निदेशक महानिरीक्षक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राज्य की विभिन्न रेंजों से आठ टीमों के सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 26 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य खेलों में




हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, कुश्ती, जिमनास्टिक, कराटे, कबड्डी, योगा, बैडमिंटन और टेबल टेनिस शामिल हैं। विभिन्न प्रतियोगिताएं रांची के प्रमुख खेल स्टेडियमों और मैदानों जैसे मोहराबादी फुटबॉल स्टेडियम, डोरंडा, टाटीसिलवे, होटवार आदि स्थानों पर आयोजित हो रही हैं, जहां खिलाड़ी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने उद्घाटन के मौके पर कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधारता है बल्कि पुलिसकर्मियों के बीच एकजुटता, अनुशासन और मानसिक मजबूती भी लाता है। उन्होंने जवानों से अपील की कि वे पूरे उत्साह और निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लें। जैप डीआईजी कार्तिक ने झारखंड पुलिस की खेल उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य की स्थापना (2000) के बाद से झारखंड पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 65 से अधिक मेडल और राष्ट्रीय स्तर पर 300 से ज्यादा मेडल जीते हैं। यह पुलिसकर्मियों की कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का प्रमाण है।



# रामनवमी, ईद-उल-फितर और सरहुल को लेकर प्रशासन सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** आगामी रामनवमी, ईद-उल-फितर और सरहुल पर्व को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन की तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व-त्योहारों के दौरान शांति, विधि-व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विभिन्न समितियों के साथ कई चरणों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों सहित कटकमदाग, मुफ्फसिल और पेलावल ओपी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जिला और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर अखाड़ा समिति के अध्यक्ष-सचिव, शांति समिति के सदस्यों तथा सदभावना विकास



मंच के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए तैयारियों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन द्वारा जुलूस मार्गों की स्थिति, उनकी सुगमता और सुरक्षा का आकलन किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और बिजली के तारों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे। शांति समिति की बैठकों की सक्रियता की भी समीक्षा की जा रही है ताकि सामाजिक सौहार्द और आपसी समन्वय को मजबूत किया जा सके। इस बीच रामनवमी और मंगला जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने फ्लैग मार्च भी किया। प्रशासन ने सीसीआर से पेट्रोलिंग की शुरुआत करते हुए पुलिस लाइन, पगमिल, सलगांवा, सुल्ताना, कटकमदाग, खिरगांव, झंडा चौक, बड़ा बाजार, हुरहुरु, कॉलेज मोड़, हरनगंज, मुफ्फसिल, कोर्रा और मटवारी सहित विभिन्न जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। इसके बाद झंडा चौक से मालवीय मार्ग तक फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का प्रदर्शन किया गया। फ्लैग मार्च और पेट्रोलिंग के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सहायक समाहर्ता आनंद शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मुरली यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती, डीपीआरओ रोहित कुमार और एनडीसी प्रदीप कुमार सहित कई प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करें।

## महटिकरा चौक के पास सड़क हादसे में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (बड़कागांव)।** बड़कागांव-केरेडारी मुख्य सड़क पर स्थित महटिकरा चौक के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे एक महिला सड़क पर गिर पड़ी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक टर्बो वाहन की चपेट में आने से महिला वाहन के चक्के के नीचे आ गई, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुठान गांव निवासी फूलचंद महतो की पत्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महिला मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रही थी, तभी महटिकरा चौक के समीप यह हादसा हो गया।

# फूड सिस्टम डायलॉग झारखंड की थाली में 229 तरह के साग, पहचान और प्रसार पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की थाली में पारंपरिक भोजन की समृद्ध विविधता मौजूद है। हर मौसम में अलग-अलग प्रकार के खाद्य पदार्थ उपलब्ध होते हैं, लेकिन आम लोगों तक उनकी पहचान और उनके पोषण संबंधी फायदों को पहुंचाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है राज्य में करीब 229 प्रकार के साग पाए जाते हैं, जिनमें से लगभग 32 प्रकार के जंगली फूल भी साग के रूप में उपयोग किए जाते हैं। इसके अलावा कंद-मूल, फल, सब्जियां, शहद, मशरूम और कई प्रकार के जीव-जन्तु पोषण का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, जो आज ह्लसुपर फूडह्व के रूप में भी पहचान बना रहे हैं यह बातें दिव्या ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित फूड सिस्टम डायलॉग कार्यक्रम में कही गईं। कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न सामाजिक संगठनों और कृषि से जुड़े समूहों द्वारा किया गया, जिसमें डॉक्टर, प्रोफेसर और कम्युनिकेशन एक्सपर्ट्स ने भाग लिया। बदलती खान-पान आदतों पर चिंत कार्यक्रम में शामिल गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. मंक शेखर ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में खान-पान की आदतों में बड़ा बदलाव आया है।

बच्चों में भी पथरी और अन्य बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। पारंपरिक भोजन से दूरी, रसायनों और कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के कारण कैंसर, डायबिटीज और थायरॉयड जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं उन्होंने कहा कि पहले लोग मोटे अनाज और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों का सेवन करते थे, लेकिन अब ये हमारी थाली से गायब होते जा रहे हैं। ऐसे में पारंपरिक भोजन प्रणाली की ओर लौटना जरूरी है विशेषज्ञों ने बताया कि एग्रो-इकोलॉजी अपनाने से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, कृषि उत्पादकता में वृद्धि और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार और पोषण स्तर में भी वृद्धि संभव है। डॉ. रतन हेम्ब्रम ने कहा कि पहले खेती में जैविक तरीकों का उपयोग होता था, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर रहती थी। लेकिन आधुनिक खेती के कारण भू-जल स्तर गिरा है और मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हुई है मीडिया पर बात करते हुए असर से मुन्ना झा ने कहा कि पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बाजार और मीडिया से जोड़ने की जरूरत है, ताकि वे आम लोगों तक पहुंच सकें।अंकिता ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन तक पहुंच अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऑर्गेनिक उत्पाद महंगे हैं और सस्ते प्राकृतिक विकल्प आम लोगों तक आसानी से नहीं पहुंच पाते 229 से अधिक साग की पहचान पादप वैज्ञानिक प्रो. सुदांशु ने बताया कि झारखंड में 229 से अधिक प्रकार के साग उपलब्ध हैं, जिनमें से कई अन्य राज्यों में खाए जाते हैं, लेकिन झारखंड में उनका उपयोग कम होता है। इनके प्रचार-प्रसार से कुपोषण की समस्या को कम किया जा सकता है स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों संताल परगना, कोल्हान, पलामू और छोटानागपुर से आए किसानों और उद्यमियों ने स्थानीय खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई। इसमें वन्य खाद्य, मोटे अनाज और जैविक उत्पाद शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बसरिया में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**चौपारण हजारीबाग (नबिटासं)।** चौपारण प्रखंड के बसरिया पंचायत सचिवालय में मंगलवार को प्रशासन की पहल पर रामनवमी को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों रामनवमी और ईद को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की रणनीति बनाना था। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय यादव ने की। इस दौरान बीडीओ नितेश भास्कर तथा थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। अंचलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि क्षेत्र हमेशा से आपसी सद्भाव और भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है। रामनवमी और ईद जैसे पर्व लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी लोग आपसी सहयोग और समझदारी से इन त्योहारों को मनाएं, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से दूर रहें। वहीं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धार्मिक जुलूस के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा और जुलूस उसी पारंपरिक मार्ग से निकाला जाएगा, जिस मार्ग से पहले निकलता रहा है। बिना प्रशासन की अनुमति के किसी भी नई व्यवस्था की अनुमति नहीं होगी। शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पंचायत की मुखिया मंजू देवी, प्रतिनिधि शिव पासवान, रामनवमी समिति के अध्यक्ष मुन्ना केशरी, उपाध्यक्ष मिथिलेश प्रजापति, सचिव चंदन दांगी, कोषाध्यक्ष उमेश साव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा रवि सोनी, पिंटू सोनी, भुनेश्वर साव, दयानंद दांगी, सुधीर कौशल, लालजी राणा, देवकी रविदास, सतार मिया, इसराइली मिया समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने बैठक में भाग लिया।

### बरही थाना में शांति समिति की बैठक

**बरही (नबिटासं)।** आगामी ईद व रामनवमी को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो और सीओ चंद्रशेखर कुणाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ श्री कुणाल ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए और प्रशासनिक निदेशों का सख्ती से पालन किया जाए। बीडीओ श्री महतो ने कहा कि बरही क्षेत्र की पहचान आपसी भाईचारे और सौहार्द से रही है। उन्होंने आयोजन समितियों से अनुशासन बनाए रखने की अपील किया । उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। एसडीपीओ श्री बिमल ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। जुलूस के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सभी समितियों को निर्धारित मार्ग और सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। इस मौके पर प्रशासन की ओर से रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी को एसडीपीओ द्वारा भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अधिकभगवान केसरी ने कहा कि रामनवमी का जुलूस पूरी अनुशासन और शांति के साथ निकाला जाएगा तथा प्रशासन के निदेर्शों का पालन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने भी त्योहारों को आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। मौके पर मोतीलाल चौधरी, रीतेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, मुखिया मंगलदेव यादव, सिकन्दर राणा, परमेश्वर यादव, जमुना यादव, राजकुमार दास, संतोष निषाद सहित विभिन्न अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष-सचिव व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बरही रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष बने भगवान केसरी, जताया आभार

**बरही (नबिटासं)।** रामनवमी पूजा महासमिति बरही के अध्यक्ष पद पर दूसरी बार भगवान केसरी का चयन किया गया है। नव निर्वाचित भगवान केसरी ने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण और पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से इस बार का रामनवमी पर्व यादगार बनेगा। उन्होंने बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और अपने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह जिम्मेदारी मिली है और वे इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर और विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता के सहित सभी 11 अखाड़ा समितियों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों तथा रामनवमी महासमिति के संरक्षकगण और सदस्यों का आभार प्रकट किया। श्री केसरी ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर बरही में परंपरा के अनुसार धार्मिक कार्यक्रमों और भव्य जुलूस का आयोजन किया जाएगा। अंत में उन्होंने ह्लजय श्री रामह्व के उद्घोष के साथ सभी से सहयोग और सहभागिता की अपील की। बैठक में सुरेंद्र रजक, भुनेश्वर साहू, सुनील साहू, मेवालाल केसरी, पंकज वर्णवाल आदि सहित कई लोग मौजूद थे ।


### बाल श्रम से मुक्त कराए गए तीन बच्चे

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड के गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में बाल एवं किशोर श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। धावा दल ने हैदराबादी बिरयानी सेंटर और एक बिहारी होटल में छापेमारी कर तीन बाल मजदूरों को मुक्त कराया प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवरी, सन्नी कुमार के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पाया गया कि दोनों होटलों में नाबालिग बच्चों से कार्य कराया जा रहा था, जो कि बाल श्रम की श्रेणी में आता है। तत्पश्चात तीनों बच्चों को तत्काल मुक्त कराया गया रेस्क्यू के बाद बच्चों को आवश्यक देखभाल प्रदान करते हुए आगे की कानूनी प्रक्रिया हेतु बाल कल्याण समिति, गिरिडीह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल श्रम एक गंभीर दंडनीय अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी इस अभियान में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन नेटवर्क के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम, गिरिडीह की टीम ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

# पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी 800 मेगावाट इकाई का सिंक्रोनाइजेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (चरण-क) की दूसरी 800 मेगावाट इकाई का मंगलवार, 17 मार्च 2026 को प्रातः 10:31 बजे सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन किया गया। यह परियोजना की प्रगति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए.के. सहगल के साथ मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) अनुपम मुखर्जी, महाप्रबंधक मनीष खेतरपाल, महाप्रबंधक (परियोजना) बिश्नु दत्ता दाश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) ओ.पी. सोलंकी, महाप्रबंधक (कमीशनिंग) जोगेश चंद्र




पात्रा तथा लुडलुफ जियाउर रहमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और इस उपलब्धि के साक्षी बने। इस दौरान सीईओ ए.के. सहगल ने पीवीयूएनएल एवं (बीएचईएल) की टीमों द्वारा चुनौतियों का सामना करते हुए इस उपलब्धि को हासिल करने में किए गए अथक प्रयासों और समर्पण की सराहना की।

यूनिट-2 का सफल सिंक्रोनाइजेशन पीवीयूएनएल, बीएचईएल और सभी संबद्ध हितधारकों के बीच उत्कृष्ट टीमवर्क, सूक्ष्म योजना और बेहतर समन्वय का परिणाम है। यह उपलब्धि ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक है और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जर्जर सड़कों के निर्माण को लेकर विधायक मंजु कुमारी ने सदन में उठायी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिला अंतर्गत देवरी प्रखंड की जर्जर एवं उपेक्षित सड़कों की समस्या अब विधानसभा तक पहुंच गई है। विधायक मंजु कुमारी ने प्रश्नकाल एवं शून्यकाल के माध्यम से इस गंभीर मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।विधायक ने सदन में कहा कि बेंगाबादझचतरो मुख्य मार्ग से कोसोगोंदोदिघी, बेलाटांड़ होते हुए बिहार सीमा तक तथा चतरो साखो मुख्य मार्ग के पुरनिगडिया मोड़ से मनकडीहा होते हुए पतरवा तक जाने वाली सड़कें अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं।

इन सड़कों की लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण आम लोगों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने



शून्यकाल के दौरान अमझर से देवरी सीमा पपीलो तक, चिकनाडीह पंचायत के गोला आहर गांव से खटोरी पंचायत सीमा तक तथा जेवड़ा गांव से जमामों मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण नहीं होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि सड़क के अभाव में ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों को खाट पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।

# रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर केरेडारी थाना में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग) ।** आगामी रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व को लेकर मंगलवार को केरेडारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने की, जबकि संचालन सुरेश साव ने किया। बैठक में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, शांति समिति के सदस्य तथा प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर शांति और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उस पर नियंत्रण पाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करने वालों पर कड़ी



कार्रवाई की जाएगी। पूजा समितियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर पर वॉलिंटियर्स तैनात करें, जो पुलिस के साथ समन्वय बनाकर जुलूस के दौरान भीड़ नियंत्रण में सहयोग करेंगे।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में रामनवमी, सरहुल और ईद के त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने कहा कि सभी मेला स्थलों पर आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामभक्त जुलूस के साथ पहुँचें और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व का आनंद लें। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर बड़कागांव ललित कुमार ने बताया कि प्रखंड में रामनवमी के कुल 23 लाइसेंसधारी जुलूस हैं। प्रखंड के केरेडारी बंग्लाटांड, जमीरा के अटरिया टांड, पतरा खुर्द के हथियाटांड़, बसरिया मेला टांड, चट्टीबारियातू मेला टांड, गर्रीकला राणा बागी, पेटो मेला टांड, बुंडू मेला टांड, पचड़ा, देवरिया और मनातू मेला टांड समेत कई स्थानों पर रामनवमी का मेला आयोजित होगा। प्रशासन ने पंचायत प्रतिनिधियों से मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए टैंकर से पेयजल की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। बैठक में शराब पर रोक लगाने की मांग भी उठी। इस पर केरेडारी थाना के जेएसआई अनूप कुमार ने बताया कि पुलिस की पूरी टीम मार्च महीने की शुरूआत से ही अवैध शराब के अड्डों को नष्ट करने के अभियान में लगी हुई है, जो रामनवमी तक जारी रहेगा। सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में उपस्थित डीजे मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नियमों का उल्लंघन होने पर डीजे जब्त कर लिया जाएगा। बैठक में उपप्रमुख अमेरिका महतो, मुखिया अशोक कुमार राम, तुलसी तुरी, मीनू महतो, रामेश्वर साव, बालेश्वर कुमार, पंसस देवनारायण महतो, प्रीतम साव, मुकेश वर्मा, गणेश कुमार, बद्रीनारायण सिंह, सरकार सिंह, चोलेश्वर साह, बीरेन्द्र मिंज, मो. रिजवान, मो. रुस्तम, मो. शहबान समेत दर्जनों शांति समिति के सदस्य और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# रामनवमी को लेकर शांति व सौहार्द पर सहमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से बगोदर सरिया अनुमंडल कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिरनी प्रखंड के दलांगी एवं लेबरा गांव के दोनों समुदायों के प्रमुख प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी समन्वय एवं संवाद के माध्यम से रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने पर सहमति बनाना था।

जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने दोनों समुदायों के लोगों से खुले मन से अपनी अपनी बात रखने का आग्रह




किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व में उत्पन्न समस्याओं और आशंकाओं को साझा किया, जिस पर प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए समाधान का भरोसा दिया आपसी संवाद और समझदारी के माहौल में दोनों समुदायों ने इस बात पर सहमति जताई कि रामनवमी का जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व त्योहार सामाजिक एकता और भाईचारे के प्रतीक होते हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या तनाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उपायुक्त ने जुलूस के दौरान निर्धारित मार्ग, समय एवं प्रशासनिक दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके बैठक में अफवाहों से बचने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और न ही उसे आगे बढ़ाएं।

# सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति में हिन्दू परिषद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकताओं की उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम में परिषद के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया, पटना क्षेत्र के संगठन मंत्री सुरेंद्र राजपूत, प्रांत महामंत्री दिलीप वैद्य, प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय एवं एडवोकेट फोरम के प्रांत उपाध्यक्ष नित्यानंद प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रितेश पांडेय, जिला महामंत्री पंकज पांडेय, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष गौरव कुमार अंशु सहित कई पदाधिकारियों ने भी भाग लिया।

वहीं जिला उपाध्यक्ष सुजीत




सिंह, कमल गिरी, सोनू सिंह, लालू यादव, उज्ज्वल सिंह, मिथुन चंद्रवंशी, जिला मंत्री शुभम झा एवं कुंदन केशरी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में मजदूर परिषद के जिला अध्यक्ष अजय देव, जिला मंत्री राजेंद्र रवानी, हिन्दू हेल्पलाइन के राम बाबू गुप्ता, जिला महामंत्री बसंत सिंह, ॐ श्री परिवार के जिला अध्यक्ष रौनक मिश्रा, मीडिया प्रभारी राहुल गुप्ता, पंकज कंधवे एवं सुरेश रजक ने भी सहभागिता की महिला परिषद की ओर से पूनम सिन्हा, शिवानी जी, रीता सिंह, शिवानी शर्मा, रश्मि गुप्ता, स्वीटी, पायल, छोटी, सिया, मुस्कान मिश्रा एवं काजल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता एवं जनजागरण पर जोर दिया।

# पाण्डु पंचायत के पुनर्वास स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रशासन सक्रिय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पाण्डु पंचायत के ग्राम पाण्डु में पुनर्वास स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की बहाली को लेकर मंगलवार को हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विस्थापित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासन ने जल्द समाधान का भरोसा दिया। बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व पाण्डु पंचायत की मुखिया साकिबा खातून, समाजसेवी सफर राजा एवं अनवर अली द्वारा उपायुक्त हजारीबाग को एक ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें पुनर्वास स्थलों पर बिजली, ट्रांसफार्मर, बिजली के केबल, बिजली के पोल, सड़क, पुल, पुलिया, पेयजल, विद्यालय एवं



स्वास्थ्य केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने की मांग की गई थी।

उक्त ज्ञापन को उपायुक्त ने गंभीरता से संज्ञान में लिया, जिसके बाद उनके निर्देश पर यह बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुखिया साकिबा खातून ने अनुमंडल पदाधिकारी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, वहीं समाजसेवी सफर राजा ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद पुनर्वास स्थलों में रह रहे विस्थापित परिवारों ने एसडीएम के समक्ष अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क, बिजली, पानी, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र और प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से वे लंबे समय से जूझ रहे हैं। विस्थापितों की समस्याएं सुनते ही अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पुनर्वास स्थलों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर डोर-टू-डोर सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट अविलंब उपलब्ध कराएं, ताकि हर परिवार की वास्तविक समस्या का आंकलन कर समाधान की दिशा में कार्रवाई की जा सके। बैठक समाप्ति के बाद अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने गांव के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पुनर्वास स्थलों का डोर-टू-डोर सर्वे भी किया। सर्वे के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी केरेडारी ने कहा कि एक और विस्तृत सर्वे किया जाएगा और जिस-जिस विभाग से संबंधित समस्या होगी, उस विभाग को अलग-अलग स्तर पर भेजकर अंतिम सर्वे पूरा कराया जाएगा। इसके बाद पुनर्वास स्थलों में मूलभूत सुविधाओं की बहाली की प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाएगी।

# वनांचल चौक में कारसेवक सम्मान समारोह डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने दिया एकजुटता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नेता डॉ. प्रवीण तोगड़िया के सम्मान में मंगलवार को वनांचल चौक पर बौद्धिक सह-कारसेवक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. तोगड़िया ने हिन्दू समाज से संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को अपने-अपने क्षेत्रों के मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन कर सामाजिक एकता को मजबूत किया जाए।

साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग भी उठाई। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद द्वारा हनुमान चालीसा केंद्रों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने एवं रोजगार से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान हिन्दू हेल्पलाइन नंबर 02066803300 जारी करते हुए कहा गया कि जरूरतमंद लोग इस नंबर के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम से पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में रांगामाटी रेलवे फाटक से जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए वनांचल चौक पहुंचा। इस अवसर पर अनुज कौशिक, नीतीश सोनी, कुणाल कुमार, बजरंग साव, सुरेश पंडित, सूरज पंडित, शुभम पाण्डेय, सोनू सेठ, प्रदीप कुमार, डॉ. राजू, श्यामसुन्दर राम, कृष्णकांत शर्मा, निर्मल जायसवाल, गंगाधर महतो, पप्पू सिन्हा, रवीन्द्र महतो, द्वारिका प्रसाद, सत्य नारायण प्रसाद, अजय बरनवाल, अशोक बरनवाल, डॉ. लक्खी गुप्ता, प्रवीण बरनवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बाबा नगरी में धूमधाम से मनाई गई नगर गंवाली पूजा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम में सदियों पुरानी परंपरा नगर गंवाली पूजा बड़ी धूमधाम और भक्ति भाव से मनाई गई। इस पूजा को लेकर मान्यता है कि साल में एक बार इस अनुष्ठान को करने से पूरे शहर और यहां रहने वाले निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो जाती है। पूजा में शहर के हजारों लोग शामिल हुए, साथ ही कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने भगवान भोलेनाथ और माता काली से शहर एवं शहरवासियों की सुरक्षा की कामना की।



**पौराणिक महत्व और इतिहास**

देवघर के वरिष्ठ पुजारी बाबा लंबोदर परिहस्त ने बताया कि यह पूजा बहुत ही प्राचीन और पौराणिक परंपरा है। इस पूजा के करने से व्यक्ति और समाज पर आने वाले सभी दोष एवं कष्ट समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूजा मंदिर के पुरोहितों और पंडा समाज द्वारा आयोजित की जाती है तथा सदियों से यह परंपरा चली आ रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, कई सौ वर्ष पहले बाबा नगरी में एक महामारी फैली थी, जिससे हजारों लोग बीमार पड़ गए और हर घर में मौत का साया छा गया। इसी महामारी से लोगों को बचाने के लिए पंडा और पुरोहित समाज के पूर्वजों ने बाबा मंदिर स्थित काली माता की तांत्रिक विधि से पूजा की और इसे नगर गंवाली पूजा का नाम दिया गया। इस पूजा में आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशा नंद गिरि भी शामिल हुए। वहीं, जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसडीएम रवि कुमार सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। शहर के हजारों लोगों ने काली मंदिर के बीच बनाए गए हवन में धूमना डालकर अपने और पूरे परिवार के सुरक्षित भविष्य की कामना की।

इस पूजा की एक खास मान्यता है कि पूजा के दौरान कोई भी शहरवासी तीन दिन पहले अपने शहर यानी देवघर से बाहर नहीं जाता है। मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि यह पूजा देर रात्रि तक चलती रही। लोग अपने और परिवार के सुरक्षित जीवन के लिए बाबा मंदिर के प्रांगण में बने हवन कुंड में धूमना डालते हैं और बेहतर भविष्य की कामना करते हैं। पूजा में पहुंचे देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि यह पूजा शहरवासियों के कल्याण और उनकी सुरक्षा के लिए आयोजित की जाती है। लोग आस्था के साथ पूजा में भाग लेते हैं और मंदिर में फैले भक्ति माहौल का आनंद लेते हैं।

## लापता युवक का शव नदी किनारे मिला, डूबने से मौत की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में एक युवक का शव नदी किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के रामचंद्र महतो के 40 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है, जो 9 मार्च से लापता था। शव नगरनौसा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार राजू कुमार गांव में आटा चक्की चलाने का काम करता था और मानसिक रूप से अस्वस्थ था। 9 मार्च को वह घर से निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं एफएसएल टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। घटनास्थल के निरीक्षण के बाद पुलिस की प्रारंभिक जांच में पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हिलसा डीएसपी शैलजा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# जेटेट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को घेरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सदन में मंगलवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का मामला उठा। ध्यानाकर्षण शुरु होने से ठीक पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेटेट अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की आलोचना करते हुए सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस भी हुई।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की मांग को लेकर अभ्यर्थी शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। फिर उन पर लाठीचार्ज क्यों किया गया। इसकी वजह से बबलू महतो और रवि रौशन समेत कई छात्रों को गंभीर चोटें लगी हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि साल 2016 में अंतिम बार जे-टेट की परीक्षा हुई थी। जब तक अभ्यर्थी पात्रता परीक्षा पास नहीं करेंगे, तब तक शिक्षक से जुड़ी परीक्षा नहीं दे पाएंगे। जब अभ्यर्थी परीक्षा की मांग करते हैं तो उन पर लाठी बरसाई जाती है। लिहाजा, सरकार को हर साल जे-टेट की परीक्षा लेनी चाहिए ताकि अभ्यर्थी शिक्षक चयन से जुड़ी परीक्षा के लिए पात्र हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री को इस मामले के गंभीरता से लेना चाहिए।

इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने जे-टेट को लेकर 31 मार्च तक का समय दिया है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई नाकामियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य में 25 परीक्षाएं हो जानी थी लेकिन आज 14वीं परीक्षा ही हो पाई है। प्रक्रियाओं को सीधा करने में वक्त लगता है। जे-टेट की परीक्षा नहीं होने के लिए 2014 से 2019 तक सरकार चलाने वाले भी जवाबदेह हैं। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक परीक्षा होनी है। लेकिन छात्र अधीर होकर सड़क पर उतर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि युवाओं का भविष्य बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। इसलिए, सी-टेट को झारखंड में नहीं आने दिया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 31 मार्च तक परीक्षा हो जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यही घोषणा पहले ही कर देते। तिथि की घोषणा अब तक क्यों नहीं हुई। अगर घोषणा हुई होती तो छात्रों को सड़क पर उतरने की नौबत ही नहीं आती। नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पूर्ववर्ती सरकार की कमियों की वजह से मामला लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पिछले छह वर्षों से सत्ता में है। लिहाजा, कब तक पूर्ववर्ती सरकार पर दोषारोपण किया जाता रहेगा। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि विपक्ष के लोगों ने छात्रों को उकसा और भड़काकर सरकार के खिलाफ सड़क पर उतारा था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हाईकोर्ट के निर्देश में सरकार निश्चित समय पर जे-टेट की परीक्षा कराएगी।

# झारखंड की पहली 8 लेन सड़क फिर धंसी, गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** झारखंड की पहली 8 लेन सड़क एक बार फिर धंसने की घटना से चर्चा में है। करीब 461 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क पर बार-बार गड्ढे बनने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सड़क के उद्घाटन के बाद से यह आठवीं घटना है, जब लगभग 30 किलोमीटर लंबी सड़क की सर्विस लेन के बीचों-बीच जमीन धंस गई।



धनबाद के झारखंड मोड़ के पास सर्विस लेन में बड़ा गड्ढा बन गया है। इसकी चौड़ाई करीब तीन फीट और गहराई लगभग आठ फीट बताई जा रही है। गड्ढे के नीचे पानी जमा होने की भी जानकारी सामने आई है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, कई बाइक सवार इस गड्ढे में गिरने से बाल-बाल बच गए। इस सड़क का निर्माण स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड की निगरानी में शिवालया और त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनियों द्वारा कराया गया था। धनबाद के गोल्ड बिल्डिंग से कतरास कंकोमठ तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस 8 लेन सड़क का उद्घाटन 5 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। लेकिन उद्घाटन के बाद से ही हर तीन-चार महीने पर अलग-अलग जगहों पर सड़क धंसने की घटनाएं सामने आती रही हैं। पिछले साल एक बड़े गड्ढे के कारण इस मार्ग पर कई दिनों तक आवागमन भी बंद करना पड़ा था।

वहीं मामले को लेकर डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि आज ही इस घटना की सूचना मिली है। संबंधित एजेंसी को स्थायी समाधान के लिए निर्देश दिए गए हैं। करीब 30 किलोमीटर लंबी सड़क है, ऐसे में इस तरह की समस्याएं सामने आती रहती हैं लेकिन इसे सुधारात्मक तरीके से ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में बदलाव की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अब विश्वविद्यालय के कुलपतियों का चयन खोज समिति करेगी। राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में लाए गए झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2026 के अनुसार कुलपतियों के चयन से पहले एक शिक्षाविद की अध्यक्षता में खोज समिति गठित होगी। इसमें सदस्य होंगे कुलाधिपति द्वारा नामित प्रतिष्ठित शिक्षाविद्-अध्यक्ष, राज्य सरकार द्वारा नामित, संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित उच्च राष्ट्रीय प्रतिष्ठा प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय का निदेशक या प्रमुख- सदस्य, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का प्रतिनिधि सदस्य और अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार- सदस्य शामिल होंगे। इसके अलावा संबंधित विश्वविद्यालय का कुलसचिव खोज समिति का सचिव होंगे लेकिन उसे मतदान का अधिकार नहीं होगा। समिति में नामित किए गए सदस्य वैसे व्यक्ति होंगे जो कभी भी संबंधित विश्वविद्यालय अथवा उस विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय अथवा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित नहीं होंगे। मताधिकार प्राप्त न्यूनतम तीन सदस्यों की उपस्थिति के बिना समिति की बैठक आयोजित नहीं हो सकेगी। समिति, कुलपति के रूप में चयन हेतु विचार के लिए तीन से पाँच सर्वाधिक योग्य व्यक्तियों के नाम के पैनल की अनुशंसा बंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगी। अनुशंसित व्यक्तियों के नाम वर्णमाला क्रम से होंगे तथा उनमें किसी प्रकार की वरीयता नहीं दर्शायी जाएगी। इस पैनल में अनुशंसित प्रत्येक व्यक्ति की उपयुक्तता पर एक विस्तृत विवरण भी संलग्न किया जाएगा। इस पद के लिए उपयुक्त नामों का पैनल तैयार करते समय यदि समिति के सदस्यों के बीच मतों की समानता होती है तो समिति के अध्यक्ष को निर्णायक मत का अधिकार होगा। विधेयक के अनुसार कुलपति के रूप में नियुक्ति के लिए पात्रता की शर्तों और नामों की अनुशंसा प्रक्रिया को व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा, ताकि योग्यतम उम्मीदवार की अनुशंसा सुनिश्चित की जा सके।


## दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

**निविदा सूचना सं.ः एसएनटी_ई_निविदा _एडीए _25_26_24,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** आद्रा मंडल में 8 स्टेशनों (बोकारो स्टील सिटी ए केबिन, बोकारो स्टील सिटी एन केबिन, डामरुघुटू, जेएसडब्ल्यू, रुकनी, सोनामुखी, बौवाइचण्डी और बरबेंदा) पर यार्ड सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ। **निविदा मूल्यः** रु.2,07,79,544.30, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : 03.04.2026 को 11.00 बजे । विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-1317)**


## एक नजर

### श्रीसंकट मोचन मन्दिर की नई कमिटी गठित

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय के थाना गेट स्थित नवनिर्मित श्रीसंकट मोचन मन्दिर के सफल संचालन हेतु सोमवार की देर शाम मन्दिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से मन्दिर की नई प्रबंधकारिणी कमिटी का गठन किया गया। गठित नई कमिटी में सर्वसम्मति से अजय कुमार उर्फ छोटू मालाकार को अध्यक्ष,उमेश साव को सचिव,कपिलदेव प्रसाद उर्फ कपिल डीलर को उपाध्यक्ष,मनोज कुमार शिक्षक को कोषाध्यक्ष,शम्भू शुभम उर्फ शम्भू यादव को संयोजक,अयोध्या कुमार यादव को उपसचिव मनोनीत किया गया। बैठक में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक भजन कार्यक्रम करने,क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखने के लिए विशाल चैता कार्यक्रम का आयोजन करने सहित कई विन्दुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर बैठक में अजीत वर्मा, कुन्दन पांडेय, अभिमन्यु प्रसाद,सुधीर कुमार, बाल्मीकि यादव, जवाहर यादव, आयुष कुमार, निकुंज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे। लोगों ने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद अब एक व्यवस्थित टीम का होना मंदिर के प्रबंधन और धार्मिक गतिविधियों को और बेहतर बनाएगा।

### कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नारदीगंज,नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में हंड़िया सूर्य मंदिर परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं का निबंधन के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। अध्यक्षता नारदीगंज के पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरज पासवान,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार उर्फ बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रुप में नवादा विधानसभा प्रभारी बिनोद कुमार भोली, अभिजीत कुमार, तेजस सिन्हा रहे। मौके पर पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह,राजीव कुमार, सीताराम सिंह, भूषण सिंह,पोखन सिंह, अभय कुमार, गोपाल कुमार, रामप्रसाद चौहान, दिलीप पासवान, भूषण सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### मारपीट में युवक जख्मी

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के परमा निवासी मुन्ना सिंह का पुत्र रजनीश कुमार के साथ मारपीट की घटना हुई। घटना मंगलवार को बेलदारी घाट के समीप दोपहर में हुई। जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। जख्मी रजनीश कुमार ने बताया वह टोटो चालक है। उसके टोटो पर गांव के लोग बैठे हुए थे, जब उनसे किराया मांगी तो लोहे के रॉड़ समेत अन्य चीजों से मारपीट कर जख्मी कर दिया।

फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है ताकि पीड़िता को पूर्ण न्याय मिल सके।

### पत्नी पर जानलेवा हमला, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना की एक दिल दहला देने वाली घटना ने रजौली थाना क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। महसई मोहल्ले में शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी ही पत्नी पर इस कदर कहर बरपाया कि मामला जानलेवा हमले तक जा पहुंचा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पीड़िता अर्पणा कुमारी ने थाने में दिए अपने आवेदन में पति प्रदीप कुमार शर्मा और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही दहेज में गाड़ी की मांग को लेकर उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती थीं।

घटना बीते सोमवार की दोपहर की है, जब नशे में चूर आरोपी पति ने मामूली विवाद को लेकर हिंसक रूप अख्तियार कर लिया। उसने लाठी से पत्नी के सिर पर वार करने की कोशिश की। किसी तरह बचाव करने के दौरान अर्पणा के बाएं गाल पर गंभीर चोटें आईं। इस भयावह मंजर के गवाह बने उनके मासूम बच्चे, जिन्होंने अपनी मां पर होते अत्याचार को बेबस होकर देखा। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने बिना देरी किए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और एएसआई जयप्रकाश चौधरी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# नगर परिषद और निगम को मिला नया प्रतिनिधि



नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रणाम करतीं रामगढ़ विधायक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लोहरदगा/रामगढ़/बोकारो।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव के बाद अब नगर परिषद और निगम को धीरे-धीरे नया प्रतिनिधि मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के निगम और परिषद में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष, निगम के मेयर और वार्ड पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।

लोहरदगा नगर परिषद उपाध्यक्ष पद को लेकर हुए चुनाव में जो संभावना थी और जिस बात को लेकर चर्चा हो रही थी, अंतत वही हुआ। नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद का चुनाव निर्विरोध रूप से वार्ड संख्या 12 के पार्षद अब्दुल कादिर अली ने जीत लिया। विपक्षी खेमा इस चुनावी मैदान में पूरी तरह से फेल नजर आया।

**राजनीतिक दलों पर भारी रही व्यक्तिगत नीति**

लोहरदगा नगर परिषद चुनाव की पूरी प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हो गई। नगर परिषद के 23 वार्ड के पार्षदों को शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही नगर परिषद के उपाध्यक्ष का चुनाव भी संपन्न हो गया। मजेदार बात यह रही की राजनीतिक दलों की राजनीति से कहीं अधिक भारी व्यक्तिगत नीति रही। राजनीतिक दलों ने खूब जोर लगाया लेकिन अंतत जीत एक व्यक्तिगत नीति की रही। नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं का भी खुलासा किया है।

# हुड़दंगियों को बख्शा नही जाएगा : सीओ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना परिसर में आज दिन मंगलवार को रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक के अध्यक्षता सीओ अशोक कुमार भारती ने किया। बैठक में त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्माण लिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने कहा कि त्योहार में हुड़दंग करने वाले को बख्शा नही जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, मुखिया संतोष कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, महेंद्र यादव, लीलावती देवी, अज्जू सिंह आदि लोग मौजूद थे।


## पूर्व रेलवे

**बिड संख्याः जीईएम/2026/बी/7360559, दिनांकः** 16.03.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/बीजीबी, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती हैं। **वस्तु श्रेणी** : सेवाओं के लिए कस्टम बिड-कार्य परिधि के अनुसार लिलुआ रेलवे कॉलोनी की यंत्रचालित सफाई। **समान श्रेणी** : ● सुविधा प्रबंधन सेवा-परिणाम आधारित ● सफाई, स्वच्छता एवं रोगाणुरोधन सेवा-परिणाम आधारित। **कार्यालय का नाम :** कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** 06.04.2026, 15.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समयः** 06.04.2026, 15.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 (दिन)। **अनुबंध अवधिः** 3 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 181 लाख। **उन्हीं/समान सेवा के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष** : 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव हैः** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई हैः** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज** : अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार** : दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समयः** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य** : रु. 3,60,55,108,45, **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशिः** रु.3,30,280/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह)** : 38

MISC-420/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सीओ व राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग के कार्य ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कौआकोल अंचल के अधिकारी और कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल का सीधा असर अब आम जनता पर पड़ने लगा है,जिससे प्रखंड का राजस्व विभाग पूरी तरह चरमरा गया है। कौआकोल के अंचलाधिकारी मनीष कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से सामूहिक अवकाश और हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण भूमि सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य जैसे परिमार्जन, दाखिल-खारिज और एलपीसी के सैकड़ों मामले लंबित हो गए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो पारिवारिक सूची प्रमाण पत्र और अन्य राजस्व दस्तावेजों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। तथा काम न होने की वजह से लोग खाली हाथ घर लौटने को विवश हैं। संघ के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं,तब तक कोई भी कर्मी काम पर वापस नहीं लौटेगा। यह विरोध प्रदर्शन चरणबद्ध तरीके से जारी है और आने वाले दिनों में इसके और तेज होने की संभावना है।

# खलिहान में लगी आग, फायर बिग्रेड की तत्परता से टला बड़ा नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड अंतर्गत बड़गांव गांव में मंगलवार की सुबह खलिहान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आगलगी की इस घटना में धान के नेवारी के पुंज जलकर नष्ट हो गए, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि समय रहते दमकल टीम की सक्रियता से आसपास के खेत-खलिहानों को बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, बड़गांव निवासी विकास कुमार के घर के समीप स्थित खलिहान में सुबह करीब 9:30 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने नेवारी के पुंज को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने रजौली फायर स्टेशन को जानकारी दी। फायर ऑफिसर रविंद्र राम के निर्देश पर प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में अग्निशमन टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम में चालक अरविंद कुमार सहित अग्निक आनंद कुमार दुबे, राकेश कुमार और उत्तम कुमार शामिल थे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे आसपास रखी फसलें और नेवारी जलने से बच गईं। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन आग लगने से धान के नेवारी के पुंज को नुकसान पहुंचा है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। वहीं, आग बुझाकर लौटने के दौरान अग्निशमन वाहन में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे वाहन बीच रास्ते में ही ब्रेकडाउन हो गया।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/748, दिनांकः 16.03.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैंः **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3571, कार्य का नाम** : "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में लिलुआ, बेलुड़ (एबीओ), कोन्नगर (एबीओ एवं एमबीओ), हिंदमोटर, (एबीओ एवं एमबीओ), उत्तरपाड़ा (एबीओ एवं एमबीओ), बैद्यबाटी, मानकुंडु, हरिपाल, आरामबाग, मायापुर, देबीपुर, पाण्डुया, बैंचीग्राम और रसूलपुर स्टेशनों पर बुकिंग कार्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन के साथ-साथ पुनर्निर्माण / सुधार / नवीनीकरण" से संबंधित विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,03,98,253/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 2,02,000/- **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3591, कार्य का नाम** : "एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नं. 11ए/1 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **क्रम सं.3, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3599, कार्य का नाम** : एलएचबी एसी कोचों में के-44 कॉन्टैक्टरों की आपूर्ति एवं फिटमेंट। **निविदा मूल्य :** रु. 29,56,003/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 59,100/-, **क्रम सं.4, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3584, कार्य का नाम** : "एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट नं. 26/1/1 (ई) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य।। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/-, **क्रम सं.5, निविदा संख्या : ईएल-एचडब्ल्यूएच -25-21-3519-आर, कार्य का नाम** : "हावड़ा-बामनगाछी यार्ड में सीसीटीवी की स्थापना हेतु प्रस्ताव" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,90,078/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 3,800/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 03.04.2026 को 17.00 बजे (क्रम सं. 1 से 4 हेतु) एवं दिनांक 06.04.2026 को 17.00 बजे (क्रम सं. 5 हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-697/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सदन में जोर शोर से उठा पेयजल की किल्लत का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के कई विधायकों ने पेयजल की किल्लत का मामला उठाया। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल में खराब चापाकलों की मरम्मत से जुड़ा प्रश्न पूछा। इस मसले को उठाकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सरकार को घेरा। वहीं मंत्री ने भरोसा दिलाया कि इस समस्या को लेकर सरकार गंभीर है।

**प्यास से लोग मरने लगेंगे : हेमलाल मुर्मू**

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू के सवाल पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,44,906 चापाकलों की साधारण मरम्मत की स्वीकृति दी गई है। इसमें से पाकुड़ में 4,417 चापाकल शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 11 मार्च 2026 तक पाकुड़ में 2,679 चापाकलों की साधारण मरम्मत का कार्य पूरा किया जा चुका है। चापाकलों की मरम्मत से जुड़ी शिकायत के लिए कंट्रोल रुम भी बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि कई जगहों पर वाटर लेयर नीचे जाने की वजह से पानी नहीं निकल रहा है। इस परेशानी से निपटने के लिए उपाए तलाशे जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पेयजल आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि इस बार प्यास से लोग मरने लगेंगे। पानी की हर हाल में व्यवस्था होनी चाहिए। इसी दौरान मंत्री ने कहा कि पंचायतों को खराब चापाकल की मरम्मत का जिम्मा दिया गया था लेकिन केंद्र से फंड नहीं मिलने पर कार्य प्रभावित हुआ। इस पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि क्या झारखंड सरकार इतनी दिवालिया हो गई है कि लोगों को पानी तक नहीं पहुंचा पा रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध चल रहा है। इसकी वजह से पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत की चर्चा हो रही है। लेकिन यहां तो पानी की बात हो रही है। मंत्री को कहना चाहिए कि हर हाल में पानी पहुंचाएंगे। जरुरत पड़ने पर गंगा का पानी पहुंचाएंगे।

# मठ से अष्टधातु की मूर्तियां चोरी

## मूर्तियों की कीमत आंकी जा रही आठ करोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मसौढ़ी अनुमंडल स्थित प्राचीन छाता मठ से भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की अष्टधातु मूर्तियों की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी गई इन मूर्तियों की अनुमानित कीमत करीब 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार की देर रात की है, जब अज्ञात चोरों ने मठ परिसर में घुसकर मंदिर के गर्भगृह को निशाना बनाया। चोरों ने पहले मंदिर के ताले तोड़े और फिर भगवान राम, लक्ष्मण और माता जानकी की मूर्तियों को अपने साथ ले गए। सुबह जब महिला पुजारी चिंता देवी पूजा के लिए मंदिर पहुंची, तब यह घटना उजागर हुई और उन्होंने तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचित किया।



मठ के पुजारी और प्रबंधन समिति के सदस्य बताते हैं कि ये मूर्तियां काफी प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थीं। इनकी ऐतिहासिक और आस्था से जुड़ी कीमत का आकलन करना भी मुश्किल है। इसके साथ ही मूर्तियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा

## पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम कर रही जांच

रही है कि चोरी में किसी पेशेवर गिरोह का हाथ हो सकता है, जो पहले से ही मंदिर की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी रखता था। पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम को भी बुला लिया है और तकनीकी सबूतों की मदद से चोरी करने वालों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

छाता गांव के मुखिया रवि प्रकाश ने बताया कि कल्लू भगवान ठाकुरवाड़ी की स्थापना ब्रिटिश काल, वर्ष 1935 में की गई थी। तभी ठाकुरबाड़ी में अष्टधातु की मूर्ति की स्थापना की गई थी। प्रत्येक वर्ष वहां हिंदू धार्मिक पूजा और अनुष्ठानों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

मंदिर कमेटी के सचिव मुन देव सिंह ने मसौढ़ी थाने में चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने की पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मसौढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल एविडेंस और स्थानीय लोगों से पूछताछ के साथ ही डॉग स्क्वाड का उपयोग भी किया जा रहा है ताकि चोरी की वारदात में शामिल लोगों को पकड़ा जा सके।

# बंध्याकरण ऑपरेशन के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में बंध्याकरण (नसबंदी) ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो जाने से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

मिली जानकारी के अनुसार, पचरत्न पंचायत के बाड़ीकेवाल गांव निवासी सुनील मांझी की 24 वर्षीय पत्नी गौरी देवी का परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पीएचसी डोभी में बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही गौरी देवी को अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। सूचना मिलते ही वहां मौजूद एनएम ने डॉक्टर को अवगत कराया, जिसके बाद डॉक्टर द्वारा तत्काल उपचार शुरू किया गया।



स्थिति गंभीर होते देख महिला को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजन शव को वापस सीएचसी डोभी लेकर आए और अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। सूचना मिलते ही डोभी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया भेज दिया।

परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही के कारण ही महिला की मौत हुई है। वहीं, ऑपरेशन सर्जन डॉ. अमित कुमार के बारे में बताया जाता है कि वे पिछले वर्ष सितंबर-अक्टूबर में यहां पदस्थापित हुए हैं और अब तक लगभग 530 मरीजों का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन कर चुके हैं। इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है। बताया जाता है कि सोमवार को ही करीब 20 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था, जिनमें अन्य सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

इधर, अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि परिजन निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 15,783 राशन कार्डधारियों को मिला नोटिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** सरकार द्वारा गरीबों को फ्री राशन उपलब्ध कराने की योजना के तहत कई संपन्न परिवार भी राशन कार्ड बनवाकर लाभ ले रहे हैं।

इसे रोकने के लिए सरकार ने स्पष्ट किया है कि ढाई एकड़ से अधिक जमीन वाले, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक, इनकम टैक्स जमा करने वाले, वार्षिक आय 1,20,000 रुपये से अधिक वाले और चार पहिया वाहन वाले परिवारों का राशन कार्ड रद किया जाएगा। इस कार्रवाई के तहत अनुमंडल पदाधिकारी ने जिले के 15,783 राशन कार्डधारियों को नोटिस भेजकर 11 फरवरी 2026 तक अपना पक्ष देने को कहा था।

कुछ लोगों ने अपना जवाब दे दिया है, जबकि नोटिस मिलने के बाद चानन प्रखंड के 150 राशन कार्डधारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर राशन कार्ड रद नहीं करने का अनुरोध किया है।

इधर जांच के बाद अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अबतक 5,560 राशन कार्डधारियों का राशन कार्ड रद किया जा चुका है, जबकि 10,073 लोगों का राशन कार्ड रद करने की कार्रवाई चल रही है। राशन कार्ड रद नहीं करने के लिए अनुरोध करने वाले चानन प्रखंड के 150 लोगों का भौतिक सत्यापन कराने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि एसडीओ द्वारा ढाई एकड़ से अधिक जमीन वाले, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक, इनकम टैक्स जमा करने वाले, वार्षिक आय 1,20,000 रुपये से अधिक वाले और चार पहिया वाहन वाले 15,783 राशन कार्डधारियों को नोटिस भेजा था। जिसमें बड़हिया प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र के 2,531, चानन प्रखंड के 2,089, हलसी प्रखंड के 2,300, लखीसराय प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र के 2,497, पिपरिया प्रखंड के 1,098, रामगढ़ चौक प्रखंड के 1,407 और सूर्यगढ़ा प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र के 3,861 लोग शामिल हैं।

# मुठभेड़ में एसटीएफ का जवान शहीद

- पुलिस की गोली से दो अपराधी भी ढेर
- अपराधियों ने फोन कर दी थी चुनौती
- घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात
- घटनास्थल पर पहुंचे वरीय पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र के रामडीहा गांव में मंगलवार की सुबह लगभग 2:30 बजे एसटीएफ और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो कुख्यात अपराधी मारे गए, जबकि एसटीएफ का एक जवान बलिदान हो गया।

मारे गए अपराधियों की पहचान कुंदन ठाकुर और प्रियंशु दुबे के रूप में हुई है। दोनों अपराधी चकिया थाना क्षेत्र के ही रहने वाले हैं और उन पर पहले आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। जानकारी मिली है कि मुठभेड़ से पहले कुंदन ठाकुर ने चकिया थाना के अपर थानाध्यक्ष को नेपाल के नंबर से फोन कर धमकी दी थी। फोन पर उसने कहा, सर, न्यूज में देख रहे हैं कि पुलिस और अपराधियों की मुठभेड़ में एक बदमाश घायल है। पता है अगला न्यूज क्या होगा? अपराधी और पुलिस की मुठभेड़ में दस से पंद्रह पुलिसकर्मियों की मौत और अपराधी फरार। गुंडागर्दी क्या होती है, आपको और पूरे शहर को दिखा देंगे।

धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कॉल ट्रेसिंग शुरू की और जल्दी ही अपराधियों का लोकेशन पता लग गया। इसके बाद पुलिस और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और अपराधियों को चारों ओर से घेर लिया। घिरते देख कुंदन ठाकुर



और प्रियंशु दुबे ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से कुछ देर तक गोलाबारी जारी रही। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दोनों अपराधी ढेर हो गए।

इस मुठभेड़ में एसटीएफ का एक जवान श्री राम यादव बलिदान हो गया। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मुठभेड़ की सूचना मिलने के बाद वरीय पदाधिकारी तक मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर रखा है और छुपे हुए अपराधियों की तलाश जारी है। पुलिस ने घटना स्थल से एक कार्बाइन ,दो पिस्टल, दो कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और सत्रह खोखा बरामद किया है। साथ ही मौके वारदात से दो अपराधी उज्ज्वल कुमार और संत कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया गया है।ये दोनों पिता पुत्र बताए जा रहे है।मृतक अपराधी प्रियांशु दुबे मुजफ्फरपुर जिला के साहेबगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

# निगरानी की टीम ने शिक्षक को रंगे हाथ दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की टीम ने सोमवार को नालंदा जिले के चंडी प्रखंड संसाधन केंद्र में छापेमारी कर संसाधन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा को 17 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एक पीड़ित शिक्षक की शिकायत पर की गई, जिसका कोर्ट के आदेश के बावजूद वार्षिक वेतन भुगतान लंबित रखा गया था। इस मामले में निगरानी विभाग ने चंडी की बीईओ पुष्पा कुमारी को मुख्य अभियुक्त बनाया है, जिनके इशारे पर रिश्वत की राशि ली जा रही थी। जानकारी के अनुसार, एक शिक्षक वर्ष 2017 से 2019 तक मध्याह्न भोजन योजना में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित रहे थे। बाद में अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए रोका गया वार्षिक वेतन भुगतान करने का आदेश दिया था। जिला स्तर से भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन आरोप है कि बीईओ पुष्पा कुमारी द्वारा भुगतान के बदले अवैध राशि की मांग की जा रही थी और लगातार टालमटोल किया जा रहा था। इससे परेशान होकर पीड़ित शिक्षक ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारी अमरेंद्र कुमार विद्यार्थी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद विभाग की ओर से मामले का सत्यापन कराया गया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद कांड संख्या 19/26 दर्ज कर धावा दल का गठन किया गया। सोमवार को जैसे ही पीड़ित शिक्षक ने बीआरसी कार्यालय में मौजूद मनोज कुमार वर्मा को 17 हजार रुपये दिए, पहले से घात लगाए निगरानी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया।

पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि मनोज कुमार वर्मा बीईओ के निर्देश पर ही यह राशि ले रहे थे। निगरानी टीम ने पूछताछ के आधार पर बीईओ को भी मामले में नामजद अभियुक्त बना दिया है।

# बिजली चोरी पकड़ने गयी टीम के साथ लोगों ने की धक्का-मुक्की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** परवलपुर के दरियापुर गांव में बिजली चोरी की जांच करने गई विद्युत विभाग की टीम के साथ धक्का-मुक्की का मामला सामने आया है। इस घटना के संबंध में विभाग के अधिकारियों ने परवलपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार को बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर जांच दल का गठन किया गया। विद्युत विभाग की टीम का नेतृत्व सहायक विद्युत अभियंता महेश कुमार कर रहे थे। टीम दोपहर करीब 2:20 बजे गांव पहुंची और जांच की कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान दरियापुर निवासी नीरज कुमार के परिसर में बिजली चोरी का मामला सामने आया। आरोप है कि नीरज अवैध तरीके से बिजली का उपयोग कर आटा चक्की चला रहा था। विभागीय जांच में इस मामले में छह लाख 57 हजार 162 रुपये के राजस्व नुकसान का मामला दर्ज किया गया है।

जांच के दौरान, जब टीम परिसर में तस्वीरें और वीडियो बना रही थी, तब बाहर से दरवाजा बंद कर दिया गया और टीम के सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की की गई। एकंगरसराय विद्युत विभाग के अनुमंडल पदाधिकारी महेश कुमार ने इस घटना की जानकारी परवलपुर थाने को दी।

थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनडीए को दी जीत पर बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राज्यसभा चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन , रालोसपा के उपेन्द्र कुशवाहा, जदयू के रामनाथ ठाकुर एवं भाजपा के शिवेश राम की जीत पर प्रदेश जनता दल यू के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य विश्वनाथ सिंह , जनता दल यू० के वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला जदयू के वरीय उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने बधाई दी है। पार्टी के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य विश्वनाथ सिंह एवं वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए के सभी उम्मीदवारों को जीत जाने पर यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार की राजनीति का असली चेहरा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हीं हैं। इन्होंने कहा कि आज भी नीतीश कुमार का राजनीतिक ध्रुविकरण की जो प्रासंगिकता है वह आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में जो प्रचंड जीत मिली थी उस जीत की असली प्रणेता नीतीश कुमार ही हैं।

# गायक रामेश्वर गोप हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** जयंती पर जिले के लोकगायक रामेश्वर गोप को महेंद्र मिश्र के प्रपौत्र विनय मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित करते श्री विनय ने कहा कि गायक गोप महेंद्र मिश्र की रचनाओं को सोशल मीडिया सहित देश के नामचीन टीवी चैनलों और मंचों पर गाते रहे हैं।उन्होंने कहा कि देश ही नहीं अपितु मारीशस जैसे विदेशी धरती पर भी महेंद्र मिसिर जी की रचनाओं का गायन कर भोजपुरी का परचम लहराया है। श्री विनय ने कहा कि गायन के साथ गायक गोप अपनी लेखनी से भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में महेंद्र मिश्र पर लेख आलेख लिख प्रचार प्रसार करते रहे हैं।वहीं एसडीओ सदर के नाजिर वीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि आकाशवाणी व दूरदर्शन के ग्रेड ए श्रेणी के गायक और शिक्षक गोप भोजपुरी क्षेत्र में स्तरीय गायन कर जिले और राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं जिसे हम सब गौरवान्वित हैं।मौके पर महेंद्र मिश्र की हिंदी रचना 'कर लो किसी को अपना या हो रहो किसी का ' का गायन कर गायक गोप ने लोगों को भाव विभोर कर दिया जिसकी प्रशंसा की गयी।गायन में उद्घोषिका शिक्षिका शशि प्रभा जयसवाल और उद्घोषक संजय भारद्वाज ने सह गायन कर लोगों को झूमाने पर मजबूर कर दिया।सम्मानित होने पर गोप के विद्यालय आर एन हाईस्कूल योगियां के प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव सहित तमाम शिक्षकों ने बधाई दी है।

# नशे में धुत्त होकर लौटने पर पत्नी ने काटा प्राइवेट पार्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा गांव में सोमवार की रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां पत्नी ने गुस्से में आकर अपने नशेड़ी पति का प्राइवेट पार्ट काट दिया।इससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए पहले अगिआंव पीएचसी ले जाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जख्मी युवक की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के खरईचा गांव निवासी नरेश राम के 24 वर्षीय पुत्र शिव कुमार राम के रूप में हुई है।जख्मी शिव कुमार ने बताया कि वह अत्यधिक नशा करता है।

सोमवार की रात भी वह नशे की हालत में घर पहुंचा था, जिसके बाद पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान गुस्से में आकर उसकी पत्नी ने धारदार हथियार से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।हालांकि, पत्नी ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

उधर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामापुर गांव के बावली मोड़ के समीप सोमवार की देर रात एक युवक को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया और उसे झाड़ी में फेंक दिया गया। सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि ,स्वजन उसे पटना नहीं ले जाकर आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। जख्मी युवक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी रामेश्वर यादव के 30 वर्षीय पुत्र शंकर यादव के रूप में हुई है।

सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जख्मी युवक के चाचा मिथिलेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार की रात करीब दस बजे एक युवक उसे फोन कर बुलाकर अपने साथ ले गया।

## बड़ा बाबू रंगे हाथ धराया

**पटना।** बिहार के मोतिहारी में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हेड क्लर्क को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामला कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का है, जहां कार्यरत हेड क्लर्क रवि कुमार चतुर्वेदी को 10 हजार रुपये घूस लेते हुए पकड़ा गया। इस मामले में पीड़ित भरत ठाकुर ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर टीम ने जाल बिछाया और तय योजना के तहत कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर पीएचसी परिसर में ही आरोपी को 10 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

# ट्रैक्टर ने साइकिल सवार को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी शहर के छोटकी नवादा इलाके में मंगलवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक साइकिल सवार व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार उनके बचने की उम्मीद बेहद कम बताई जा रही है। घटना सुबह उस समय हुई जब जयप्रकाश नामक व्यक्ति रोज की तरह मंदिर में पूजा-अर्चना कर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बताया गया कि रामशिला-प्रेतशिला रोड स्थित दुर्गा मंदिर के समीप अचानक तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और रौंदते हुए निकल गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि जयप्रकाश सड़क पर गिर पड़े और उनके शरीर से काफी मात्रा में खून बहने लगा।

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में पड़े जयप्रकाश को उठाकर जल्दबाजी में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक घटना के तुरंत बाद वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, जयप्रकाश गया कॉटन एंड जूट मिल से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। रिटायरमेंट के बाद वे छोटकी नवादा में किराए के मकान में रहते थे और कुछ समय तक खिचड़ी की दुकान भी चलाते थे। बाद में पुत्र के नौकरी पर लग जाने के बाद उन्होंने दुकान बंद कर दी और धार्मिक जीवन में अधिक समय देने लगे। वे प्रतिदिन बागेश्वरी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा करने जाते थे।

घटनास्थल पर बिखरे फूल इस बात की गवाही दे रहे थे कि वे पूजा कर लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही छोटकी नवादा टीओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सड़क पर सुबह के समय तेज रफ्तार से ट्रैक्टरों का आवागमन आम बात हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## पुलिस ने संभाला मोर्चा, फैली सनसनी, चप्पे-चप्पे की ली तलाशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जहानाबाद व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी से मंगलवार को हड़कंप मच गया। जिला जज व एसपी को रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से मिली धमकी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते के साथ सघन तलाशी अभियान चलाया।

धमकी मिलने के बाद कोर्ट परिसर को खाली कराकर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई, पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र चौधरी दल-बल के साथ न्यायालय पहुंचे और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल सख्त कर दिया गया।

अधिकारियों के निर्देश पर न्यायालय के मुख्य द्वार से लेकर विभिन्न कक्षों तक सघन जांच अभियान चलाया गया। प्रवेश करने वाले लोगों की तलाशी ली जाने लगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी।प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि एक माह पहले जिला जज व एसपी कार्यालय को रजिस्टर पोस्ट के माध्यम से 17 मार्च को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद से पुलिस सक्रिय थी, एक माह से कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी, आज 17 मार्च है, इसलिए विशेष जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि कोई संदिग्ध वस्तु व लोग नहीं मिले। रजिस्टर पोस्ट में एक संदिग्ध मोबाइल नंबर मिला है, जो दूसरे राज्य का मोबाइल नंबर है। रजिस्टर पोस्ट भी दूसरे राज्य का है।



टीम बनाकर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस की साइबर सेल मोबाइल लोकेशन और पहचान ट्रेस करने में जुटी है।

# धान क्रय केंद्र में घालमेल का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिले में सतबरवा प्रखंड के धान क्रय केंद्र में बड़े पैमाने पर फर्जी पंजीकरण का मामला सामने आया है।

जांच में खुलासा हुआ है कि धावाडीह गांव निवासी सूबेदार साव के एक ही परिवार के 11 सदस्यों के नाम पर कुल 1420 क्विंटल धान का पंजीकरण किया गया, जो नियमों के खिलाफ माना जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, परिवार के तीन बेटों, उनकी पत्नियों, बेटियों और स्वयं सूबेदार साव के नाम पर भारी मात्रा में धान का पंजीकरण कराया गया।

बड़े बेटे ललन साव के नाम 198 क्विंटल पंजीकरण हुआ, जिसमें से 190 क्विंटल धान 19 दिसंबर 2025 को बेचा जा चुका है। उनकी पत्नी चंपा देवी (पैक्स अध्यक्ष) के नाम 96 क्विंटल और बेटी सोनम कुमारी के नाम 104 क्विंटल पंजीकरण है।

दूसरे बेटे अरुण कुमार साहू के नाम 195 क्विंटल पंजीकरण हुआ, जिसमें से 190 क्विंटल 17 दिसंबर 2025 को बेचा जा चुका है। उनकी पत्नी रामवंती देवी के नाम 100 क्विंटल, जबकि बेटियों प्रिया रानी 109 और आशा कुमारी 104 क्विंटल पंजीकृत हैं।

तीसरे बेटे विजय साव के नाम 196 क्विंटल पंजीकरण हुआ और 190 क्विंटल धान 17 दिसंबर 2025 को बेचा गया। उनकी पत्नी रीता देवी के नाम 110 क्विंटल पंजीकृत है। इसके अलावा, सूबेदार साव के नाम 108 क्विंटल और उनकी पत्नी के नाम 100 क्विंटल पंजीकरण दर्ज है। इस तरह पूरे परिवार के नाम पर कुल 1420 क्विंटल धान का पंजीकरण हुआ है, जिससे गंभीर संदेह पैदा हो रहा है।

नियमों के अनुसार, 1420 क्विंटल धान के पंजीकरण के लिए परिवार के पास लगभग 88 एकड़ भूमि के कागजात होना आवश्यक हैं।

# मंत्री ने किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन-सह-किसान मेला का उद्घाटन

## हमारा लक्ष्यः किसान के खेत तक उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक एवं सही सलाह पहुंचे : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री, राम कृपाल यादव द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर में आज 'दलहन एवं तिलहन उत्पादन में वृद्धि द्वारा पोषण एवं खाद्य सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन-सह-किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया गया। यह मेला 18 मार्च, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह विषय केवल खेती का विषय नहीं है, बल्कि बिहार, देश और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समृद्धि से जुड़ा हुआ विषय है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती-किसानी को नई सोच, नई ताकत और नई पहचान मिली है। किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न को बढ़ावा, डिजिटल कृषि, आधुनिक तकनीक और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार ठोस काम हो रहा है। बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किसानों के हित में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसान के खेत तक उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक एवं सही सलाह पहुंचे और उनकी उपज का उचित मूल्य भी मिले। मुझे खुशी है कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर इस दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। लैब टू लैंड की सोच को जमीन पर उतारते हुए विश्वविद्यालय ने वैज्ञानिक अनुसंधान को खेत तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। विश्वविद्यालय द्वारा 51 फसलों के उन्नत किस्म और 79 नई तकनीकों का विकास तथा किसानों तक उनका विस्तार एक बड़ी उपलब्धि है। यह सीधे-सीधे किसान की पैदावार, आमदनी और आत्मविश्वास से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष किसानों को 11 हजार क्विंटल से अधिक उन्नत बीज उपलब्ध कराना भी एक बड़ा और प्रशंसनीय कार्य है जब किसान के हाथ में गुणवत्तायुक्त बीज, नई तकनीक और सही सलाह होगी, तब कम लागत में अधिक उत्पादन और अधिक मुनाफा संभव होगा। आज उद्घाटन सत्र में 'डिजिटल एग्रीकल्चर' विषयक सेमिनार की शुरुआत भी इस बात का प्रमाण है कि अब खेती केवल परंपरा से नहीं, बल्कि विज्ञान, डेटा, तकनीक और जानकारी से भी आगे बढ़ेगी। समय की मांग है कि किसान डिजिटल रूप से सशक्त बने, मौसम की जानकारी समय पर पाए, बाजार की सूचना समझे और तकनीक का लाभ सीधे अपने खेत में पाये।

# शिक्षा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने की जरूरत : विजय प्रकाश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में डीएलएड सत्र (2025-2027) के नव नामांकित प्रशिक्षुओं के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने वर्तमान समय को संक्रमण काल बताते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव से शिक्षण-प्रशिक्षण में शिक्षकों की भूमिका बदल रही है। उन्होंने डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए नवाचार, सतत अधिगम, तकनीकी दक्षता और समयानुकूल डिजिटल शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सचिव डॉ राणा अवधेश ने बिहार विद्यापीठ के इतिहास और उसके राष्ट्रीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षुओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की बात कही। निदेशक डॉ मृदुला प्रकाश ने कहा कि शिक्षक को केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा ने प्रारंभिक शिक्षा को बालकों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताते हुए प्रशिक्षुओं को संवेदनशील और नवाचारी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। एआईसी के मुख्य संचालन अधिकारी प्रमोद कर्ण ने शिक्षा और उद्यमिता के समन्वय को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण ने अनौपचारिक शिक्षा के अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अंत में सहायक प्रोफेसर चन्द्रकांत आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संजय सरावगी, भीखूभाई दलसानिया एवं प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक संपन्न




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया तथा प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' की समीक्षा बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के सशक्तीकरण, कार्यकर्ताओं के कौशल विकास तथा पार्टी की विचारधारा को प्रदेश के प्रत्येक जन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के विषय में विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# शिवेश कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित शिवेश कुमार ने बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने शिवेश कुमार को अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर तथा गया का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही उनका मुंह मीठा कराते हुए आत्मीय अभिनंदन किया। अध्यक्ष ने शिवेश कुमार के उच्च सदन में सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को भी राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान सदन और जनहित से जुड़े विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

# सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्शों को दिशा देती है इतिहास की समझ : प्रो. रत्ना अमृत

## प्राचीन भारत के इतिहास पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, शोधार्थियों ने किए गहन विमर्श



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग और बी. डी. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'प्राचीन भारत का इतिहासः नवीन विमर्श और समकालीन प्रासंगिकता (प्रागैतिहासिक काल से 650 ईस्वी तक)' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी विशेष रूप से शोध उपाधि (पीएचडी) के शोधार्थियों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें प्राचीन भारत के इतिहास से जुड़े विभिन्न नए विमर्शों और उनकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा हुई। संगोष्ठी में स्रोत एवं पुरातात्विक प्रमाण, सिंधु-सरस्वती सभ्यता, वैदिक युग, महाजनपदों का उदय, मौर्य प्रशासन एवं अशोक का धम्म, गुप्त एवं हर्षकालीन संस्कृति तथा पर्यावरण विमर्श जैसे महत्वपूर्ण उप-विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं में प्रो. एस. एन. आर्य, प्रो. राजीव रंजन, प्रो. रत्ना अमृत, प्रो. अरुण कुमार, डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. ज्योति सिन्हा शामिल रहे। संगोष्ठी का उद्घाटन बी. डी. कॉलेज की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने किया जबकि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार ने स्वागत भाषण दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन इतिहास की गहन समझ न केवल अकादमिक दृष्टि से शोधार्थियों को समृद्ध करती है, बल्कि वर्तमान सामाजिक और सांस्कृतिक विमर्शों को भी नई दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोधार्थियों ने भाग लिया और संवाद व विचार-विमर्श के माध्यम से नए दृष्टिकोण प्राप्त किए। संगोष्ठी के अंत में यह संदेश दिया गया कि इतिहास केवल अतीत का अध्ययन नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण माध्यम है।

# साची तिवारी वेब सीरीज प्रधान जी में निभा रही चांदनी का किरदार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सासाराम के कसिगावां के साची तिवारी फिर से मचा रही है बड़ा धमाल, वेब सीरीज इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली है प्रधान जी में साची तिवारी। साची प्रधान जी की बेटी चांदनी का किरदार निभा रही है। प्रधान जी के प्रोड्यूसर विजय वल्लभहनी को प्रोड्यूसर सिद्धार्थ जैन और अंकुर व्यास, निदेशक राहुल सिंह, शक्ति शशांक सुंदरम ने इसकी कहानी लिखी है। साची तिवारी ने कहा प्रधान जी वेब सीरीज रियल स्टोरी पर आधारित है। साची ने बताया कि इस वेब सीरीज में मेरी रियल मां प्रिया तिवारी मेरी मां का रोल निभा रही है। मां के साथ पहली बार सेट पर काम करना बहुत ही अच्छा लगा। इस सीरीज में कॉमेडी और इमोशंस का भरपूर मजा दर्शकों को मिलेगा। साची ने बताया ये वेब सीरीज आपलोगों को बहुत पसंद आएगी क्योंकि ये वेब सीरीज गांव में एक प्रधान पर आधारित है कि कैसे एक अनपढ़ मूर्ख प्रधान 25 वर्षों से गांव पर शासन कर रहा है और उसके खिलाफ एक मध्यमवर्गीय पढ़ा लिखा लड़का खड़ा होता है। साची तिवारी छोटी उम्र से ही एक्टिंग कर रही है। महानायक अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी साची ने अभिनय किया है। साची बहुत से टीवी शो मूवी और ऐड में काम किया है और कर रही हैं। साची के धारावाहिक अनमोल और कैसा है ये रिश्ता भी दर्शकों को काफी पसंद आया था। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग इस वेब सीरीज को जरूर देखें और अपना प्यार और आशीर्वाद उन्हें जिस प्रकार से मिल रहा है वैसे ही अपना प्यार और आशीर्वाद दें।

# 65 किमी में 21 हजार पेड़ 500 पौधे लगाए जायेंगे

## पटना से गयाजी होकर डोभी जाने वाले एनएच में बनेगा 'ग्रीन कॉरिडोर'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पर्यावरण संरक्षण सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। पटना-गया-डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को 'ग्रीन कॉरीडोर' के रूप में विकसित करने की योजना को मूर्तरूप देने के लिए इसकी समुचित कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अमलीजामा पहनाने को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद कुमार ने खासतौर से निर्देश दिए। वह विभागीय पदाधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर समीक्षा बैठक कर रहे थे। विभाग के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत सड़क के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर फलदार पौधे लगाए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक गयाजी वन प्रमंडल के अंतर्गत 65 किमी के क्षेत्र में लगभग 21 हजार 500 पौधे लगाने की योजना है। इस योजना की खास बात यह है कि इसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत सदस्यों, जिला पार्षद, विधायक, जिलाधिकारी के सहयोग से लागू किया जाएगा। किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी आमदनी बढ़ाने को लेकर उनकी रैयती जमीन पर भी वृक्षारोपण कराया जाएगा जिससे 'कम्यूनिटी फार्मिंग' को बढ़ावा मिलेगा। इससे न सिर्फ हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। मंत्री ने ग्रीन कॉरिडोर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत मार्ग दर्शिका तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही बीज और पौधों को सही तरीके से लगाने पर विशेष ध्यान देने तथा किसानों को इसे लेकर प्रशिक्षण देने की बात कही। प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को पौधारोपण के अलावा इनके देखभाल और उससे होने वाले आर्थिक लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। इस कार्य के लिए हरियाली मिशन के निदेशक को नोडल पदाधिकारी के तौर पर नामित किया गया है।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कैडेट्स सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 01 बिहार नेवल यूनिट द्वारा राजेंद्रनगर स्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह शिविर युवाओं को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को प्राथमिक उपचार, आग से बचाव, बाढ़ एवं भूकंप जैसी आपदाओं के समय राहत और बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। कैडेट्स ने इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपनी तत्परता, साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने चयनित कैडेट्स को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आपदा के समय सही प्रशिक्षण और त्वरित निर्णय क्षमता जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवाओं में सेवा भावना, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास का विकास होता है। शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों के सीनियर डिवीजन (एसडी) और सीनियर विंग (एसडब्ल्यू) कैडेट्स का चयन किया गया था। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सीनियर विंग से ज्ञानवि, भावना जायसवाल और तनु तथा सीनियर डिवीजन से किशन कुमार, सुधांशु रंजन और मोहित कुमार शामिल रहे। पूरे शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार ज्ञानवि को प्रदान किया गया। इस अवसर पर 01 बिहार नेवल यूनिट के सभी एएनओ, पीआई स्टाफ, जीसीए और सिविलियन स्टाफ भी मौजूद रहे।

# बिहार विधान सभा सचिवालय में प्रभार का बदलाव, पूनम सिन्हा को मिली जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक प्रभारी सचिव सह संयुक्त सचिव ख्याति सिंह का स्थानांतरण पटना उच्च न्यायालय में विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर किया गया है। उनके स्थानांतरण के बाद सचिवालय में प्रभार का पुनर्विन्यास किया गया है। बिहार विधान सभा सचिवालय में निदेशक के पद पर कार्यरत पूनम सिन्हा को 17 मार्च 2026 से अगले आदेश तक अथवा बिहार वरीय न्यायिक सेवा के किसी पदाधिकारी की नियुक्ति होने तक प्रभारी सचिव के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है। इस निर्णय के साथ सचिवालय के प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी अब पूनम सिन्हा के पास होगी।

# बिहार कांग्रेस ने एनडीए सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी विधायक चोरी के खिलाफ किया पुतला दहन

## एजेंसियां और धन-बल के दम पर जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनडीए सरकार की 'वोट चोर, विधायक चोर' नीति के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के गेट के सामने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि एनडीए सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के जनादेश का सम्मान करने के बजाय सत्ता में बने रहने के लिए तरह-तरह की साजिशें रची जा रही हैं। राजेश राम ने हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के वोट न दे पाने की स्थिति को उन्होंने एक सोची-समझी साजिश और 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया। राजेश राम ने कहा कि पूरे देश में भाजपा का एक ही 'स्टाइल' बन चुका है—चुनी हुई सरकारों को गिराना और विपक्ष के विधायकों को तोड़ना। उन्होंने एकनाथ शिंदे प्रकरण और गोवा का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जहां भी सत्ता में होती है वहां इसी तरह के हथकंडे अपनाती है।

# सरकारी अनुदान का मौका हाथ से न निकल जाए, गन्ना यंत्र खरीदने की आखिरी तारीख तय

## निर्धारित तिथि के बाद परमिट हो जाएगा स्वतः रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** गन्ना यांत्रीकरण योजना के तहत स्वीकृत परमिट के आधार पर गन्ना उद्योग विभाग ने 19 मार्च तक यंत्रों की खरीद करने का आदेश दिया है। इसके बाद वह परमिट स्वतः ही रद्द हो जाएगी। विदित हो कि गन्ना उद्योग विभाग ने किसानों को अनुदानित दर पर यंत्र उपलब्ध कराने के लिए गन्ना यांत्रीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों को गन्ना की बुआई से लेकर कटाई तक में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद करने के लिए 50 से 60 फीसदी अनुदान दिया जाता है। विभाग के अनुसार पांचवे रेंडमाईजेशन में राज्य के 466 किसानों का चयन किया गया था। इसके पहले भी चयनित गन्ना किसानों को परमिट दिए गए थे। इन किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किए गए हैं। विभाग ने परमिट पर यंत्र खरीदने के लिए अंतिम तिथि 19 मार्च निर्धारित किया है। उक्त तिथि तक यंत्रों की खरीद नहीं होने पर विभाग से जारी परमिट स्वतः निरस्त हो जाएगा। विभाग ने सभी गन्ना किसानों से परमिट पर शीघ्र यंत्रों की खरीद करने की अपील की है।

# राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद शिवेश राम पहुंचे प्रसिद्ध हनुमान मंदिर, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

## यह जीत पूरे रविदास समाज के लिए गर्व की बात : शिवेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा नेता शिवेश राम राज्यसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद आज पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। यहां उन्होंने भगवान वीर हनुमान सहित अन्य सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की। भाजपा नेता शिवेश राम इस दौरान महावीर मंदिर के प्रांगण में स्थापित संत शिरोमणि रविदासजी की भव्य मूर्ति पर माल्यार्पण किया और नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद अपने आराध्य भगवान से आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूं। उन्होंने इस क्रम में कहा कि मैं एक रविदास समाज का बेटा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए शिवेश राम ने कहा कि उन्होंने रविदास समाज के एक बेटे को राज्यसभा भेजकर बिहार के रविदास समाज का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी आभार जताया। दावा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार से पहली बार कोई रविदास समाज का व्यक्ति देश के उच्च सदन राज्यसभा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने समाज में अंतिम पायदान पर बैठे हुए एक व्यक्ति को राज्यसभा भेजने के लिए जो काम किया है, यह पूरे रविदास समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा यह भाजपा की उस महान संगठनात्मक संस्कृति और प्रामाणिकता का प्रमाण है जहां एक समर्पित कार्यकर्ता को भी उसकी निष्ठा और परिश्रम के आधार पर सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है। उन्होंने अपने नए दायित्व को लेकर कहा कि राज्यसभा में बिहार की जनता की आकांक्षाओं, उनके सपनों और प्रदेश से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय को पूरी मजबूती के साथ उठाऊंगा। जनहित और राष्ट्रहित मेरे लिए सदैव सर्वोपरि रहेंगे और संगठन के आदर्शों को ही अपने प्रत्येक निर्णय का मार्गदर्शक बनाऊंगा। राज्यसभा सदस्य के रूप में नवनिर्वाचित शिवेश राम ने एनडीए के सभी विधायकों का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत एनडीए की एकता की जीत है।

# स्त्री सुबोधिनी नाटक में दिखा महिलाओं के जीवन के सही आचरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रस्तुति पटना द्वारा स्थानीय प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित प्रस्तुति उत्सव 2026 - अकेली औरत का नाट्य के अंतर्गत नाटक स्त्री सुबोधिनी का मंचन किया गया। त्रिपुरारी शर्मा द्वारा निर्देशित व मुनमुन सिंह द्वारा अभिनीत यह नाटक ऊर्जा, नई दिल्ली की प्रस्तुति थी। शीर्षक से ही स्पष्ट है कि स्त्री सुबोधिनी हिंदू महिलाओं के लिए जीवन के सही आचरण का एक मार्गदर्शक है। यह नाटक एक अविवाहित महिला से शुरू होता है जो एक विवाहित व्यक्ति के साथ अपने अतीत के संबंधों को उजागर करती है। नाटक में व्यंग्यात्मक शैली में स्त्री पुरुष संबंध को चित्रित किया गया है।

## संपादकीय

# स्थिर आय के बीच बेकाबू होती रसोई की कीमतें

फरवरी में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गई है। स्थिर आय के बीच खाने-पीने की चीजों के बढ़ते दाम और पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित होने से आम आदमी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जब किसी भी तरह के रोजगार से आय का स्तर ठहरा हुआ हो, जरिया सीमित हो, तो आम आदमी की उम्मीद यही होती है कि बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतें उसकी पहुंच में हों या फिर कम से कम स्थिर रहें। मगर पिछले कुछ वर्षों से आमदनी की तुलना में रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को जितना खर्च करना पड़ रहा है, वह कई बार भारी पड़ता है।माना जाता है कि दिसंबर से फरवरी तक की अवधि में बाजार में सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से महंगाई काबू में रहेगी। मगर सरकार की ओर से जारी ताजा आंकडों के मुताबिक, देश में खुदरा महंगाई फरवरी में बढ़ कर 3.21 फीसद हो गई। हालांकि जनवरी में यह 2.74 फीसद के स्तर पर रही थी। जाहिर है, सिर्फ एक महीने के भीतर जरूरी वस्तुओं की कीमतों में तेज इजाफा हुआ और यह पिछले दस महीने के सबसे उच्च स्तर पर दर्ज किया गया।कहा जा सकता है कि फरवरी के आंकड़े के मुताबिक महंगाई दर चार फीसद से नीचे है, लेकिन यह भी देखने की जरूरत है कि कीमतों के संदर्भ में जरूरी सामान तक आम लोगों की पहुंच किस हद तक आसान है। यह छिपा नहीं है कि रोजगार और आय की कसौटी पर देश की ज्यादातर आबादी के लिए स्थिति अब भी संतोषजनक नहीं है। लंबे समय से स्थिर आमदनी और कमजोर क्रयशक्ति की स्थिति में जब सबसे जरूरी चीजों पर लोगों का खर्च थोड़ा भी बढ़ता है, तो उसके लिए मुश्किलें पैदा होती हैं।फरवरी में महंगाई के आंकड़ों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण दरअसल खाने-पीने की चीजों के दामों में बढ़ोतरी रहा। खुदरा महंगाई से इस बात का पता चलता है कि ग्राहकों की खपत और खर्च की स्थिति क्या है। इसी वजह से रिजर्व बैंक अपनी नीति तय करते समय खुदरा महंगाई को ही अपना आधार बनाता है। अगर खुदरा महंगाई की दर उसके तय दायरे यानी चार फीसद के बाहर चली जाती है तो फिर कर्ज के सस्ता होने की उम्मीद भी कम हो जाती है।महंगाई के ताजा आंकड़े फरवरी के हैं, जब पश्चिम एशिया में युद्ध के हालात नहीं थे। अब पिछले कुछ दिनों से जिस तरह ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका की साझा जंग चल रही है, उसका बाजार में थोक और खुदरा महंगाई पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, युद्ध की वजह से तेल की सहज आपूर्ति को लेकर पहले ही कई तरह की आशंकाएं उभर रही थीं कि इस बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को बाधित कर दिया।इसके बाद उस रास्ते से भारत में भी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और इसका असर बाजार पर पड़ना तय माना जा रहा है। फिलहाल खाना पकाने वाले गैस की कीमत में इजाफा और गैस सिलेंडरों की कमी की आशंका में लोगों के बीच मची अफरा-तफरी देखी जा सकती है।

**अमेरिका की शह पर सीरिया के शासक के खिलाफ बशर अल-असद के शासन के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। सीरिया में तेरह वर्षों तक खूनी गृहयुद्ध चलता रहा। इसके बाद हार कर सात दिसंबर 2024 को विद्रोही ताकतों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया और बशर अल-असद के शासन का पतन हो गया। तब से लेकर सीरिया जल रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद कुछ अपवादों को छोड़ दें तो दुनिया ने सभ्य होने की तरफ लगातार कदम बढ़ाए। लेकिन इक्कीसवीं सदी का चौथाई हिस्सा बीतने के बाद लग रहा है कि एक बार फिर दुनिया आधुनिकता की चादर लपेटे मध्य युगीन बर्बरता की ओर बढ़ रही है। 28 फरवरी, 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद ऐसी सोच वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह मुसावी खोमैनी समेत कई सैन्य अधिकारियों की मौत ने दुनिया को एक बार फिर हिलाकर रख दिया है। दुनिया के कमजोर देश एक बार फिर आशंकित हो उठे हैं। उन्हें यह डर सताने लगा है कि अमेरिका के खिलाफ अगर उन्होंने नीतियां अपनाईं तो हो सकता है कि अमेरिका अपने तरीके से योजना बनाकर उस पर हमला कर दे।**

# अमेरिकी कार्रवाई के बाद गड़बड़ाई विश्व व्यवस्था

**(उमेश चतुर्वेदी)**

अमेरिका ने ईरान पर हमले के लिए जिन कारणों को गिनाया है, उनमें सबसे प्रमुख कारण है, ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकना, ईरान की मिसाइल क्षमताओं को खत्म करना और वहां की मौजूदा शासन व्यवस्था को बदलना है। अमेरिका ने तर्क दिया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के करीब था, जो दुनिया और क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए एक अस्वीकार्य सुरक्षा खतरा है। ट्रंप का कहना है कि ईरान ने अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को त्यागने के हर अवसर को ठुकरा दिया था। ट्रंप का यह भी कहना है कि उसके ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल सुविधाओं और नौसैनिक संपत्तियों को पूरी तरह नष्ट करना है।

यह ठीक है कि अयातुल्ला खोमैनी की अगुआई वाले ईरान में इस्लामिक शासन व्यवस्था काम कर रही है, जिसे उसके नागरिकों के बड़े वर्ग का समर्थन हासिल नहीं था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ईरान की संप्रभुता को चोट पहुंचाई जाए। अमेरिका ने वही किया है। अगर ईरान की जनता अयातुल्ला खोमैनी के शासन को खत्म करती तो और बात होती, लेकिन अमेरिकी हमले में खोमैनी का मारा जाना दूसरे तरह की बात है। इससे आने वाले दिनों में कई खतरे उत्पन्न होंगे। ईरान पर हमले के बाद यह आशंका बढ़ गई है कि अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ दुनिया में क्रोध पनपे। यह भी हो सकता है कि आतंकी घटनाएं बढ़ें। गुरिल्ला युद्ध और ईरान समर्थित ताकतों द्वारा आतंकवाद के मुखौटे में अमेरिका और उसके समर्थकों को निशाना बनाया जाए। इससे दुनिया की चिंताएं बढ़ना अस्वाभाविक नहीं है।

अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों का हालिया इतिहास बताता है कि उनका घोषित उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। नौ सितंबर 2011 को न्यूयार्क के ट्विन टॉवर पर हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अफगानिस्तान स्थित तालिबान और अलकायदा पर कार्रवाई की थी, उस अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन फिर से स्थापित हो चुका है। अफगानिस्तान को छोड़कर भागने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति रहते जो बाइडेन ने लिया था। अफगानिस्तानी तालिबान पर हमले का एक मकसद वहां लोकतंत्र की स्थापना थी, लेकिन अब वहां तालिबान का इस्लामी शासन है और अमेरिका किनारे है। दिलचस्प यह है कि अफगानिस्ता के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिस पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोग दिया था, वह पाकिस्तान अब अफगानिस्तान से जूझ रहा है।

इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के खिलाफ अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ सैन्य कार्रवाई शुरू की। उसका बहाना इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार होने को बनाया गया। दिलचस्प यह है कि इराक में सद्दाम हुसैन का शासन खत्म हो गया। तीस दिसंबर 2006 को उन्हें फांसी पर अमेरिका समर्थित न्याय तंत्र के जरिए लटका दिया गया, लेकिन इराक में अब तक ना तो लोकतंत्र आ पाया है और न ही शांति।

कुछ इसी तरह साल 2011 में लीबिया में अमेरिका ने सैन्य हस्तक्षेप किया। तब अमेरिका का उद्देश्य लीबिया के तानाशाह कर्नल मुअम्मर गद्दाफी के खिलाफ हुए नागरिक विद्रोह को समर्थन देकर लीबिया में लोकतंत्र की स्थापना करना था। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को जरिया बनाया गया। इसके बाद 19 मार्च 2011 को अमेरिका ने अपने कुछ सहयोगी देशों के साथ मिलकर हवाई हमले और मिसाइल हमले शुरू किए। तब से लेकर अब तक अमेरिका में कार्रवाई जारी है। अमेरिकी विशेष बलों ने बेंगाज़ी में 2012 के लीबिया के अमेरिकी राजनयिक मिशन पर हमले के आरोपी अहमद अबू खट्टाला को गिरफ्तार किया। इसके बाद अमेरिका ने 2015 से लेकर 2019 के बाद तक आईएसआईएस और अल-कायदा के खिलाफ ड्रोन और हवाई हमले जारी रखे। जबकि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच लीबिया के ही लोगों के हाथों तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी 20 अक्टूबर 2011 को मारे जा चुके थे। भीड़ ने उन्हें उनके गृह नगर सिर्त में पकड़ा गया और वहीं उनकी हत्या कर दी गई। तब से लेकर लीबिया अब भी जल रहा है और वहां शांति और लोकतंत्र अब तक इंतजार कर रहे हैं।

अमेरिका की शह पर सीरिया के शासक के खिलाफ बशर अल-असद के शासन के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। सीरिया में तेरह वर्षों तक खूनी गृहयुद्ध चलता रहा। इसके बाद हार कर सात दिसंबर 2024 को विद्रोही ताकतों ने दमिश्क पर कब्जा कर लिया और बशर अल-असद के शासन का पतन हो गया। तब से लेकर सीरिया जल रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के शासक निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकों ने तीन जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर लिया। तब से वे अमेरिकी कैद में हैं और वहां नया शासन स्थापित हो गया है। अमेरिका दावा करता है कि वह लोकतांत्रिक देश है। वह पूरी दुनिया में अपनी तरह लोकतंत्र स्थापित करने का दावा करता है। लेकिन जहां भी वह कार्रवाई करता है, वहां लोकतंत्र आते हुए नहीं दिखता। ईरान में भी कुछ वैसा ही हो सकता है। यही वजह है कि अमेरिकी दादागिरी के खिलाफ विश्व के बड़े हिस्से में क्षोभ है। ट्रंप के दौर में ऐसी कार्रवाइयों से विश्व आडर गड़बड़ा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ किनारे बैठ घटनाओं को होते देखभर रहा है।

अमेरिका की निगाह बहुत पहले से ईरान पर है। भूराजनीतिक मामलों के कुछ जानकारों का मानना है कि ईरान पर अमेरिकी हमला चीन की ताकत को रोकने की कोशिश भी है। इसकी वजह यह है कि चीन अपने तेल का तकरीबन नब्बे प्रतिशत हिस्सा ईरान से ही आयात करता रहा है। ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमले के बाद चीन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने लगा है। चीन ने अपने दफ्तरी कामकाज में कटौती करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे राष्ट्रों में तो सरकारी दफ्तरों के लिए काम करने वाली गाड़ियों की संख्या को आधा कर दिया गया है और वहां दफ्तरों को हफ्ते में सिर्फ चार दिन खोलने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही वहां स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। भारत में भी युद्ध का असर दिखने लगा है। सरकार ने यहां पच्चीस दिनों बाद ही दूसरा एलपीजी सिलिंडर बुक करने का नियम लागू कर दिया है। भारत के सॉफ्टवेयर शहर बेंगलुरू के पेइंग गेस्ट अकोमोडेशन के खाने में कटौती के नोटिस वहां रह रहे युवाओं को मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि वहां घरेलू गैस की कमी हो गई है, इस वजह से वहां पीजी में रोटी, पूरी या पुड़ी और इस तरह के खाने की चीजें नहीं मिलेंगी, सिर्फ दाल-चावल से लोगों को काम चलाना होगा। हालांकि सरकार का कहना है कि उसके पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। लेकिन उसने घरेलू गैस की कीमतों में साठ रूपए प्रति सिलिंडर और औद्योगिक गैस की कीमतों में 116 रूपए की बढ़ोतरी कर दी है। इससे देश में उहापोह और अफरातफरी जैसे हालात बनते नजर आ रहे हैं।

जिस तरह रूस और यूक्रेन का युद्ध खत्म होता नजर नहीं आ रहा है, ईरान पर हमले भी थमते नजर नहीं आ रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि अगर ईरान ने समर्पण नहीं किया तो ईरान पर बीस गुना ज्यादा ताकत से अमेरिका हमला करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू बार-बार कह रहे हैं कि ईरान में सत्ता परिवर्तन वहां की जनता को ही करना है। एक तरह से वहां की शासन व्यवस्था को बदलने के लिए लोगों को युद्ध से उपजी परिस्थितियों के बीच उकसाया जा रहा है।

सवाल यह है कि इससे अमेरिका और इजरायल को क्या फायदा होगा। सीधे तौर पर अमेरिका भले ही स्वीकार न करे, लेकिन यह तय है कि इस युद्ध के बाद अमेरिका का खाड़ी के तेल भंडारों पर नियंत्रण हो जाएगा। जहां तक इजरायल की बात है तो ईरान के कमजोर होने के बाद स्थानीय भू राजनीतिक माहौल में उसकी ताकत बढ़ जाएगी और वह पश्चिमी एशिया में बिना किसी अवरोध और चिंता के आगे बढ़ता रहेगा।

अमेरिका को लेकर कहा जा रहा है कि अगर ट्रंप नहीं होते तो युद्ध नहीं होता। अमेरिका को लेकर लोगों को अपनी यह सोच बदलनी होगी। चाहे रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, वे अमेरिका के वर्चस्व को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगाते हैं। जार्ज बुश जूनियर ने ढाई दशक पहले इराक और अफगानिस्तान पर हमला जब किया था, तब उन्होंने एक तरह से पूरी दुनिया पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि या तोआप अमेरिका की तरफ हैं या फिर आतंक की तरफ। चूंकि न्यूयार्क के ट्रेड टावर पर हमले की घटना के बाद बुश ने ऐसा कहा था, इसलिए किसी देश ने खुलकर इसका विरोध नहीं किया। तब बुश डेमोक्रेट थे, और अब रिपब्लिकन ट्रंप हैं। दोनों की नीतियों में कम से कम हमले को लेकर कोई अंतर नहीं है। तब बुश ने इराक, यमन और अफगानिस्तान को तबाह किया था, अब ट्रंप ईरान को कर रहे हैं। ट्रंप के बारे में माना जाता है कि अपनी ही डेमोक्रेटिक पार्टी में वे लोकप्रिय नहीं हैं। शायद इसे ही देखते हुए कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने अमेरिकी कांग्रेस में युद्ध के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया। इससे साफ है कि अमेरिका कम से कम खुद को आगे रखने और उसके लिए युद्ध करने को कोई गुनाह नहीं मानता। सत्ता चाहे डेमोक्रेट के पास हो या फिर रिपब्लिकन पार्टी के पास। यह बात और है कि ईरान की तरफ से दागी जा रही मिसाइलों की जद में सऊदी अरब, बहरीन आदि देश भी हैं।

ईरान के खिलाफ अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई के बाद दुनिया एक बार फिर दहशत और मध्ययुगीन हिंसक समाज की ओर बढ़ती नजर आ रही है। एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ की उपयोगिता और जरूरत सवालों के घेरे में है। ऐसे में दुनिया का अगला कदम क्या हो, इस पर कोई ठोस राय नहीं दिख रही है। युद्ध हर हाल में रोका जाना चाहिए, लेकिन युद्ध को रोक पाना मामूली इंन्सानों और तमाम देशों के राजनेताओं में नहीं हैं।

# बहस का गिरता स्तर- समाधान का जरिया या सिर्फ ऊर्जा की बर्बादी?

**(पूनम पांडे)**

मनुष्य हमेशा एक ही भाव में मुश्किल से ही दिखता है। वह कभी खुश कभी नाखुश है। कभी मुखर तो कभी मौन। कभी चुस्त-दुरुस्त तो कभी आलसी और सुस्त। कभी स्वस्थ तो कभी अस्वस्थ। कभी कंजूस तो कभी खर्चीला। यह इंद्रधनुषी रंग हर जगह देखने को मिल जाते हैं। इसे हर कोई स्वीकार भी कर लेता है।

एक कहावत भी है कि इंसान अपने वातावरण के जैसा ही बन जाता है। रोजाना महसूस हो रही जीवनशैली की उजली-धुंधली चित्रकारी आदमी के मन में बैठकर उसका व्यवहार बनने लगती है।

इसीलिए एक आदत आजकल के लोगों में बहुतायत से देखने को मिल रही है। वह है बात-बात पर बहस और नाहक वाद-विवाद। हर बात पर तकरार का संस्कार सब पर हावी होता जा रहा है।

अगर आभासी दुनिया की बात की जाए, तो वहां भी हालात इसी तरह के हैं। एक ने सोशल मीडिया पर अपनी वाल कुछ लिखा, तो दूसरे को अखर जाता है। तीसरा उस पर खुलेआम अपशब्द लिख देता है। चौथा तो पांच, छह, सात अपनी ही मानसिकता वालों को आवाज देकर बुलाता है। उसके बाद गरमागरम बहस और तानेबाजी चल पड़ती है।

जमीन के जगत में आप रेलगाड़ी में यात्रा कर रहे हों, तो चार लोग बिना बात के ऊल-जलूल बोलने लगते हैं। आभासी दुनिया का ज्ञान उलीचने लगते हैं। चारों तरफ से बहस ही बहस हो रही होती है। सड़क पर, बस, मेले, जुलूस में या किसी सामाजिक समारोह में, हर जगह यह आम बात होती जा रही है।

वहीं ऐसे भी लोग हैं जो अपने घर में मौनी साधक बनकर चुप बैठे रहते हैं, लेकिन घर की चारदिवारी से बाहर निकलकर वे लोग भी अपने दिमाग का तरकश लेकर तैयार रहते हैं और फिर बातों के तीर चलाने से जरा भी बाज नहीं आते हैं। यानी हर जगह हर किसी को बहस करना तथा उलझना मजेदार लगने लगा है।

दरअसल, टीवी बहसों ने भी लोगों को झगड़ालू-सा बना दिया है। आजकल चैनलों की बाढ़ इस कदर आ गई है कि कोई व्यक्ति इनकी भाषा और बोली से अछूता नहीं रहा है। परिणाम यह है कि अब हर किसी को औरों से तीखी बात करने में अपने सामने वाले से नोकझोंक करने में ही बहुत रस आने लगा है। न जाने यह कौन-सा तनाव है, उलझन है, बेचैनी है कि लोग बात-बात पर बहस करने लगते हैं।

एक दिन तो एक चौराहे पर एक कूरियर वाला संबंधित पते पर गया। उसने पार्सल देते हुए बस इतना ही कहा कि 'ओटीपी' दीजिए। इस पर पार्सल लेने वाले ने कहा कि हां-हां, मुझे भी मालूम हैज ज्यादा मत बोलो। और बस इसी बात पर देखते ही देखते दोनों की गरमागरम बहस शुरू हो गई और आखिर ओटीपी कूरियर वाले को नहीं मिला।

कूरियर वाला पार्सल वापस लेकर चला गया। इसी तरह, एक कस्बे की बारात में एक नकचढ़े बाराती की पसंद का गीत न बजाने पर इतनी बहस हुई कि गाली-गलौज से नाराज और रूठे हुए बैंडवाले वापस चलते बने। मुहूर्त चला जा रहा था, दूसरे बैंडवाले खाली नहीं थे, तो बाकी बारात ऐसे ही खामोश होकर गई। जरा-सी बात ने यह हालत कर दी। फिर बहस इस बात पर खड़ी हो गई कि यह भी क्या कोई बहस वाली बात थी!

देखा जाए तो बहस करना इतना बुरा नहीं है। कितनी ही बार चिकित्सक से समुचित बात करने के बाद कितने ही लोग अनावश्यक सर्जरी से खुद को बचा पाए हैं। वे चिकित्सीय रिकार्ड के साथ यह सार्वजनिक रूप से बताते भी हैं कि उस संवेदनशील पल में तकरार और झगड़ा न किया होता, तो आठ-दस लाख का आपरेशन हो जाता, जिसकी वास्तव में इतनी भी जरूरत नहीं थी।

घर-परिवार में कोई प्रतिभावान बालक या बालिका अगर बहस न करे, तो अपनी इच्छानुसार करिअर नहीं चुन सकता। रोजमर्रा की जिंदगी में भी देख सकते हैं कि मनमानी करने वाले दुकानदार से बराबर बहस करनी होती है, तब जाकर उचित मूल्य पर मनचाही वस्तु खरीदी जाती है।

# तेल, महंगाई और तबाही- ईरान युद्ध की असली कीमत कौन चुकाएगा

**(पी. चिदंबरम)**

**ट्रंप की मनमानी की वजह से तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई हैं। अमेरिका में महंगाई और ट्रंप प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है।**

**अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को बिना सोचे-समझे शुरू किए गए युद्ध के नतीजे दुनिया भर में बहुत दूर तक जाने वाले हैं। 'आपरेशन एपिक फ्यूरी' के दो हफ्तों में ईरान तबाह हो गया लगता है, लेकिन हारा नहीं है। युद्ध के पहले ही दिन अयातुल्ला खामेनेई सहित उसके शीर्ष नेतृत्व की पहली पंक्ति खत्म हो गई थी। उसके बाद ईरान ने तेजी से कदम उठाते हुए एक नया नेता चुना और एक नया सैन्य नेतृत्व स्थापित किया है। उधर अमेरिका-इजरायल गठबंधन ने घोषणा की कि वे उन्हें भी खत्म कर देंगे। तेहरान, सनंदाज, इस्फहान और ईरान के अन्य प्रमुख शहरों पर बमबारी की गई है और अब तक लगभग 1300 ईरानी मारे गए और 10,000 से अधिक घायल हुए हैं। एक अमेरिकी टामहाक मिसाइल एक स्कूल पर गिरी, जिसमें 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए। उन्होंने कौन-सा अपराध किया था?**

**भारी नुकसान** –ईरान को हुए व्यापक नुकसान में ये शामिल हैं-मिसाइल छोड़ने वाले ठिकाने जैसे सैन्य लक्ष्य, सशस्त्र बलों के अड्डे, नौसेना की संपत्तियां, हवाई सुरक्षा प्रणाली और उत्पादन सुविधाएं; घर, स्कूल और अस्पताल; प्रमुख तेल डिपो (जो अभी भी जल रहे हैं); आवश्यक बुनियादी ढांचा, जैसे जल आपूर्ति, विलवणीकरण संयंत्र आदि; सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बड़े जोखिम; और पर्यावरण को भारी नुकसान।

ईरान के दमनकारी माने जाने वाले शासन की प्रकृति को छोड़ दें और लोगों पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने ऐसा क्या किया कि उन्हें इस तबाही का हकदार माना गया? इजराइल के उकसाने पर अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने समृद्ध यूरेनियम का भंडार जमा कर लिया है और परमाणु हथियारों का निर्माण लगभग पूरा कर लिया है। कतर की मध्यस्थता से स्टीव विटकाफ और जेरेड कुशनर को अमेरिका की ओर से ईरान से बातचीत के लिए नियुक्त किया गया था।

युद्ध शुरू होने की आशंका से ओमान के विदेश मंत्री वाशिंगटन पहुंचे, ताकि अमेरिका को यह आश्वासन दे सकें कि ईरान 'समृद्ध यूरेनियम के शून्य भंडारण' पर सहमत हो गया है और उसने 'कभी भी परमाणु हथियार न रखने' की कसम खाई है। इस आश्वासन को दरकिनार करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक बातचीत खत्म कर दी और ईरान पर हमले का आदेश दे दिया।

इजरायल के विस्तारवाद के लिए ईरान खतरा हो सकता है, लेकिन वह संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कोई खतरा नहीं है। जून 2025 में 'आपरेशन मिडनाइट हैमर' एक गैर-कानूनी हमला था। इसके बाद अमेरिका ने दावा किया था कि 'ईरान की यूरेनियम संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से तबाह कर दी गई हैं।' उस अभियान (मिडनाइट हैमर) के बावजूद अगर ईरान ने परमाणु हथियार लगभग बना ही लिए थे, तो वे कहां हैं?

क्या अमेरिका ने परमाणु निगरानी संस्था आइएईए यानी 'अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी' से ईरान का निरीक्षण करने और परमाणु हथियारों के विकास पर कोई रपट देने के लिए कहा था? अमेरिका के पास यह तय करने का क्या अधिकार है कि किस देश के पास परमाणु हथियार होंगे और किसके पास नहीं? क्या अमेरिका अब भारत, पाकिस्तान या उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं में दखल देकर उन्हें 'तबाह' करने का फैसला करेगा?

खामोशी से मिलीभगत

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में इजराइल के कई दुश्मन हैं। इसकी जड़ें उस समय से जुड़ी हैं जब इजरायल का गठन उस जमीन पर हुआ था, जो मूल रूप से फिलिस्तीनियों की थी। इसके बावजूद इतने वर्षों के बाद इस्लामी देशों सहित पूरी दुनिया ने इजराइल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है। हालांकि भारत ने फिलिस्तीन के विभाजन प्रस्ताव (1947) के खिलाफ वोट दिया था, लेकिन बाद में सितंबर 1950 में भारत ने इजरायल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी और 1992 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध भी स्थापित हो गए। व्यापार, सैन्य सहयोग और खुफिया जानकारी साझा करने के मामले में इन संबंधों में काफी प्रगति हुई है।

पश्चिम एशिया के संघर्षों के मामले में भारत हमेशा से एक संतुलित और संयमित आवाज रहा है। मगर हाल के दिनों में भारत का रुख कुछ हद तक पक्षपातपूर्ण होता नजर आ रहा है। इसका प्रमाण 12 मार्च, 2026 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित उस प्रस्ताव के प्रति भारत का समर्थन है, जिसमें केवल ईरान की निंदा की गई थी। जब इजरायल के प्रधानमंत्री ने 'कट्टरपंथी शिया गठबंधन और उभरते हुए कट्टरपंथी सुन्नी गठबंधन' के मुकाबले में भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और भूमध्यसागरीय देशों को मिलाकर बने एक 'षट्कोणीय गठबंधन' की बात की, तो भारत ने इसके विरोध में एक शब्द भी नहीं कहा।



ट्रंप के लक्ष्यों में अब काफी बदलाव आ गया है। उनका ध्यान अब ईरान के परमाणु निरस्त्रीकरण से हटकर ईरान की सैन्य क्षमताओं को पूरी तरह नष्ट करने, वहां की सत्ता में परिवर्तन लाने और आखिरकार ईरान को बिना किसी शर्त के आत्मसमर्पण कराने पर केंद्रित हो गया है। उन्होंने ईरान की जनता से यह आह्वान किया है कि 'आप अपनी सरकार की बागडोर अपने हाथों में ले लें, यह आप सबकी ही होगी'। अपेक्षा के मुताबिक यह बात बेअसर साबित हुई। ट्रंप की मनमानी की वजह से तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई हैं। अमेरिका में महंगाई और ट्रंप प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। होर्मुज जलमार्ग ईरान के नियंत्रण में है और वहां से तेल टैंकरों की आवाजाही लगभग पूरी तरह से रुक गई है। भारत में एलपीजी सिलेंडरों की कमी हो गई है और उनकी कीमतों में भारी बढ़ोतरी की गई है। दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए हैं। अनुमान के मुताबिक, इस युद्ध पर हर दिन दो अरब डालर खर्च हो रहे हैं। इस युद्ध की मानवीय कीमत का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

युद्ध सबको बेनकाब करता है

मशहूर सैनिक जनरल ड्वाइट आइजनहावर ने कहा था कि युद्ध क्रूर, बेमानी और बेवकूफी भरा होता है। रूस ने चार साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था, लेकिन वह अब तक यह युद्ध जीत नहीं पाया है। इस बीच, रूस पर कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया है, तेल से होने वाली कमाई घट गई है और रूसी सेना को अब किराए के सैनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है। ईरान के मामले में अमेरिका द्वारा युद्ध रोकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। चूंकि यह युद्ध मशीनों के जरिए लड़ा जा रहा है, इसलिए जब तक मशीनों की आपूर्ति जारी रहेगी, अमेरिका इस युद्ध को जारी रख सकता है।

जब कोई देश युद्ध शुरू करता है, तो उसे यह भी पता होना चाहिए कि उसे कब रोकना है। युद्ध हर देश और हर इंसान का असली चेहरा सामने ले आता है। जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तो भारत ने उसकी निंदा नहीं की थी, लेकिन यह कहा था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है।' जब अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण किया था, तब इस तरह की नसीहतें सुनने को नहीं मिली थीं। पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा युद्ध में भी इस तरह की बातें बिल्कुल भी सुनने को नहीं मिल रही हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के पीछे नस्लीय और धार्मिक भावनाएं भी काम कर रही हैं। इजरायल एक साम्राज्यवादी देश के रूप में सामने आया है। इजरायल के साथ मिलकर काम करते हुए अमेरिका उन सभी सिद्धांतों को नकार रहा है, जिन पर उसकी नींव रखी गई थी। अफसोस की बात है कि भारत की अपनी ही गलतियों ने उसे उन लोगों के सामने एक कांपते हुए याचक जैसा बना दिया है, जो यह मानते हैं कि 'जिसके पास ताकत है, उसी का राज चलता है'।

# जिले में रसोई गैस की नहीं है कमी अफवाहों को करें नजरंदाज : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।इसलिए उपभोक्ताओं को पैनिक होने की आवश्यक्ता नहीं है।उक्त जानकारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। उन्होंने घरेलू एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही तमाम चचाओं और अफवाहों पर विराम लगाते हुए कहा है कि मध्य पूर्व के देशों के बीच आपसी विवादों या युद्ध के कारण घरेलू गैस की किल्लत होने की खबर निराधार है। जिले में गैस का पर्याप्त भंडारण है और आपूर्ति भी सामान्य है।डीएम ने कहा है कि जिले में विभिन्न कंपनी के कुल 54 गैस एजेंसी काम कर रही है।जिसके



पास आज की तिथि में कुल 16626 घरेलू तथा 1106 व्यवसायिक सिलेंडर उपलब्ध है। मंगलवार को हीं 5967 सिलेंडर आपूर्ति की जा रही है।


उन्होंने कहा कि गैस की कालाबाजारी,जमाखोरी एवं अनियमितता को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। सभी प्रखंडों में विशेष धावा दल काम कर रहा है। जो गैस आपूर्ति को लेकर हर गतिविधि पर पैनी नजर जमाये है। कटिहार प्रखंड में पाये गये एक अनियमितता के विरुद्ध सहायक थाना में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा है कि जमाखोरी या कालाबाजारी में संलिप्त पाये जाने पर एजेंसी या संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने हेल्पलाइन नंबर 06452- 239025 और 239026 जारी कर कहा है कि लोग अपनी समस्या दर्ज करा सकये हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से जरूरत होने पर ही सिलेंडर बुक कराने की अपील की है ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला पदाधिकारी बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों को सिलेंडर के निर्बाध आपूर्ति का निर्देश दिए गए हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह यादव,एएसपी अभिजीत सिंह एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन भी मौजूद रहे।

# भटवारा में विकास का 'बोर्ड' ऊंचा पर सड़क का काम 'नीचा'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ 1.5 करोड़ की योजना सिर्फ कागजों तक सीमित

**श्रवण कुमार शर्मा (कोढ़ा /कटिहार)।** बिहार सरकार ग्रामीण सड़कों को चकाचक करने के लाख दावा करे लेकिन जिला के कोढ़ा प्रखंड के भटवारा पंचायत की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत




भटवारा चौक से भटवारा पंचायत भवन तक बनने वाली सड़क आज भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती दिख रही है।

सरकारी बोर्ड पर साफ लिखा है कि कार्य प्रारंभ होने की तिथि 06/06/2025 थी और इसे 05/06/2026 तक पूरा होना है। हम मार्च 2026 के मध्य में हैं। यानी समय सीमा खत्म होने में 3 महीने से भी कम का वक्त बचा है।लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य कार्य अभी तक शुरू ही नहीं हुआ है। सड़क की कुल प्राक्कलित राशि 149.802 लाख लगभग 1.5 करोड़ रुपये है। इतनी बड़ी रकम आवंटित होने के बावजूद काम की कछुआ चाल समझ से परे है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क का जो थोड़ा-बहुत हिस्सा मोड़ पर बना भी था, वह अभी से टूटने लगा है। यह निर्माण की गुणवत्ता पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है। पंचायत भवन जाने वाली यह मुख्य सड़क है। काम शुरू न होने से उड़ती धूल और टूटी सड़क ने स्थानीय लोगों और राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है।आक्रोशित ग्रामीण शंकर मंडल ने कहा की समय गुजरता जा रहा है, ठेकेदार और विभाग चैन की नींद सो रहे हैं। क्या प्रशासन तब जागेगा जब मानसून सिर पर होगा और काम करना असंभव हो जाएगा। संवेदक जितेंद्र कुमार और कार्यपालक अभियंता ग्राकावि कार्य प्रमंडल कटिहार आखिर किस बात का इंतजार कर रहे हैं। क्या आवंटित बजट का सही इस्तेमाल हो रहा है या यह भी फाइलों में ही'दफन' हो जाएगा । जो हिस्सा अभी से टूट रहा है, क्या उसकी जांच होगी या लीपापोती कर दी जाएगी। अगर समय रहते इस पर संज्ञान नहीं लिया गया, तो यह सरकारी धन की बबार्दी का एक और जीता-जागता नमूना बनकर रह जाएगा। भटवारा की जनता अब 'तारीख' नहीं, 'ठोस सड़क' चाहती है। आक्रोशित ग्रामीणों में पवन कुमार, मुकेश कुमार, संजय कुमार राम, मनोज दास, सुरेश राय, मनीष राय ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क का कार्य चालू कराया जाए और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो।

## संक्षिप्त समाचार

### नवोदय प्रवेश परीक्षा में बरारी के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 - 27 के परिणाम में बरारी के करीब दर्जन छात्र छात्राओं ने बाजी मारी है। उपरोक्त सभी छात्र छात्राए बरारी के विभिन्न सरकारी विद्यालयो में कक्षा पांच में अध्ययनरत थे और स्थानीय आधुनिक शिक्षा निकेतन गुरुबाजार में इसके प्रवेश परीक्षा के सफल तैयारी में जुटे थे। इन छात्र छात्राओ के सफलता पर उनके अभिभावको ने आधुनिक शिक्षा निकेतन के निदेशक मिथिलेश कुमार झा सहित अन्य सहायक शिक्षको को शाधुवाद देते हुए हर्ष जताया है। साथ ही सफल छात्र छात्राओ में रौशन, निशिकांत, अमन, हंसराज, देव, श्रेयांश, समीर राजा, साजिद, अनिश राज, अंकाक्षा दीप आदि के सुन्दर भविष्य की कामना की है।

### सोशल मीडिया पर पार्टी विरोधी गतिविधि कांग्रेस ने दो नेताओं को 3 साल के लिए निकाला

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति ने कड़ा कदम उठाते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल दो नेताओं को तीन वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के चेयरमैन डॉ० रामेश्वर उरांव द्वारा जारी आदेश के अनुसार महशर इमाम जमुआ, गिरिडीह सच्चिदानंद सिंह पूर्व जिला महासचिव, गिरिडीह को लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है समिति ने बताया कि दोनों नेताओं को पहले जनवरी 2026 में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था महशर इमाम को 13 जनवरी को नोटिस, जवाब 18 जनवरी सच्चिदानंद सिंह को 13 जनवरी को नोटिस, जवाब 19 जनवरी लेकिन उनके जवाब असंतोषजनक पाए गए। यह कांग्रेस के अनुशासनात्मक नियमों की धारा 04 (क), (ख) और (ड) का उल्लंघन माना गया इसी के आधार पर दोनों को तीन वर्षों के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है इस आदेश की प्रतिलिपि झारखंड कांग्रेस प्रभारी, सह-प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और गिरिडीह जिला कांग्रेस कमिटी को भी भेज दी गई है।

### प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास, रखरखाव एवं प्रबंधन को लेकर उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न, दिए निर्देश

**खूंटी (नबिटासं)।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन स्थलों के बेहतर रखरखाव, प्रबंधन एवं समग्र विकास को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्रीमती आर० रॉनिटा की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी



संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा खूंटी जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटन स्थलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने डोम्बारीबुरु, पेरवाघाघ, उलिहातु, पंचघाघ सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के रखरखाव, प्रबंधन एवं साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों के विकास हेतु संचालित निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए विभाग द्वारा प्राप्त फंड का प्रभावी एवं पारदर्शी तरीके से सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले में पर्यटन को नई दिशा मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खेल एवं पर्यटन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (एनआरईपी), भवन प्रमंडल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण से कराह रहा शहर, नहीं मिल रही मुक्ति

**औरंगाबाद (नबिटासं)।** अतिक्रमण के कारण शहर की सड़कों पर चलने में परेशानी हो रही है। फुटपाथों पर अवैध कब्जे के कारण बाजारों में जाम की समस्या विकराल हो गई है। यहां तक कि नागरिकों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रमेश चौक, कचहरी रोड, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार, बाइपास से लेकर रामाबांध तक सड़क किनारे की जमीन पर अवैध कब्जा हो गया है। बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। अतिक्रमण के कारण नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है और मरीजों की जान भी खतरे में पड़ रही है। सदर अस्पताल से गंभीर मरीजों को ले जाने वाले एंबुलेंस प्रतिदिन जाम में फंस जाती है जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इधर अतिक्रमण के कारण सुबह से ही जाम की समस्या शुरू हो जाती है। शहर में अतिक्रमण की समस्या अब लाइलाज बन चुकी है। हालांकि जब कभी अधिकारी एक्शन में आते हैं तो सड़क से अतिक्रमण हटाते हैं पुनः स्थिति तस बनी हुई है। इससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ रहा है। पहले रमेश चौक से अदरी नदी तक अतिक्रमण का दायरा था परंतु अब यह ओवरब्रिज तक फैल चुका है। जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए फुटपाथों पर भी दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। फुटपाथ के अलावा सड़क के चारों ओर भी ठेला दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इधर नागरिकों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। रमेश चौक से नगर थाना तक लगने वाली जाम से नागरिक परेशान रहते हैं। नावाडीह के प्रदीप सिंह, विवेक सिंह ने बताया कि रमेश चौक से नगर थाना तक पहुंचने में 2० मिनट से अधिक का समय लग रहा है जबकि दूरी मात्र एक किमी है। बाइक से यात्रा करना भी मुश्किल हो गया है। जाम से निकलने में बाइक को 1० से 15 मिनट और कार को 2० से 25 मिनट लगते हैं। इतना होने के बावजूद भी यातायात पुलिस व नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### रेल कर्मचारियों ने की मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

**कटिहार (नबिटासं)।** एनएफ रेलवे इम्प्लाइज यूनियन कटिहार मंडल की ओर से रेल कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं मांगों के समाधान को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की है। यह भूख हड़ताल सुबह 9 बजे से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रेल परिसर में प्रारंभ हुई। इस संबंध में एनएफ रेलवे इंप्लाइज यूनियन के मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनके समाधान की मांग इंप्लॉई यूनियन द्वारा लगातार उठाई जाती रही है। लेकिन अब तक रेल प्रशासन द्वारा ठोस पहल नहीं होने के कारण अंत में संगठन को यह कदम उठाना पड़ा है। इंप्लाइज यूनियन के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने बताया कि यूनियन की प्रमुख मांगों में रेलवे बोर्ड के नियम 126/2018 एवं 212/2019 के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित वेतन निर्धारण को शीघ्र अंतिम रूप देना, पदोन्नति पर मिलने वाले अतिरिक्त इंक्रीमेंट से कटिहार मंडल के सीनियर ट्रेन मैनेजरों को वंचित रखने के कारणों का जवाब, पदों के पुनर्वितरण के नाम पर वर्तमान बीओएस में की जा रही कटौती को रोकना शामिल है। जबकि इसके अलावा रेल स्टाफ कैंटीन को पुनः चालू करने,सभी कार्यस्थलों पर महिला कर्मचारियों के लिए समुचित शौचालय की व्यवस्था, मेडिकल डी-कैटेगराइज्ड कर्मचारियों की उचित पदस्थापना, गैंग हाटों पर बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग शामिल है। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष पार्थो भौमिक, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पासवान, केंद्रीय सहायक सचिव परविंदर सिंह ढिल्लोंन, केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेम शंकर एवं रुपेश कुमार, मण्डल मंत्री रजनीश कुमार, मण्डल अध्यक्ष अनिल उपाध्याय, प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिँह अनुराग सौरभ,मुकुंद मिश्रा, इंदल राय, मृत्यंजय सिंह, एमएल गुप्ता, जेएन झा, विवेक कुमार, संतोष घोस, मिनजूर रहमान, बिराज प्रधान, प्रबीर दे, अबीरा चाकी,गौरी शंकर चौधरी,रोबिन सुब्बा,कौशिक उपाध्याय, महिला शाखा अध्यक्ष पवन कुमारी सैकड़ों की संख्या में यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ईद-रामनवमी पर प्रशासन अलर्ट

## एसडीओ बोले-भयमुक्त होकर मनाएं त्योहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** आगामी ईद और रामनवमी पर्व को लेकर बारसोई अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार ने मंगलवार को प्रेस से बातचीत में कहा कि सभी लोग निडर होकर, शांतिपूर्वक अपना त्योहार मनाएं प्रशासन हर कदम पर आपके साथ है।जिले से थाने तक शांति समितियों की बैठकें जारी है । एसडीओ राजू कुमार ने बताया कि दोनों पर्वों को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला स्तर, अनुमंडल स्तर तथा सभी थानों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों को भी शामिल



किया जा रहा है ताकि आपसी सद्भाव और विश्वास कायम रहे। फ्लैग मार्च से दहशत नहीं, विश्वास का संदेश है । संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि यह कदम भय फैलाने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा जगाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।चौक-चौराहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस तैनात। शहर और अनुमंडल के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल के साथ-साथ मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति से तत्काल निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल भी सक्रिय रहेगा।सीमावर्ती क्षेत्र होने से विशेष सतर्कता। बारसोई का सीमावर्ती क्षेत्र होना प्रशासन के लिए अतिरिक्त जिम्मेदारी लाता है। एसडीओ ने कहा कि इस भौगोलिक संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन विशेष रूप से चौकस है और सीमा पर भी निगरानी कड़ी कर दी गई है। एसडीओ राजू कुमार ने अंत में अपील की ।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने गोबरा घाट के पास से एक शराब तस्कर को विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोपालपुर गांव निवासी (24) लखींद्र कुमार सिंह पिता स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल से शराब लाकर थाना क्षेत्र के रास्ते कहीं और खपाने की फिराक में था।पुलिस ने गोबरा घाट के पास उसे दबोच लिया। उसके पास से विभिन्न ब्रांड के कुल 28.875 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है।

# उमवि बिजैली में हुई चोरी, ताला तोड़कर ले गये कम्प्यूटर व पंखा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजैली में चोरी कर अज्ञात चोरों ने कम्प्यूटर,की- बोर्ड सहित चार पंखा चुरा लिया।घटना को लेकर प्रधानाध्यापक हिरेन राय ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं थाना को सूचना आवश्यक कारवाई करने की गुहार लगाई है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि 17.01.2026 को 9.15 बजे विद्यालय पहुंचा। फिर क्रमशः अन्य शिक्षक भी पहुंचे। इसी दौरान बच्चों ने बताया कि वर्ग कक्ष का हैंडिल सहित ताला टूटा हुआ है।

देखने पर पाया गया कि तीन कमरे से चार पंखा और एक कमरे से विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया की-बोर्ड और कम्प्यूटर गायब है।उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी विद्यालय का चापाकल, नल, शौचालय के पाइप आदि सामानों की चोरी हुई थी। जिसकी सूचना विभाग सहित स्थानीय थाना को भी दी गई है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय बंद होने के बाद अक्सर शरारती तत्वों द्वारा जमा होकर सिगरेट,गांजा,एवं शराब का सेवन किया जाता है,और उसके अवशेषों को युं हीं छोड़ दिया जाता है।जिससे परिसर में गंदगी फैलती रहती है।उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में ठोस कारवाई करने की मांग की है।जिससे विद्यालय के बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से रोका जा सके।

# कदाचार मुक्त वातावरण में अंग्रेजी की परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के निदेर्शानुसार वर्ग 1 से 8 तक के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा आयोजित बीते 12 मार्च से किया गया हैं । इसी क्रम में मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में वर्ग 3 से 5 में अंग्रेजी विषय की परीक्षा प्रथम पाली में आयोजित की गई। वहीं द्वितीय पाली में वर्ग 6 से 8 तक अंग्रेजी की परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजित की गई।

इस संदर्भ में धनपाड़ा सीआरसी के प्रभारी समन्वयक सियाराम यादव ने बताया कि



धनपाड़ा सीआरसी में चार प्राथमिक विद्यालयों एवं पांच मध्य विद्यालयों में प्रथम एवं द्वितीय पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई जिसमें प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के 32, प्राथमिक विद्यालय भखरीपुर के 81,प्राथमिक विद्यालय रामनगर भट्टा के 55, प्राथमिक विद्यालय पिडा के 33 तथा आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा के 203, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलुआ के 184, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरेठा के 164 ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय पकड़िया के 242 , उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकौना में 466 छात्राओं ने भाग लिया। इस संदर्भ में धनपारा सीआरसी के संचालक सह प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय धनपाडा ने बताया कि हमारे सीआरसी में कदाचार मुक्त वातावरण में अंग्रेजी की विषय की परीक्षा संपन्न की गई। इस अवसर पर आदर्श मध्य विद्यालय की धनपाडा की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी श्वेता सुमन परीक्षकों में छाया कुमारी, चंदन कुमारी, नवनीता कुमारी, करुणा कुमारी, वर्षा कुमारी, सुशीला मरांडी, पवन कुमार, मनोज कुमार, तारकेश्वर कुमार ऋषि आदि उपस्थित रहे ।

# ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** मंगलवार को प्रखंड के बारसोई थाना परिसर में ईद एवं रामनवमी के पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बारसोई थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने की। बैठक में सभी पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी राय राखी। इस संबंध में बारसोई थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा कि ईद एवं रामनवमी का पर्व शांतिपूर्वक वातावरण में संपन्न हो जिसको लेकर यह बैठक रखी गई है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली के पर्व में यहां के लोग गंगा जमुना की तहजीब का पहचान दिया है। मुझे उम्मीद है कि ईद



एवं रामनवमी का पर्व शांतिपूर्वक वातावरण में संपन्न होगी। ईद के पर्व में ईदगाह एवं चौक चौराहे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। तथा दंडाधिकारी भी तैनात रहेंगे। रामनवमी के पर्व में पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे तथा चौक चौराहे पर पुलिस की तैनाती रहेंगे।

लोगों से अपील है कि अफवाह से बचें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की पहचान कर तुरंत पुलिस को सूचना दे। इस अवसर पर अब्दुल गनी, उप मुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह,सीमा यादव, वरुण कुमार झा, भाजपा जिला मंत्री पिंटू यादव, मामून रशीद, मेघनाथ मंडल, रोहन कुमार साहा, दुलाल शाह, राजेंद्र ठाकुर, मिहिर मुनीम, सोनू यादव, शिवकुमार यादव आदि दर्जन लोग मौजूद रहे।

# महादलित टोला में सोलर लाइट नहीं लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** प्रखंड के चांदपाडा पंचायत के महादलित टोला में पंचायत के द्वारा सोलर लाइट नहीं लगने से स्थानीय ग्रामीण में स्थानीय जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जांच कर महादलित टोला में सोलर लाइट लगाने की मांग की।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण टूबल राय, रंजीत राय ने कहा कि सरकार के द्वारा पंचायत के हर वार्ड में सोलर लाइट लगाया जा रहा है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा हमारे महादलित टोला को अनदेखी कर सोलर लाइट नहीं लगाया जा। प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग



करते हैं कि इसकी जांच कर महादलित टोला में सोलर लाइट लगाया जाए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने सूचना प्राप्त होते ही तुरंत संज्ञान लेते हुए पंचायत के पंचायत सचिव से दरभाष पर संपर्क कर तुरंत जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है। तथा स्थानीय मुखिया को भी योग स्थल पर सोलर लाइट लगाने का निर्देश दिया गया।

# जनता दरबार में सुनी गईं समस्याएं त्वरित समाधान के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को प्रशासन से सीधे जोड़ना और उनकी समस्याओं का पारदर्शी व त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

उपायुक्त ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक



सुनी और कई मामलों में मौके पर ही समाधान भी कराया, जबकि जटिल मामलों को तय समय सीमा के भीतर निपटाने का निर्देश दिया जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन योजना, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

# पैक्स चुनाव आज, तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लि.के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आज होना है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकल प्रखंड स्तर पर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने बताया कि प्रखंड के एक मात्र सौरिया पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव 18 मार्च को होना है।मतदान कर्मियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना कर दिया गया है।



उन्होंने बताया कि पैक्स में कुल 1716 मतदाता हैं।जिसके लिए तीन मतदान केन्द्र बनाया गया है।उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन शाम में प्रखंड संसाधन केन्द्र में बनाये गये मतगणना केन्द्र पर मतों की गिनती करा कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी संजीत कुमार सहित प्रखंड कर्मी एवं मतदानकर्मी मौजूद रहे।

# 31 मार्च तक निपटा लें 7 जरूरी काम, वरना डेड लाइन चूकने पर होगा बहुत नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च तक कई वित्तीय काम निपटाने जरूरी हैं। इस डेड लाइन को चूकने पर बड़े आर्थिक झटके का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पीपीएफ, इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा कराने, संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य निपटाना भी जरूरी है।

31 मार्च तक कई वित्तीय काम निपटाने जरूरी हैं। इस डेड लाइन को चूकने पर बड़े आर्थिक झटके का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पीपीएफ, निवेश के प्रूफ जमा कराने, संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य निपटाना भी जरूरी है। वर्तमान में दो प्रकार की टैक्स रिजीम काम कर रही हैं-पुरानी और नई इनकम टैक्स व्यवस्था। अगर टैक्सपेयर या संयुक्त हिन्दु परिवार यानी एचयूएफ पुरानी इनकम टैक्स व्यवस्था चुनता है तो वह इनकम टैक्स अधिनियम के तहत अलग-अलग धाराओं जैसे 80सी, 80डी, 80टीटीबी, 80ई, 80जी आदि के अंतर्गत विभिन्न कटौतियों का फायदा लेकर अपनी टैक्स देनदारी घटा सकता है। पुरानी इनकम टैक्स व्यवस्था चुनने वालों के लिए वित्त वर्ष 2025-26




के लिए 31 मार्च से पहले कर से जुड़ी बचत और निवेश का काम पूरा करना जरूरी है। पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना खाते को सक्रिय रखने के लिए वित्त वर्ष में निश्चित न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। पीपीएफ के लिए न्यूनतम राशि 500 रुपये और सुकन्या समृद्धि खाते के लिए 250 रुपये है। 12 महीने में एक बार यह राशि जमा करना जरूरी होता है। जिन कर्मचारियों ने अपने दफ्तर में वित्त वर्ष की शुरुआत में कर बचाने वाले निवेश की जानकारी दी थी, उन्हें नियत तारीख से पहले नियोक्ता को उससे जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य जमा करने होंगे। इससे चूकने पर नियोक्ता वेतन से ज्यादा टीडीएस कटौती कर सकता है। जिन लोगों ने होम लोन लिया है, उन्हें अपने बैंक से स्टेटमेंट या ब्याज का प्रमाणपत्र डाउनलोड कर लेना चाहिए। इनकम टैक्स कानून के तहत, करदाता होम लोन के ब्याज पर दो लाख रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। मूल राशि के पुनर्भुगतान पर 1.5 लाख रुपये तक की कटौती धारा 80सी के तहत उपलब्ध है। संशोधित रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2026 है। पहले दाखिल किए गए रिटर्न में कोई गलती है या अन्य जानकारी देना भूल गए हैं।

## शार्क अनुपम मित्तल के निवेश वाली कंपनी का आएगा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्केट को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी ने तीन कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इन तीन कंपनियों एक भी है। इस कंपनी में गोल्डमैन स्कैस और शार्क अनुपम मित्तल की कंपनी शादी डॉट कॉम ने पैसा लगाया है। मार्केट को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी ने तीन कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इस कंपनी में गोल्डमैन स्कैस और शार्क अनुपम मित्तल की कंपनी शादी डॉट कॉम ने पैसा लगाया है। बता दें, तीन ऐसी कंपनियां भी हैं जिन्होंने बाजार की मौजूदा स्थिति



को देखने हुए आईपीओ को वापस लेने का फैसला किया है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस कंपनी के आईपीओ पर निवेशकों की निगाह रहेगी। कंपनी फ्रेश इश्यू के जरिए 250 करोड़ रुपये जुटाती हुई नजर आ सकती है। वहीं, कंपनी के मौजूदा प्रमोटर्स आईपीओ के जरिए 26.85 करोड़ शेयर बेचने की तैयारी में हैं। ऑफर फार सेल के जरिए प्रमोटर्स वैभव अग्रवाल और आदर्श मनपुरिया अपने हिस्से के शेयरों को बेच रहे हैं। इसके अलावा अनुपम मित्तल, अपने हिस्सेदारी के शेयर बेचते नजर आएंगे। आईपीओ लाने की मंजूरी सेबी ने दे दी है।

## 47वीं बार डिविडेंड देने जा रही है नवरत्न कंपनी आरईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरत्न कंपनी आरईसी लिमिटेड ने फिर से डिविडेंड देने का फैसला किया है। यह 47वीं बार जब कंपनी एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी। कंपनी ने इस बार एक शेयर पर 3.20 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर 32 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। योग्य निवेशकों को एक शेयर 3.20 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 20 मार्च 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। पहली बार शेयर बाजार में 2008 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 3 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2009 में कंपनी ने एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड निवेशकों को दिया था। बात दें, आखिरी बार शेयर बाजार में शेयर 6 फरवरी 2026 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब योग्य निवेशकों को हर एक शेयर पर 4.60 रुपये का फायदा मिला था।

# युद्ध का असर: संकट में भारतीय एयरलाइंस और हल्की हो रही हवाई यात्रियों की जेब

### भारतीय एयरलाइंस का भविष्य खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू विमान उद्योग पहले से ही भारत-पाक संघर्ष, एयर इंडिया विमान दुर्घटना और इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के संकट से जूझ रहा था। अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध भारतीय एयरलाइंस को बड़े घाटे की ओर ले जा रहा है। भारतीय एयरलाइंस का भविष्य खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है, क्योंकि भारत के कुल अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का 51 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ खाड़ी देशों (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई) से आता है। पेश है भारतीय एयरलाइंस की मुश्किलों पर पड़ने वाले प्रभावों पर मंजुल पॉल की रिपोर्ट। तनाव और संघर्ष का असर हवाई यात्रियों की जेब पर दिखने लगा है। इंडिगो, एयर इंडिया और अकासा एयर ने पहले 199 से 2,300 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद है। ऐसे में पश्चिम एशिया के वैकल्पिक रास्तों में बाधा आने से यात्रा का समय और ईंधन की लागत दोनों बढ़ गए हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट किंजल शाह ने बताया कि पश्चिम एशिया के लिए होने वाला परिचालन भारतीय विमानन उद्योग के कुल राजस्व का 15-20 फीसदी हिस्सा है। आंकड़ों से पता चलता है कि मुख्य भारतीय एयरलाइंस को वित्त वर्ष 2025 में कुल 4,600 करोड़ का नुकसान हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान स्थिति और भी खराब थी, जब एयरलाइंस को मुख्य रूप से एटीएफ की ऊंची कीमतों और रुपये के अवमूल्यन के कारण लगभग 20 हजार करोड़ का भारी नुकसान हुआ था। वर्ष 2025 में भारत के अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात का विवरण (प्रतिशत में) खाड़ी देश - 51 फीसदी अन्य 48 प्रतिशत तीन देश - 1 फीसदी (इसमें अजरबैजान, जॉर्डन और तुर्किये शामिल) टॉप-7 अंतरराष्ट्रीय रूट में पांच संघर्षरत गत 14-28 मार्च के दौरान 3,288 अंतराष्ट्रीय विमानों के शेड्यूल विश्लेषण से पता चलता है कि इंडियन




एयरलाइंस के अंतरराष्ट्रीय बिजनेस पर बहुत ज्यादा दबाव है। शीर्ष सात इंटरनेशनल रूट में से पांच दुबई, अबू धाबी और शारजाह, दोहा और जेद्दा संघर्षग्रस्त हैं। इन्हीं रूट पर इंडियन एयरलाइंस की 1,303 फ्लाइट्स या कुल इंटरनेशनल फ्लाइट्स का 40 फीसदी हिस्सा ऑपरेट होता है। एयरलाइन-वार एनालिसिस से पता चलता है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट की लगभग 90 फीसदी फ्लाइट्स पश्चिम एशिया से आने-जाने के लिए शेड्यूल थीं, जबकि एयर इंडिया और इंडिगो के लिए यह हिस्सा 22-51 फीसदी था। पिछले साल 11 दिसंबर को संसद में शीर्ष पांच सरकारी और निजी एयरलाइंस के बारे में साझा डेटा से पता चलता है कि मुख्य भारतीय एयरलाइंस (एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर, इंडिगो और स्पाइसजेट) को वित्त वर्ष 2025 में कुल 4,600 करोड़ का नुकसान हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान स्थिति और भी खराब थी।

### सोने-चांदी को लेकर क्या करें निवेशक

# सोने की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़े भू-राजनीतिक जोखिमों और डॉलर में आई उतार-चढ़ाव ने इस कीमती धातु की मांग को बढ़ा दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के अप्रैल वायदा अनुबंध में आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई और यह 1,56,740 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी के मई वायदा में भी मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 1 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगी और यह 2,59,569 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया। सिंगापुर में सुबह स्पॉट गोल्ड 5,005.54 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर रहा। चांदी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 80.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले सत्र में इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, तेल की कीमतों में सोमवार को गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी देखी गई। इस साल सोने की कीमतों में अब तक करीब 16 प्रतिशत की तेजी आई है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं, जिससे निवेशक महंगाई बढ़ने और आर्थिक विकास पर असर पड़ने की आशंका को लेकर चिंतित हैं। तेल की ऊंची कीमतें सीधे तौर पर महंगाई बढ़ाने का काम करती



हैं, जिससे सोना एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 मार्च को होने वाली नीतिगत बैठक से पहले अमेरिकी डॉलर में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच उम्मीद जताई जा रही है कि अमेरिकी फेड इस बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगा। ब्याज दरों में कटौती न होने की संभावना से डॉलर को कुछ मजबूती मिल सकती है, लेकिन मध्य पूर्व का संकट सोने की मांग को बनाए रखेगा। ऑगमॉन्ट मेंशोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने बताया कि दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के बीच कीमती धातुएं फिलहाल एक कंसोलिडेशन के दौर से गुजर रही हैं। ऐसे में सोने और चांदी दोनों के लिए अहम तकनीकी स्तर सामने आ रहे हैं। उन्होंनेकहा, 'सोने की कीमतों को लगभग 5,000 डॉलर का समर्थन (सपोर्ट) मिला है, जबकि चांदी 80 डॉलर के स्तर के आसपास स्थिर बनी हुई है। बाजार में उतार-चढ़ाव के इस माहौल में ये स्तर बेहद अहम सपोर्ट जोन हैं, जो अलग-अलग आर्थिक धारणाओं से प्रेरित है।

## 1 अप्रैल से लागू होंगे नए आयकर नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 1 अप्रैल 2026 से देश में आयकर से जुड़े नए नियम लागू होने जा रहे हैं।



सरकार ने आयकर नियम, 2026 का ड्राफ्ट जारी किया है, जो पुराने आयकर अधिनियम, 1961 की जगह नया आयकर अधिनियम, 2025 को सपोर्ट करेंगे। इन नियमों को 15 दिन की सार्वजनिक समीक्षा के लिए जारी किया गया था। नए नियम मुख्य तौर पर सैलरी पाने वाले कर्मचारियों, मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स और कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इनमें सैलरी से जुड़े पर्क, कंपनी सुविधाओं और कुछ आय के टैक्स की गणना को ज्यादा स्पष्ट किया गया है। सरकार के मुताबिक, ये नए नियम वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होंगे, यानी इनका असर असेसमेंट ईयर 2027-28 से दिखाई देगा। नियमों में कई ऐसे फॉर्मूले और सीमाएं तय की गई हैं, जिनके आधार पर टैक्स अधिकारी यह तय करेंगे कि किसी कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाओं या लाभों का टैक्सेबल वैल्यू कितना होगा। टैक्स विशेषज्ञों का कहना है कि इससे सैलरी से जुड़े टैक्स कैलकुलेशन में ज्यादा पारदर्शिता आएगी। नए नियमों के अनुसार, अगर किसी कर्मचारी के रिटायरमेंट फंड में कंपनी का कुल योगदान साल में 7.5 लाख रुपये से ज्यादा होता है, तो उस अतिरिक्त हिस्से पर टैक्स लगेगा। इसमें प्रोविडेंट फंड नेशनल पेंशन सिस्टम और सुपरएनुएशन फंड शामिल हैं। इतना ही नहीं, 7.5 लाख रुपये से ऊपर की राशि पर मिलने वाली कमाई भी टैक्सेबल मानी जाएगी। कंपनी द्वारा दिए जाने वाले घर यानी कंपनी अकॉमोडेशन के टैक्स नियम भी स्पष्ट किए गए हैं। निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए टैक्सेबल वैल्यू शहर की आबादी के हिसाब से तय होगी।

# खुल गया है सेम आईपीओ, ग्रे मार्केट की मौजूदा स्थिति ने बढ़ाई टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोवस लॉयल्टी आईपीओ आज खुल गया है। कंपनी का आईपीओ 20 मार्च तक खुला रहेगा। इस आईपीओ का साइज 60.15 करोड़ रुपये का है। आईपीओ फ्रेश शेयर और ऑफर फार सेल दोनों के तहत जारी किया जाएगा। कंपनी फ्रेश इश्यू के जरिए 33 लाख शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए कंपनी के मौजूदा निवेशक 0.08 करोड़ शेयर बेचेंगे। प्राइस बैंड 139 रुपये से 146 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। रिटेल निवेशकों को कम से कम 2 लॉट पर दांव लगाना होगा। जिसकी वजह से निवेशकों को 292000 रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा। बता दें, बीएसई एसएमई में कंपनी की लिस्टिंग होगी। एंकर निवेशकों के लिए




आईपीओ 16 मार्च 2026 को खुला था। एंकर निवेशकों से कंपनी ने 16.50 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों को जारी 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड महज 30 दिन का ही है।

इस कंपनी की शुरुआत 2011 में हुई थी। टेक्नोलॉजी आधारित कंपनी फिनटेक, ई-कॉमर्स, सॉफ्टवेयर, बैंकिंग,एफएमएसीजी, रियल एस्टेट सहित अन्य को लॉयल्टी और रिवार्ड्स सॉल्यूशंस प्रदान करती है। कंपनी कस्टमाइज और रेडी टू यूज प्रोग्राम मॉडल्स पर इसका आयोजन करती है।

**आईपीओ से जुटाए पैसों का क्या करेगी कंपनी:** नए प्रोडक्ट के लिए कंपनी 13 करोड़ रुपये का उपयोग करेगी। वहीं, आईपीओ से जुटाए पैसों में 9.62 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी की तरफ से बिजनसे डेवलपमेंट और मार्केटिंग एक्टिविटी के लिए लोगों की नियुक्ति करेगी। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ जीरो रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। आईपीओ को लेकर ग्रे मार्केट में कोई भी हलचल नहीं है।

## हार्वर्ड के गुरु-चेले ने बेचनी शुरू की चाय, आज 234 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हार्वर्ड के गुरु-चेले ने चाय बेचकर करोड़ों का साम्राज्य खड़ा किया है। बेंगलुरु से इसकी शुरुआत हुई। 'चाय पॉइंट' के रूप में। अमूलीक सिंह बिजराल और तरुण खन्ना ने मिलकर 2010 में इसकी नींव रखी। बिजराल हार्वर्ड बिजनेस स्कूल (2006 बैच) में छात्र थे। वहीं पर तरुण खन्ना उनके प्रोफेसर। चाय पॉइंट का आइडिया 2009 में मुंबई के एक कैफे में दोनों की चाय पर बातचीत के दौरान आया था। यह ब्रांड कई तरह की चाय की पेशकश करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसने 234.7 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया। आइए, यहां अमूलीक सिंह बिजराल और तरुण खन्ना की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। बेंगलुरु में साल 2010 में चाय पॉइंट की कहानी शुरू हुई। इसे अमूलीक सिंह बिजराल और तरुण खन्ना ने मिलकर खड़ा किया। अमूलीक हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के छात्र थे और तरुण वहां उनके प्रोफेसर। इस बिजनेस का आइडिया 2009 में मुंबई के एक कैफे में चाय पर हुई चर्चा के दौरान जन्मा था। आज यह ब्रांड भारत के 9 प्रमुख शहरों में 180 से अधिक रिटेल स्टोर और 3,500 से ज्यादा वर्कप्लेस कम्युनिटी हब के जरिये हर दिन लगभग 7 से 10 लाख कप चाय परोस रहा है। यह चाय पर आधारित एक बेवरेज प्लेटफॉर्म है। इसका एक बड़ा ओमनीचैनल नेटवर्क है।

# ओपीएस के तहत 69 लाख केंद्रीय कर्मचारी पेंशन भोगी, एनपीएस के तहत 50000 से भी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में कर्मचारी संघ लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। यह मुद्दा संसद में भी बार-बार उठता रहा है, जहां तर्क दिया जाता है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली कर्मचारियों को बाजार जोखिम में डालती है। केंद्र सरकार ने एक बार फिर राज्यसभा में इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार में फिलहाल लगभग 50.14 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। हालांकि, पेंशनभोगियों की संख्या को देखें तो एक बड़ा वर्ग आज भी पुरानी पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहा है। पुरानी पेंशन योजना के तहत लगभग 69 लाख पेंशनभोगी हैं। जबकि, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत 31 जनवरी, 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार लगभग 49,802 पेंशनभोगी हैं। यह अंतर इसलिए है क्योंकि 1 जनवरी, 2004 से पहले सरकारी सेवा में शामिल होने वाले कर्मचारियों पर लागू होती थी, जबकि इस तिथि के बाद जॉइन करने वालों के लिए है।

सरकार ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में के तहत मासिक पेंशन भुगतान में देरी का कोई मामला सामने नहीं आया है। वित्त




मंत्रालय और पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण को वार्षिकी सेवा प्रदाताओं द्वारा देरी की कोई शिकायत नहीं मिली है।

केंद्र सरकार ने कहा कि को बहाल करने का फैसला पूरी तरह से राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में है, क्योंकि उनके कर्मचारियों की पेंशन नीति उनका विषय है। हालांकि, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने में वापसी को लेकर चेतावनी जारी की है। इससे राज्यों के वित्त पर दीर्घकालिक पेंशन देनदारियों का दबाव बढ़ सकता है। वित्तीय चिंताओं के बावजूद, कर्मचारी संघों के दबाव में कई राज्य पहले ही पुरानी पेंशन योजना में लौट चुके हैं। इनमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और झारखंड शामिल हैं।

यह एक निश्चित लाभ वाली पेंशन प्रणाली थी। इसमें कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आखिरी वेतन का 50 प्रतिशत नियमित महंगाई भत्ते के साथ मिलता था। इसमें कर्मचारी को कोई योगदान नहीं देना होता था। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली यह एक निश्चित योगदान वाली प्रणाली है। इसमें कर्मचारी और सरकार दोनों ही पेंशन फंड में योगदान करते हैं, जिसे बाजार से जोड़ा जाता है। अंतिम पेंशन जमा राशि और उस पर मिलने वाले रिटर्न पर निर्भर करती है। एकीकृत पेंशन योजना तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए सरकार ने हाल ही में पेश की है। इसका उद्देश्य योगदान वाली प्रणाली को बनाए रखते हुए अधिक अनुमानित और सुनिश्चित पेंशन लाभ प्रदान करना है।

सरकार ने पेंशन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए डिजिटल कदमों पर भी प्रकाश डाला। 'भविष्य' सॉफ्टवेयर के माध्यम से एक सरल पेंशन आवेदन फॉर्म पेश किया गया है। पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट एनपीएस निकासी के लिए डिजिटल प्रक्रिया और एसएमएस/ईमेल अलर्ट जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं। सरकार के अनुसार, इन कदमों का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और पेंशन सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना है।

### खबर से शेयरों को खरीदने की होड़, 10 प्रतिशत उछला भाव

# सागर सीमेंट का बिकने जा रहा 7.4 प्रतिशत हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सागर सीमेंट्स लिमिटेड अपनी सब्सिडियरी कंपनी आंध्र सीमेंट्स लिमिटेड में हिस्सेदारी बेचने जा रहे हैं। इस खबर का असर मार्केट ओपनिंग के समय पर देखने को मिला। के शेयरों में आज पर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों का भाव 10 प्रतिशत की उछाल के बाद 56 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया। वहीं शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान 2 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। हालांकि, इसके बाद कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट आई है। लेकिन फिर से स्टॉक रिकवर कर लिया। आइए डीटेल्स में जानते हैं इस कंपनी के विषय में ... स्टॉक एक्सचेंज को बताया है कि ऑफर फार सेल प्रक्रिया के जरिए आंध्र सीमेंट के 66,76,843 शेयर बेच रहे हैं। जोकि कंपनी के 7.24 प्रतिशत हिस्से के बराबर है। इस हिस्सेदारी बेचने के पीछे की वजह कम से कम पब्लिक शेयरहोल्डिंग का नियम है। बता दें, ऑफर फार सेल की प्रक्रिया को 18 मार्च 2026 तक पूरा किया जा सकता है।

### शेयरों में तेजी के बाद गिरावट

बीएसई में कंपनी का शेयर 175 रुपये के लेवल पर खुला है। दिन में कंपनी का शेयर 170.70 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर आ गया। गिरावट के बाद निवेशकों में एक बार फिर से खरीदारी की होड़ दिखी। जिसकी वजह से शेयर करीब 2 प्रतिशत की तेजी के साथ ट्रेड करने लगा। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 37 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं, एक साल में यह स्टॉक 2.85 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। 52 वीक हाई 300 रुपये और 52 वीक लो लेवल 155.05 रुपये है। कंपनी का मार्केट



कैप 2286 करोड़ रुपये का है।

दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 20 प्रतिशत गिरा है। वहीं, तीन साल में यह स्टॉक 11.73 प्रतिशत लुढ़क चुका है। पिछले 10 साल में शेयरों की कीमतों में 128 प्रतिशत की तेजी आई है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 207 प्रतिशत के रिटर्न की तुलना में भी काफी कम है।

# पहली अप्रैल से प्रतिदिन चलेगी भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस

## यात्रियों को होगी सहूलियत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला और झारसुगुडा स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेन नंबर 18403/18404 का नियमित परिचालन 1 अप्रैल से प्रतिदिन होगा।

इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे के डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर श्रीनिवास सामंत ने रेलवे बार्ड से स्वीकृति मिलने के बाद अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 1 अप्रैल से प्रतिदिन ट्रेन नंबर 18403 भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस का परिचालन होगा, जबकि 02 अप्रैल से ट्रेन नंबर 18404 धनबाद -भुवनेश्वर एक्सप्रेस का परिचालन प्रतिदिन होगा। इससे पहले यह ट्रेन भुवनेश्वर-धनबाद -भुवनेश्वर स्पेशल के नाम से और इस ट्रेन नंबर 02832/02831 नंबर के साथ चल रही थी। स्पेशल का टैग हटते ही इस ट्रेन का किराया 25 प्रतिशत तक कम होगा, जिससे यात्रियों की जेब को राहत मिलेगी।

ट्रेन नंबर 18403 भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस 1 अप्रैल से प्रतिदिन भुवनेश्वर स्टेशन से रात 8:25 बजे प्रस्थान करेगी और झारसुगुडा स्टेशन दूसरे दिन अहले सुबह 2:10 बजे, राउरकेला अहले सुबह 3:45 बजे और धनबाद स्टेशन सुबह 11 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 18404 धनबाद - भुवनेश्वर एक्सप्रेस 2 अप्रैल से प्रतिदिन धनबाद स्टेशन से शाम 4:00बजे प्रस्थान करेगी और राउरकेला स्टेशन रात 11:15 बजे एवं झारसुगुडा स्टेशन दूसरे दिन अहले सुबह 01:15 बजे और भुवनेश्वर स्टेशन सुबह 08:15 बजे पहुंचेगी।

भुवनेश्वर, कटक, ढेंकनाल, तालचेर रोड, अंगुल, केरेजांगा, रायराखोल, संबलपुर सिटी, झारसुगुडा, राउरकेला, नुवागांव, हटिया, रांची, मुरी, कोटशिला, बोकारो स्टील सिटी, राजबेरा, चंद्रपुरा, धनबाद।

# शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी गंगा नदी किनारे एक युवक का शव मिलते ही सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी देसरी थाने की पुलिस को दी।

घटना की सूचना मिलते ही देसरी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया। हालांकि शव की पहचान नहीं हो सकी। घटना की जानकारी फॉरेंसिक टीम को दी गई। सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट का निशान है। वहीं सर पर गंभीर जख्म हैं, आशंका जताई जा रही है कि युवक की कहीं हत्या करके शव छुपाने के उद्देश्य से नदी किनारे फेंक दिया गया है।

# पुलिस ने सुलझायी हत्या की गुत्थी

## पत्नी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाटन।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात झारखंड के पलामू जिले से सामने आई है। यहां एक पत्नी ने अपने ही सुहाग को ऐसी दर्दनाक मौत दी, जिसे सुनकर रोंगटे खड़े हो जाएं।

प्रेमी के प्यार में पागल पत्नी ने न केवल पति को जहर दिया, बल्कि उसके साथ ऐसी हैवानियत की जिसे देखकर पुलिस भी दंग रह गई। मामला नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कतरी गांव का है।

15 मार्च को यहां पंकज यादव का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पंकज की पत्नी, पिंकी देवी उर्फ मधु ने इसे आत्महत्या का रूप देने की पूरी कोशिश की और पुलिस को गुमराह करते हुए इसे सुसाइड बताया।

पुलिस को शुरूआत से ही पत्नी की बातों पर शक था। जब गहराई से जांच शुरू हुई और पंकज के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, तो सच की परतें खुलती चली गईं। पुलिस जांच में जो बातें सामने आईं, वो बेहद खौफनाक थीं।

पिंकी ने पहले अपने पति को खाने में जहर मिलाकर खिलाया। जब पंकज बेसुध होने लगा, तो आरोपी पत्नी ने उसके प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट पहुंचाई। नफरत और हैवानियत इस कदर थी कि पिंकी ने पति के शरीर को कई जगहों पर दांतों से काट खाया।

जानकारी के मुताबिक, पंकज और पिंकी की शादी 2024 में हुई थी। पंकज पेशे से मजदूर था और काम के सिलसिले में साल में सिर्फ एक-दो बार ही घर आता था। इसी बीच पिंकी का अपने मायके में एक युवक के साथ अवैध प्रेम संबंध बन गया।

वह ज्यादातर समय अपने मायके में ही रहती थी। इस दंपति का एक साल का बच्चा भी है, लेकिन ममता पर प्रेमी का मोह भारी पड़ गया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पत्नी पिंकी देवी का मायके में एक लड़के के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

प्रेमी के उकसावे पर ही उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 461.90 करोड़ की लागत वाली सड़क आठवीं बार फिर धंसी

## गुणवत्ता पर उठने लगा है सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य की पहली आठ लेन सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। अपने उद्घाटन के बाद से 461.90 करोड़ की 20 किलोमीटर की सड़क में यह आठवीं बार है जब यह धंस गई।

मंगलवार को झारखंड मोड़ से 99 कोयलांचल सिटी के बीच सर्विस लेन में बड़ा गोफ बन गया। लगभग तीन फीट चौड़ा और आठ फीट गहरा गड्ढा बन गया। सड़क के नीचे काफी मात्रा में जलजमाव दिखा। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। कई दोपहिया वाहन इसमें गिरते गिरते बचे। इस सड़क का निर्माण स्टेट हाईवे अथॉरिटी आफ झारखंड (साज) ने दो एजेंसियों शिवालया और त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन को काम सौंप कर कराया है।

गोल्ड बिल्डिंग से लेकर कांकोमठ को मठ तक 20 किलोमीटर आठ लेन सड़क का उद्घाटन पांच अक्टूबर 2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। इसके बाद से लगातार लगभग तीन-चार महीने के अंतराल पर आधा दर्जन जगह सड़क धंस गई। पिछले वर्ष तो बड़ा गड्ढा बन जाने के कारण इस सड़क पर आवागमन तक कई दिनों तक रोकना पड़ गया।

गोल बिल्डिग से कांको मठ तक बनी झारखंड की पहली 20 किमी लंबी आठ लेन सड़क के निर्माण दो एजेंसियों ने कराया। बिनोद बिहारी महतो चौक से कांकोमठ तक 9.30 किलोमीटर की सड़क का निर्माण त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन ने पूरा किया है। गोल बिल्डिग से बिनोद बिहारी महतो चौक तक 11.70 किमी सड़क निर्माण का काम शिवालय कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कराया है। दोनों ही कंस्ट्रक्शन कंपनियों के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाया जा रहा है।

# सिलिंडर ब्लास्ट मामले में एजेंसी का संचालक गिरफ्तार


## घर के भीतर चल रहा था अवैध गैस गोदाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बीते रविवार को शहर के बैरिया चौक पर हुए एलपीजी सिलिंडर ब्लास्ट मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पांडू के गैस एजेंसी संचालक अजय कुमार साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शहर थाना प्रभारी ज्योतिलाल रजवार के नेतृत्व में पुलिस ने अजय कुमार साहू के निशानदेही पर बाजार समिति स्थित शेड से 26 घरेलू और 10 कमर्शियल सिलिंडर जब्त किए।

वहीं, अजय साहू के वाहन में छिपाए गए 36 घरेलू सिलिंडर को भी बरामद किया गया। छापेमारी टीम में पुअनि बालकृष्ण, सुमित कुमार रवि और संजीव कुमार मल्लिक शामिल थे।



इसके पहले, मेदिनीनगर सदर प्रखंड के बीडीओ के आवेदन पर सोमवार देर रात शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

जांच में खुलासा हुआ कि जिस मकान में विस्फोट हुआ, वहां गैस का अवैध भंडारण चल रहा था। पांडू थाना क्षेत्र में संचालित एजेंसी का स्टाक मेदिनीनगर में रखकर कालाबाजारी की जा रही थी।

रिहायशी इलाके में यह गैस गोदाम सीधे तौर पर लोगों की जान के लिए खतरा था। घटनास्थल से 5 भरे, 35 खाली और 21 कमर्शियल सिलिंडर बरामद हुए लेकिन दूसरे दिन जांच में सामने आया कि 36 सिलिंडर गायब हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि हादसे के बाद साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई।

फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने मौके से सैंपल जुटाए हैं, ताकि ब्लास्ट के कारणों की वैज्ञानिक जांच हो सके। जिला प्रशासन ने रिपोर्ट में एजेंसी का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि रिहायशी इलाके में इतने बड़े पैमाने पर अवैध गैस भंडारण कैसे चल रहा था। जांच में लापरवाही या मिलीभगत का संदेह जाहिर हुआ। टीओपी-3 प्रभारी और पेट्रोलिंग टीम प्रभारी समेत नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया।

यह घटना केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि एक चेतावनी है कि अवैध भंडारण और कालाबाजारी का नेटवर्क आम लोगों की जान के लिए कितने खतरनाक हो सकता है।

सवाल अब यह है कि क्या इस कार्रवाई के बाद शहर के साहित्य समाज चौक, हमीदगंज पत्थर मिल रोड, थाना रोड, रेड़मा, पांकी रोड, बेलवाटिका, जयश्री पुस्तक भंडार गली, तिनकोनिया, सद्दीक मंजिल चौक जैसे इलाकों में अवैध रूप से संचालित गैस रिफिलिंग सेंटरों पर कार्रवाई होगी, या प्रशासन यहां भी किसी हादसे होने का इंतजार करेगा?

# हाइवा फूंके जाने से लोग दहशतजदा

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव ।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में अपराधियों का दुस्साहस थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने छरी (पत्थर) लदे एक हाईवा को रोककर उसमें आग लगा दी। घटना के बाद लोग दहशत में बताये जा रहे हैं।

घटना में वाहन का इंजन और चेचिस पूरी तरह जलकर राख हो गया, जबकि डाला को आग से बचा लिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घटना बड़कागांव थाना क्षेत्र के होरमझहरली पथ स्थित मुड़कट्टी चौक के पास रात करीब 11 बजे हुई। बताया जाता है कि हाईवा इचाक से छरी लेकर हरली गांव की ओर जा रहा था।

जैसे ही वाहन मुड़कट्टी चौक के पास पहुंचा, अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर वाहन को रोक लिया। इसके बाद चालक को जबरन नीचे उतार दिया और हाईवा के इंजन व चेचिस में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना के एसआई राकेश कुमार पुलिस बल और अग्निशमन दल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन का इंजन और चेचिस पूरी तरह जल चुका था।

इधर, इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, बड़कागांव थाना में हाल ही में थाना प्रभारी का बदलाव हुआ है।

पूर्व थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता को क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के कारण लाइन हाजिर किए जाने की चर्चा है। उनकी जगह दीपक कुमार सिंह को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि दीपक कुमार सिंह ने शाम करीब सात बजे ही प्रभार संभाला था और कुछ ही घंटों बाद यह वारदात हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार हाल के दिनों में थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं। नापोखुर्द गांव में हुए खूनी संघर्ष में दो लोगों की हत्या और छह लोगों के घायल होने की घटना के बाद विभाग भी सख्त हुआ था।

इस संबंध में नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में छापेमारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

# चालू वित्तीय वर्ष में बीयर की अप्रत्याशित बिक्री से बढ़ा राजस्व

## अब तक हो चुकी है 5.01 करोड़ लीटर बीयर की बिक्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लोग 11 माह के भीतर 4.81 करोड़ लीटर बीयर पी गए। कोरोना संक्रमण काल के बाद हाल के दो वर्षों में राज्य में बीयर ही नहीं शराब की भी खपत बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 2.52 करोड़ लीटर बीयर की बिक्री हुई थी।

वहीं, 2023-24 में 4.03 करोड़ लीटर व 2024-25 में 5.01 करोड़ लीटर बीयर की बिक्री हो चुकी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 11 महीने में 4.81 करोड़ लीटर बीयर की बिक्री हो चुकी है।

इसमें मार्च की बिक्री अभी शेष ही है। राज्य में शराब की बिक्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे राजस्व का प्रतिशत भी बढ़ रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में जहां 2056.92 करोड़ रुपये का राजस्व आया था, वहीं, 2023-24 में 2376.10 करोड़ व 2024-25 में 2710.53 करोड़ रुपये का राजस्व आया था।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में 11 महीने में फरवरी माह तक 3636.61 करोड़ रुपये का राजस्व आ गया है। यह शराब की बिक्री में बढ़ोतरी को बताता है।



राज्य में देसी व विदेशी शराब की बिक्री भी बढ़ी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25.78 लाख लीटर देसी शराब की बिक्री हुई है। वहीं, विदेशी शराब भी 2.29 करोड़ लीटर बिकी है।

गत वर्ष की तुलना में यह बहुत अधिक है। गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 15.89 लाख लीटर देसी शराब व 2.19 करोड़ लीटर विदेशी शराब की बिक्री हुई थी।

# बिहार कांग्रेस में दिखा असंतोष

**पटना।** बिहार कांग्रेस में जारी अंदरूनी कलह अब खुलकर राजनीतिक संकट में बदलती दिख रही है। हालिया राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन विधायकों का मतदान से अनुपस्थित रहना इस संकट का ताजा और सबसे बड़ा संकेत बनकर उभरा है। इस घटनाक्रम ने न केवल पार्टी की चुनावी रणनीति पर सवाल खड़े किए, बल्कि प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ चल रही नाराजगी को भी सार्वजनिक कर दिया।

इन विधायकों की गैरमौजूदगी को साधारण चूक नहीं, बल्कि नेतृत्व के खिलाफ संगठित असहमति के रूप में देखा जा रहा है। मनिहारी विधायक मनोहर सिंह और वाल्मीकि नगर विधायक सुरेंद्र प्रसाद ने साफ तौर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि उन्हें न तो निर्णयों में शामिल किया जाता है और न ही संगठन में उचित सम्मान मिलता है, जबकि फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास कहते हैं कि उन्हें निर्णय लेने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दी थी।

# उपायुक्त ने की चौकीदार व होमगार्ड नियुक्ति संबंधी बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** चौकीदार व होमगार्ड नियुक्ति संबंधी बैठक समाहरणालय में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने होमगार्ड और चौकीदारों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती को लेकर अब तक की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने रिक्तियों को जल्द भरने के लिए आवश्यक विभागीय प्रक्रियाओं को तेज करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे भर्ती से जुड़े विज्ञापन, आवेदन प्रक्रिया और भौतिक सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित करें, ताकि आवश्यक सभी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा प्रभारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों से कहा कि जेएसपीएलएस की दीदियों द्वारा बना जा रहे स्कूली ड्रेस बच्चों को समय से मिले। इसे सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बनाकर काम करें।

बैठक में उपायुक्त ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में होने वाले पोशाक वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, डिजी पोर्टल में इंट्री, आवासीय विद्यालयों में नामांकन समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया।

संबंधित अधिकारियों को इस बाबत आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक किट वितरण को लेकर की जाने वाली प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि जेएसएलपीएस के दीदियों के समूहों द्वारा बने पोशाक का वितरण बच्चों के बीच करें।

# निर्विरोध निर्वाचित हुए डिप्टी मेयर सुमित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम के डिप्टी मेयर का ताज सुमित कुमार को मिला है। वह गिरिडीह के दूसरे डिप्टी मेयर बने हैं। उनका चयन निर्विरोध हुआ है।

डीसी कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को नवनिर्वाचित मेयर और वार्ड पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद डिप्टी मेयर के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, (नगरपालिका) की देखरेख में उप मेयर पद के लिए नामांकन, जांच और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उप मेयर पद लिए सुमित कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया। निर्धारित समय सीमा के भीतर उनके विरुद्ध कोई अन्य प्रत्याशी सामने नहीं आया। इस कारण उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उप विकास आयुक्त सह निवार्ची पदाधिकारी ( उप मेयर) स्मृता कुमारी ने औपचारिक घोषणा करते हुए सुमित कुमार को नगर निगम का उप मेयर निर्वाचित घोषित किया।

घोषणा के बाद मेयर प्रमिला मेहरा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व मेयर प्रमिला मेहरा को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के आयुक्त मनोज कुमार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



उपायुक्त रामनिवास यादव ने नव निर्वाचित उप मेयर को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से प्राप्त यह जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा समर्पण के साथ निभाना आवश्यक है। उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि उप मेयर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर शहर के समग्र विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मेयर मेहरा ने उप मेयर को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कहा कि नगर निगम के विकास और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में उप मेयर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उप मेयर सभी वार्ड पार्षदों और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।

उप विकास आयुक्त ने नव निर्वाचित उप मेयर को बधाई देते हुए कहा कि जनता के विश्वास से मिला यह दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाना आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उप महापौर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर शहर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नव निर्वाचित उप मेयर कुमार ने सभी पार्षदों और उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।

# महिला मेगा जॉब फेयर आयोजित

**पटना।** महिलाएं बड़ी संख्या में यहां पहुंचीं, उन्हें नौकरी मिली है। अब समय है उड़ान भरने का। सरकार की ओर से हर स्तर पर समर्थन दिया जाएगा। कहां जाना है, क्या करना है, यहां तक कि रहने की व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाएगा। महिलाओं ने ऑटोमोबाइल जैसे पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में भी नौकरी हासिल कर नई मिसाल पेश की है। ये बातें समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहीं।

ज्ञान भवन में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा आयोजित दो दिवसीय महिला मेगा जॉब फेयर- का मंगलवार को समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सामाज कल्याण विभाग मंत्री मदन सहनी ने कहा, नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में समावेशी विकास को नई गति मिल रही है।

उन्होंने आगे कहा, हर वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रोजगार मेला नए अवसरों के द्वार खोलने वाला महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 19,000 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था।

# शादी का झांसा देकर झारखण्ड से बिहार तक यौन शोषण

## पीड़िता ने की सख्त से सख्त सजा की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जमशेदपुर में एक गंभीर और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ लगातार यौन शोषण किया, उसे आर्थिक रूप से ठगा और पटना में भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसका शोषण करवाया। जुगसलाई थाना पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की शिकायत के मुताबिक, आरोपी सोनू से उसका परिचय साल 2022 में हुआ था। उस वक्त सोनू कदमा थाना क्षेत्र की गांधी बस्ती में रहता था। बाद में वह धातकीडीह चला गया।

शादी का लालच देकर उसने महिला को बहकाया और जमशेदपुर की कई अलग-अलग बस्तियों में उसे पत्नी के रूप में रखा। हर बार शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन शादी करने से मुकरता रहा।

महिला का आरोप है कि शादी के नाम पर आरोपी ने उससे डेढ़ लाख रुपये भी वसूले गए। आज तक एक भी रुपया वापस नहीं किया गया। आरोपी ने महिला को बार-बार अलग-अलग जगहों पर रखकर शोषण जारी रखा। मामले की सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब आरोपी महिला को पटना ले गया। वहां उसने अपने दोस्तों से पैसे लेकर महिला के साथ गलत करवाया। महिला ने पटना में पहले परिवारवाद (घरेलू हिंसा संबंधित) केस दाखिल किया था, लेकिन वह केस खारिज हो गया। इसके बाद सोनू ने दोबारा उसे परेशान करना शुरू कर दिया।

4 मार्च की रात को आरोपी महिला के जुगसलाई स्थित घर में जबरन घुसा। गलत हरकत की। विरोध करने पर घर की खिड़की तोड़ दी, मारपीट की और बुरे अंजाम की धमकी दी। पीड़िता ने तुरंत एसएसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर 15 मार्च को जुगसलाई थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और सोनू साहू को गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि क्या आरोपी ने अन्य महिलाओं के साथ भी ऐसा किया है। पीड़िता ने न्याय की उम्मीद जताई है और कहा है कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। जुगसलाई पुलिस की इस सफलता से स्थानीय महिलाओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव का लखनऊ में रिसेप्शन में जडेजा-यशस्वी, धवन पहुंचे

- जय शाह, कोहली-धोनी समेत 900 मेहमानों होंगे शामिल



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव का मंगलवार को लखनऊ में रिसेप्शन हुआ। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह, टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, शिखर धवन, रवींद्र जडेजा समेत 900 से ज्यादा मेहमानों के शामिल होंगे। वीवीआईपी मेहमानों के लिए 4 चार्टर्ड प्लेन का इंतजाम किया गया है। राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की कई बड़ी हस्तियां भी रिसेप्शन में शामिल हो सकती हैं। परिवार के करीबियों ने बताया कि रिसेप्शन में कुलदीप की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी, बीसीसीआई और आईसीसी से जुड़े अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, क्रिकेटर रविंद्र जेडजा और यशस्वी जायसवाल लखनऊ आ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई वीवीआईपी मेहमानों को निमंत्रण दिया गया है। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। उत्तराखंड के मसूरी में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी हुई थी।

# केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर

- पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी; रहमान की जगह मुजरबानी को चुना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। केकेआर ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप शामिल हैं।



### प्रैक्टिस मैच में चोट लगी

हर्षित राणा घुटने की चोट के कारण भारत की टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। राणा ने आईपीएल 2024 में 19 और 2025 में 15 विकेट लिए थे। केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। केकेआर ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने केकेआर जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।

16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# करोड़ों में बिके हैं ये स्टार

**आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर**



नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इस बार कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। ऑक्शन में कुछ खिलाड़ियों पर फेंचाइज़ियों ने करोड़ों की बोली लगाई है, जिससे उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



### कैमरून ग्रीन

- **केकेआर का महंगा दांव-** कोलकाता नाइट राइडर्स ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदकर बड़ा निवेश किया है। वह एक बेहतरीन टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं, जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी भी कर सकते हैं। केकेआर उन्हें एक मैच विनर के तौर पर देख रही है, जो अकेले दम पर गेम बदल सकते हैं।

### पथिराना

- **केकेआर का डेथ ओवर स्पेशलिस्ट-** मथेशा पथिराना को केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा, जो उनकी गेंदबाजी क्षमता को दर्शाता है। वह खासकर डेथ ओवर्स में अपनी यॉर्कर और अनोखे एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उनका प्रदर्शन केकेआर की गेंदबाजी को मजबूत बनाएगा।





### प्रशांत वीर सीएसके

- **उभरता ऑलराउंडर-** चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर सबको चौंका दिया। कम बेस प्राइस के बावजूद इतनी बड़ी रकम मिलने से उनकी प्रतिभा साफ झलकती है। वह एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को बैलेंस देते हैं और सीएसके उन्हें भविष्य के स्टार के रूप में देख रही है।

### आकिब नबी

**दिल्ली कैपिटल्स की नई उम्मीद-** दिल्ली कैपिटल्स ने आकिब नबी पर 8.40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वह एक ऑलराउंडर हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से प्रभाव डाल सकते हैं। नबी की खासियत उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी है। डीसी को उनसे मिडिल ओवर्स में गेम बदलने की उम्मीद होगी।

### जेसन होल्डर

**जीटी का अनुभवी हथियार-** गुजरात टाइटंस ने जेसन होल्डर को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह एक अनुभवी ऑलराउंडर हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट



का बड़ा अनुभव है। उनकी गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी त्रअ के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

### कूपर कॉनोली -पीबीकेएस का युवा दांव

पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनोली को 3 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह एक युवा ऑलराउंडर हैं, जिनमें भविष्य का बड़ा खिलाड़ी बनने की क्षमता है। कॉनोली अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी स्पिन गेंदबाजी से टीम को मजबूती दे सकते हैं। पीबीकेएस उन्हें एक लंबे समय के निवेश के रूप में देख रही है।

# ईशान कर सकते हैं SRH की कप्तानी

- कमिंस बैक इंजरी के कारण शुरुआती मैचों से बाहर; झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाई



**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल 2026 की शुरुआत में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमिंस अभी बैक इंजरी से उबर रहे हैं और यह साफ नहीं है कि वे कब टीम से जुड़ेंगे। कमिंस को यह चोट 2025-26 एशेज सीरीज से पहले लगी थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि वे पूरी सीरीज मिस करेंगे,लेकिन उन्होंने एक टेस्ट खेला और फिर दोबारा टीम से बाहर हो गए।हालांकि, ईशान को शुरुआती मैचों की कप्तानी सौंपे जाने को लेकर फ्रेंचाइजी की ओर से अभी कुछ नहीं कहा गया है।

- **ईशान किशन के पक्ष में गया कप्तानी का अनुभव-** ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। इसी अनुभव के दम पर वे कप्तानी की रेस में अभिषेक शर्मा से आगे हैं। पिछले आईपीएल सीजन में ईशान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने टीम के लिए पहले मैच में शतक लगाया था।

# नंगे पैर खेलने से 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' तक

- एशियन कप फुटबॉल में 30 गज से गोल दागकर चर्चा में आईं पंजाब की मनीषा कल्याण

**सिडनी (एजेंसी)।** 2026 विमंस एशियन कप के मैच में भारतीय टीम चीनी ताइपे से 1-0 से पीछे थी। 39वें मिनट में भारत को गोल से 30 गज की दूरी पर फ्री-किक मिली। सामने सफेद जर्सी में चार डिफेंडर दीवार बनकर खड़ी थीं। ऐसे में 24 वर्षीय मनीषा कल्याण एक पल के लिए रुकीं और अपने बाएं पैर से एक ऐसा करारा शॉट दागा कि गेंद क्रॉसबार के निचले हिस्से से टकराकर सीधे गोल लाइन के पार चली गई। वीएआर ने गोल की पुष्टि की और कमेंटेटर ने इसे देखते ही 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' करार दिया। भले ही भारतीय टीम यह मैच 1-3 से हारकर ग्रुप में सबसे नीचे रही, लेकिन पंजाब के होशियारपुर की इस बेटी ने दुनिया को भारतीय फुटबॉल की एक उजली तस्वीर जरूर दिखा दी।

यह सिर्फ एक गोल की नहीं, बल्कि उस लड़की की कहानी है जिसके नसीब में कभी खेल के जूते नहीं थे। आठ साल पहले पंजाब के मुग्गोवाल गांव के एक सरकारी स्कूल में पीटी टीचर ब्रह्मजीत सिंह



ने एक लड़की को लड़कों के साथ नंगे पैर खेलते देखा। वह बेखौफ गोल दाग रही थी। मनीषा के पिता नरेंद्रपाल सिंह की गांव में एक छोटी सी कॉस्मेटिक की दुकान थी। वह अपनी चार बेटियों को सिर्फ पढ़ाना चाहते थे; उनके पास स्पोर्ट्स शूज और ट्रेनिंग के पैसे नहीं थे।

# चेल्सी पर 92 करोड़ का जुर्माना, ट्रांसफर बैन भी लगा

### ईडन हजार्ड और विलियन के लिए गुप्त भुगतान किए गए, क्लब ने खुद कबूली अपनी गलती

**मास्को (एजेंसी)।** प्रीमियर लीग ने चेल्सी फुटबॉल क्लब पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के मामले में 92(10 मिलियन पाउंड) करोड़ का जुर्माना लगाया है।

क्लब पर एक साल का ट्रांसफर बैन लगाया गया है, लेकिन इसे दो साल के लिए टाल दिया गया है। यह कार्रवाई 2011 से 2018 के बीच किए गए गुप्त भुगतानों को लेकर की गई है। क्लब ने ईडन हजार्ड, विलियन और डेविड लुइज जैसे बड़े खिलाड़ियों को साइन करने के लिए अनरजिस्टर्ड एजेंटों को करोड़ों रुपए दिए थे।ईडन हज़ार्ड को 2012 में लिली क्लब से 393 करोड़ में साइन किया गया था।

**नए मालिकों ने खुद ही दी थी जानकारी, 2022 में शुरू हुई थी जांच-** यह पूरी गड़बड़ी उस समय की है जब क्लब के मालिक रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच थे। साल 2022 में जब ब्लूको ग्रुप ने क्लब को खरीदा, तो उन्हें अकाउंट्स की जांच के दौरान इन गुप्त भुगतानों का पता चला। नए मैनेजमेंट ने खुद आगे बढ़कर प्रीमियर लीग को इन उल्लंघनों की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि क्लब से जुड़े तीसरे पक्ष के जरिए खिलाड़ियों, अनरजिस्टर्ड एजेंटों और अन्य लोगों को गुप्त भुगतान किए गए थे। इन भुगतानों की जानकारी उस समय फुटबॉल अथॉरिटी को नहीं दी गई थी, जो कि नियमों के खिलाफ है। प्रीमियर लीग के अनुसार ये भुगतान चेल्सी के हित में किए गए थे और इन्हें क्लब के खर्च के रूप में दिखाया जाना चाहिए था। क्लब ने यह भी माना कि इन भुगतानों को छिपाना और सही जानकारी न



देना नियमों का उल्लंघन है। हालांकि जांच के बाद यह साफ हुआ कि अगर इन भुगतानों को सही तरीके से शामिल भी किया जाता, तब भी चेल्सी नियमों का उल्लंघन नहीं करती। अगर क्लब खुद इसकी जानकारी नहीं देता, तो उन पर और भी सख्त कार्रवाई हो सकती थी और उनके प्वॉइंट्स भी काटे जा सकते थे।

- **स्टाफ को सैलरी भी अंडर द टेबल दी गई-** सिर्फ खिलाड़ियों के ट्रांसफर ही नहीं, बल्कि क्लब के स्टाफ को दिए गए पेमेंट में भी गड़बड़ी मिली। क्लब के तत्कालीन डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल फ्रैंक अर्नेसन, स्काउट पीट डी विसर और एक अन्य स्टाफ मेंबर को करीब 15 करोड़ रुपए दिए गए थे, जिसे उनकी सैलरी माना गया लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट नहीं किया गया था।
- **जिन खिलाड़ियों पर विवाद था, उन्होंने चेल्सी को कई खिताब दिलाए-** जिन खिलाड़ियों के ट्रांसफर पर विवाद है, वे चेल्सी के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इसी समय जोस मोरिन्हो क्लब में वापस आए थे। उस दौर में टीम ने 2 प्रीमियर लीग, 2 एफए कप और यूरोपा लीग समेत कुल 6 बड़ी ट्रॉफियां जीतीं। ईडन हजार्ड ने चेल्सी के लिए 352 मैचों में 110 गोल किए।

# मन्नत पूरी होने पर क्रिकेटर रिंकू सिंह दंडवत हुए

### मथुरा में बगलामुखी देवी के दर्शन किए

**मथुरा (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह मथुरा पहुंचे। उन्होंने बगलामुखी देवी मंदिर में दर्शन किए। यहां पूजा-अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। रिंकू सिंह ने कहा- मैंने टीम के विश्वकप जीतने की मां से कामना की थी। मां बगलामुखी के आशीर्वाद से हम टी-20 वर्ल्ड कप जीत गए। रिंकू करीब 45 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता योगेश द्विवेदी भी थे। भारत ने 8 मार्च को गुजरात के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से शिकस्त दी थी। वर्ल्ड कप के बीच ही रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया था।

### बोले- मां आपके आशीर्वाद से वर्ल्ड कप जीता

- **रिंकू ने फैंस के साथ फोटो खिंचाई-** रिंकू सिंह की एक झलक पाने के लिए मंदिर के बाहर भीड़ लग गई। वह जैसे ही दर्शन करके बाहर निकले, फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। रिंकू ने कहा कि देशवासियों और ब्रजवासियों से हम लोगों को बहुत प्रेम मिला है।



### बीजेपी नेता ने रिंकू का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया

रिंकू सिंह सबसे पहले छटीकरा स्थित पूर्व पालिका अध्यक्ष पुष्पा शर्मा के फार्म हाउस पहुंचे। यहां पुष्पा शर्मा और भाजपा नेता पंडित योगेश द्विवेदी ने शॉल ओढ़ाकर रिंकू का सम्मान किया। दोनों ने रिंकू सिंह और भारतीय टीम को विश्वकप जीत की बधाई दी। इसके बाद रिंकू योगेश द्विवेदी के साथ दोपहर करीब 12 बजे पुराने बस स्टैंड के पास स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। यहां पर सेवायत नीरज चतुर्वेदी उन्हें पूजा के लिए मंदिर के अंदर ले गए। रिंकू ने मां को पहले पुष्प अर्पित किए, फिर भोग लगाने के बाद दीपक जलाया। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रिंकू सिंह को विशेष पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान रिंकू ने परिवार की सुख-समृद्धि के साथ-साथ देशवासियों की खुशहाली की कामना की।

**वर्ल्ड कप के 5 मैचों में मौका मिला-** रिंकू सिंह को 2024 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के स्कॉड में जगह नहीं मिली थी। वे ट्रैवलिंग रिजर्व थे। लेकिन, इस टी-20 वर्ल्ड कप में उन्हें मौका मिला। उन्होंने भारत के लिए अपना पहला वर्ल्ड कप खेला। टूर्नामेंट में उन्होंने 5 मैच खेले, जिसमें कुल 24 रन बनाए।

### 27 फरवरी को रिंकू के पिता खानचंद नहीं रहे

रिंकू के पिता खानचंद सिंह का 27 फरवरी की सुबह 4.36 बजे अलीगढ़ में निधन हो गया था। उनके पिता फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। वह 60 साल के थे। रिंकू पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने अलीगढ़ पहुंचे ।पिता के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद रिंकू ने टीम इंडिया को जॉइन किया। विश्वकप जीतने के बाद रिंकू सिंह ने अपने दिवंगत पिता के लिए इमोशनल पोस्ट किया था।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था- पापा आज ट्रॉफी हाथ में है। बस आप साथ नहीं हो। आपका सपना पूरा हो गया ।रिंकू सिंह ने आगे लिखा- आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले।

संक्षिप्त समाचार

## 100 साल पुराने क्लबों पर संकट, मंत्रालय ने थमाए नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 100 वर्ष पहले शुरू हुए दिल्ली रेस क्लब और जयपुर पोलो क्लब अब अतीत बनने की ओर हैं। केंद्रीय शहरी



विकास मंत्रालय के लैंड एंड डेवलपमेंट (एलएंडडीओ) दिल्ली रेस क्लब और जयपुर पोलो ग्राउंड को जमीन खाली करने का नोटिस दिया है। एलएंडडीओ ने विगत 12 मार्च के नोटिस के बाद अब 15 दिन के भीतर इस दोनों क्लब की भूमि को खाली किया जाना है। नोटिस के बाद रेस क्लब और केंद्रीय शहरी विकास विभाग के अधिकारियों की सोमवार को बैठक भी हुई जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला। दिल्ली रेस क्लब के सीईओ व सचिव कर्नल (सेवानिवृत्त) एसके बक्शी का कहना है कि वह सरकार के हर निर्णय के साथ हैं, लेकिन वह 250 घोड़ों और उनका लालन पालन करने वाले लोगों के परिवारों की सोचे, क्योंकि न तो घोड़ों को ही एकदम से कहीं भी ले जाकर खड़ा रखा जा सकता है और न ही रातों-रात रेस क्लब चालू हो सकता है। जहां पर घोड़ों की दौड़ होती है उस ट्रैक को ही बनने में एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। उन्होंने सरकार से निवेदन किया है कि सरकार मदद की नजर से उनकी तरफ देखे। दिल्ली रेस क्लब में कई परिवार ऐसे हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी यहां काम कर रहे हैं। कुछ लोगों के परिवार लखनऊ में आजादी से पहले अंग्रेजों के घोड़े का काम देखते थे। अंग्रेजों के साथ उनके परिवार भी तभी दिल्ली आ गए। ये लोग छह-छह पीढ़ियों से यहीं घोड़ों के साथ अस्तबलों में रह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली रेस क्लब 8 मार्च 1926 को शुरू हुआ था। जो कि फिलहाल 53 एकड़ के करीब भूमि पर संचालित हो रहा है। इसी प्रकार जयपुर पोलो ग्राउंड 15 एकड़ में है। यह 1930 में शुरु हुआ था। एलएंडडीओ ने दोनों ग्राउंड के लिए पट्टे पर भूमि थी। जिसे विभाग ने इलाके में आने वाली विकास परियोजनाओं के चलते विस्तार न देने का निर्णय लिया है।

## दिल्ली में बदलेगा मौसम का मिजाज, 19, 20, 21 मार्च को आंधी-बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ ही रहने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को बादल छाए रहने, हल्की वर्षा, गर्जन वाले बादल बनने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। कई स्थानों पर हवा की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। इस बीच अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है। सोमवार को राजधानी में सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहे और हवा की गति करीब 20 किमी प्रति घंटा तक दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के अधिकांश इलाकों में दिन के समय हल्की गर्माहट महसूस की गई, हालांकि कुछ स्थानों पर बादलों की आवाजाही भी बनी रही। नमी का अधिकतम स्तर 76 व न्यूनतम स्तर 35 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले कुछ दिनों में बादल छाने, हल्की वर्षा, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है और लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। बुधवार को भी आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और शाम या रात के समय हल्की वर्षा, गरज और बिजली चमकने की संभावना है। इस दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

# खतरनाक साबित हो सकता था आतंकियों द्वारा सोलर-बेस्ड कैमरे लगाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में आतंकियों द्वारा सोलर-बेस्ड कैमरे लगाने के मामले ने सुरक्षा विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है। सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली-एनसीआर के संवेदनशील इलाकों में संदिग्ध सोलर-बेस्ड कैमरों की मौजूदगी को लेकर कई बार अलर्ट जारी कर चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पारंपरिक जासूसी से कहीं अधिक खतरनाक होता है, क्योंकि सोलर पैनल होने के कारण इन कैमरों को बाहरी बिजली या बैटरी बदलने की जरूरत नहीं होती है। यह एक बार लगाओ और भूल जाओ जैसी तकनीक पर काम करता है, जिससे जासूसी करने वाले को लंबे समय तक संवेदनशील डाटा मिलते रहता है। स्पेशल सेल के एक अधिकारी का कहना है कि ये कैमरे अक्सर एन्क्रिप्टेड क्लाउड या विदेशी सर्वरों से जुड़े होते हैं। सीमा पार बैठे आका दिल्ली की सड़कों, वीआइपी मूवमेंट और सुरक्षा चौकियों को लाइव देख सकते हैं। ये कैमरे छोटे होते हैं और अक्सर पेड़ की टहनियों, स्ट्रीट लाइटों या ऊंची इमारतों के कोनों में छिपा दिए जाते हैं। सामान्य व्यक्ति इन्हें साधारण वाई-फाई कैमरा समझकर नजरअंदाज कर देता है। इस तरह के कैमरे लगाने का मुख्य उद्देश्य किसी बड़े हमले से पहले इलाके की डिजिटल रेकी करने के जैसा होता है, ताकि वहां की सारी गतिविधियों के पैटर्न को ठीक से समझा जा सके। अगर देश की सुरक्षा



एजेंसियां और स्थानीय पुलिस द्वारा समय रहते इस तरह के कैमरों को नहीं हटाया गया, तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां यह मानती है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई दस कदम आगे का सोचती है भले ही आईएसआई की हर हरकत का पता लगा भारतीय एजेंसियां उसे ध्वस्त कर देती है। इस तरह के कैमरे लगाने के पीछे आईएसआई का मकसद यह होता है कि भारत में वीआइपी मूवमेंट का पता लगाया जाए, सुरक्षा काफिले के समय और रूट की सटीक जानकारी प्राप्त की जाए। वहीं, भीड़भाड़ वाले इलाके, मेट्रो स्टेशन और बाजारों में सुरक्षा खामियों का पता लगाया जाए। कैमरों के जरिए प्राप्त जानकारी का उपयोग ड्रोन हमलों के लिए किया जा सकता है।

**दुश्मन को हमारे घर के अंदर झांकने का मौका दे रही:** स्पेशल सेल के एक अधिकारी का कहना है कि सोलर बेस्ड कैमरा साधारण कैमरा नहीं होता है, इसे ''डिजिटल आई'' के रूप में माना जा सकता है जो दुश्मन को हमारे घर के अंदर झांकने का मौका दे रही है। इसलिए अगर यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार आतंकियों के बयान में अगर दिल्ली-एनसीआर में संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले जगहों पर सोलर कैमरे लगाने की जानकारी मिली है तो पूरे एनसीआर की पुलिस को ''इलेक्ट्रानिक ऑडिट'' करने की सख्त आवश्यकता है। पुलिस को सभी निजी और संदिग्ध कैमरों की जांच करनी चाहिए। क्योंकि पहली बार देश में इस तरह के बेहद खतरनाक मंसूबे वाला मामला सामने आया है।

**इसे समझने की जरूरत:** यह बहुत ही गंभीर मामला है, जिससे समय रहते सचेत होने की आवश्यकता है। हो सकता है सीमा पार बैठे आका भविष्य में इसको लेकर कोई खतरनाक प्लान कर रहा हो। इसे समझने की जरूरत है। पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध फ्रीक्वेंसी को ट्रैक करने के लिए आरएफ (रेडियो फ्रिक्वेंसी) स्कैनर्स का उपयोग बढ़ाने की जरूरत है। सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली-एनसीआर के लोगों को सलाह दी है कि यदि वे अपने आसपास कोई अनजान उपकरण या छोटा सोलर पैनल देखें, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# किसान का गोबर गैस प्लांट बना प्रेरणास्त्रोत, हर रोज बनती है 2 केजी गैस; संकट के बीच खूब आ रहा काम

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** रसोई गैस की किल्लत को लेकर एक ओर आम से लेकर खास सब चिंतित व परेशान हैं, लेकिन दरियापुर गांव के किसान सत्यवान सहरावत बेफिक्र हैं। गैस सिलिंडर को लेकर उन्हें न तो इधर-उधर की दौड़-धूप की चिंता और न ही ईंधन के दूसरे विकल्पों के लिए आपाधापी। इस बेफिक्री का कारण, उनके खेत में लगा गोबर गैस प्लांट है। लोग रसोई गैस को लेकर आपाधापी में हैं, वही सत्यवान अपने प्लांट से प्रतिदिन दो किलो गैस पैदा करते हैं। रसोई से लेकर 20 पशुओं का खाना तक गैस पर पकता है। रसोई गैस संकट के बीच बवाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के प्रगतिशील किसान सत्यवान सहरावत का गोबर गैस प्लांट ऊर्जा के प्राकृतिक तौर-तरीके अपनाने के संदेश के साथ-साथ नई दिशा भी दिखा रहा है। सत्यवान ने लगभग आठ साल पहले 65 हजार रुपये की लागत से गोबर गैस प्लांट लगवाया था। तभी से नियमित रूप से प्लांट चल रहा है। बायो गैस प्लांट से पैदा गैस से प्रतिदिन रसोई के दैनिक कार्यों के अलावा पशुओं के लिए हर रोज 30-40 किलोग्राम तक दलिया पकता है। इसी गैस से 25-30 श्रमिकों का खाना भी तैयार किया जाता है। सत्यवान ने बताया कि प्लांट की क्षमता 10 घन मीटर है और यह 40 गज जमीन पर लगा है। प्लांट में प्रतिदिन लगभग दो सौ किलोग्राम खाद डाला जाता है, इससे दो किलोग्राम



गैस पैदा होती है। उन्होंने बताया कि आठ साल पहले उनके साथ-साथ कई लोगों ने गोबर गैस प्लांट लगवाया था, लेकिन अलग-अलग कारणों से अधिकांश लोगों का प्लांट बंद हो चुका है। सत्यवान ने सुझाव दिया कि बायो गैस प्लांट को बढ़ावा देने के लिए सरकार को सब्सिडी देने पर विचार किया जाना चाहिए। गोबर गैस प्लांट गैस के साथ-साथ प्राकृतिक खाद भी देता है। सत्यवान सहरावत ने बताया कि वे प्रतिदिन लगभग दो सौ किलोग्राम गोबर प्लांट में डालते हैं और लगभग इतना ही प्राकृतिक खाद (सलरी) प्राप्त कर लेते हैं। यह खाद किसानों के लिए इसलिए और उपयोगी है कि प्लांट में डालने के बाद गोबर से हानिकारक मीथेन व कार्बन डाइआक्साइड गैस निकल जाती हैं। इन हानिकारक गैस के निकल जाने के बाद यह खाद फसल के लिए बेहद लाभदायी है। इस खाद के इस्तेमाल से खेत में खतपतवार भी नहीं पनप पाती है।

## गैस सिलिंडर की भारी किल्लत, घंटों लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं लोग; कालाबाजारी को लेकर पुलिस सतर्क

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के द्वारका उपनगर और उसके शहरी सेक्टरों में एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति जहां



सामान्य बनी हुई है, वहीं नजफगढ़ के गांव के इलाकों में रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। सोमवार को गैस सिलिंडर लेने के लिए लोगों को सुबह से ही एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उपभोक्ताओं को सिलिंडर लेने के लिए पहले एजेंसी के दफ्तर में पर्ची बनवाने और फिर गोदाम तक जाने के लिए कहा जाता है। कई बार दफ्तर से गोदाम और गोदाम से वापस दफ्तर भेज दिया जाता है। इस प्रक्रिया में लोगों का पूरा दिन बीत जाता है और घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो रहा है। घर के पुरुष तो काम पर चले जा रहे हैं पर घर की महिलाओं और बुजुर्गों को सिलिंडर के लिए कतार में खड़ा होना पड़ रहा है। इस अनियमित आपूर्ति के कारण उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई घरों में मजबूरी में इंडक्शन चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। उनका कहना है कि देहात क्षेत्र में गैस की होम डिलीवरी भी नियमित नहीं हो रही, जिससे समस्या और बढ़ गई है। उधर, द्वारका के शहरी सेक्टरों में गैस की आपूर्ति सामान्य बताई जा रही है। यहां ज्यादातर सोसायटी में पीएनजी के पाइप लाइन बिछे हुए हैं। जो कुछ कॉलोनी और गांव हैं, वहां के उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी भी समय पर मिल रही है। इधर एलपीजी सिलिंडर की किल्लत के बीच संभावित कालाबाजारी को लेकर पुलिस भी सतर्क है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि जिले में एलपीजी सिलिंडर की कालाबाजारी पर नजर रखी जा रही है। अब तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## एसएफआई दिल्ली का ट्रांसजेंडर संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में जंतर-मंतर पर जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) दिल्ली ने प्रस्तावित ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन आफ राइट्स) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में सोमवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए सरकार से इस विधेयक को तुरंत वापस लेने की मांग की और ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ एकजुटता जताई। उनका कहना था कि प्रस्तावित संशोधन ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों और कानूनी सुरक्षा को कमजोर करता है। प्रदर्शन के बाद एसएफआइ दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल प्रत्यय, इप्सिता और उर्सुला ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक नालसा बनाम भारत सरकार (2014) फैसले की भावना के खिलाफ है, जिसमें लैंगिक पहचान के आत्मनिर्णय के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया था। एसएफआइ कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित संशोधन में आत्म-पहचान के अधिकार को खत्म कर लैंगिक पहचान तय करने का अधिकार सरकारी मेडिकल बोर्ड को देने की बात कही गई है, जो ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की गरिमा और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। संगठन ने मांग की कि विधेयक तुरंत वापस लिया जाए, आत्म-पहचान के सिद्धांत को बरकरार रखा जाए।

## नाइजीरिया में आत्मघाती हमलों में कई लोगों की मौत; नैरोबी में इमारत गिरने से चार की मौत

**मैदुगुरी, एजेंसी।** बोर्नो राज्य की राजधानी मैदुगुरी में तीन अलग-अलग स्थानों पर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जहां नाइजीरिया के स्थानीय जिहादी समूह बोको हरम ने एक दशक से अधिक समय से विद्रोह छेड़ रखा है। मैदुगुरी में नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के संचालन प्रमुख सिराजू अब्दुल्लाही के अनुसार, ये बम विस्फोट एक स्थानीय बाजार और मैदुगुरी विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल के प्रवेश द्वार पर हुए। अमेरिका के गुआम स्थित एंडरसन एयरफोर्स बेस पर बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास सी ड्रैगन 2026 शुरू हो गया है। पनडुब्बी-रोधी अभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान व न्यूजीलैंड के साथ भारतीय नौसेना का पी-8आई विमान शामिल है। दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शत्रु पनडुब्बियों को ट्रैक करने और नष्ट करने की साझा दक्षता बढ़ाना है। अभ्यास के दौरान सबसे सटीक प्रदर्शन करने वाले देश को ड्रैगन बेल्ट पुरस्कार दिया जाता है। वर्ष 2025 में यह खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया में रणनीतिक संकट की चुनौती है। केन्या की राजधानी नैरोबी में सोमवार को एक नियोजित विध्वंस के दौरान एक इमारत ढह गई, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सेना और अन्य संस्थानों के बचावकर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने के लिए काम कर रहे थे। तस्वीरों में पीड़ितों को स्ट्रेचर पर मलबे से बाहर ले जाते हुए दिखाया गया। बयान में कहा गया है कि यह इमारत उन कई इमारतों में से एक थी, जिन्हें नैरोबी नदी पुनर्निर्माण परियोजना के तहत हटाने के लिए चिह्नित किया गया था। अमेरिका के टेक्सास में एक अफगान अप्रवासी की अस्पताल में आव्रजन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद मौत हो गई। मृतक के परिवार ने कहा कि उसे अमेरिकी सेना के साथ वर्षों तक काम करने के बाद उसके गृह देश से निकाला गया था।

# ईरान को परमाणु हथियार मिलना दुनिया के लिए बर्बादी

### ट्रंप बोले- दो हफ्तों में सेना-ईरानी नेतृत्व ढहा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने के खतरों के प्रति आगाह किया। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने राष्ट्रपति के रुख का समर्थन करते हुए कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई राष्ट्रपति के नेतृत्व में हुई है। वेंस ने डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों से आग्रह किया कि वे अपने सैनिकों की सफलता और सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा 'मैं किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में युद्ध कम चाहता हूं... ईरान के नेता हिंसक और दुष्ट लोग हैं जिन्होंने पिछले तीन हफ्तों में 32,000 प्रदर्शनकारियों को मार डाला है।' ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि कोई यह मानता है कि ईरान को परमाणु हथियार मिलने चाहिए, तो वह गलत है। उन्होंने कहा वे इसका इस्तेमाल एक घंटे या एक दिन के भीतर कर देंगे। वे इसका इस्तेमाल करेंगे और पूरे पश्चिम एशिया को तबाह कर देंगे, न कि सिर्फ इस्राइल को। ट्रंप ने एक बार फिर दोहराया कि यदि ईरान को परमाणु हथियार मिल जाता है, तो दुनिया का एक बहुत बड़ा हिस्सा तबाह हो जाएगा और इसका इस्तेमाल लगभग तुरंत ही किया जाएगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता पर अमेरिका की कार्रवाई के प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने दावा किया हमने उन्हें दो हफ्तों में तबाह कर दिया है। उनके पास कोई नौसेना नहीं है, कोई वायु सेना नहीं है, कोई एंटी-एयरक्राफ्ट हथियार नहीं है और कोई नेतृत्व नहीं है। उनका नेतृत्व खत्म हो गया है। फिर उन्होंने एक नया नेतृत्व स्थापित किया और वह भी खत्म हो गया। ट्रंप ने कहा कि यह काम पूरी दुनिया के लिए किया गया है। उन्होंने ईरान



को पिछले 50 वर्षों या उससे भी लंबे समय में वैचारिक दृष्टिकोण से सबसे खराब देश बताया, जो दुनिया को उड़ाना चाहता था।

**'नेतृत्व के दो स्तर पूरी तरह खत्म':** राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान की अधिकांश मिसाइलों और ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया है। उन्होंने कहा हमने नेतृत्व के दो स्तरों को पूरी तरह से खत्म कर दिया है और शायद तीसरा भी। हमारे पास केवल एक चीज है जो एक छोटा चोक पॉइंट है और उन्होंने (ईरान) इसका वर्षों से बहुत अच्छी तरह से इस्तेमाल किया है।

# ईरान मिसाइल क्षमता ध्वस्त होने के अमेरिकी दावों के बीच जारी भीषण हमले

**दोहा/वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और इस्राइल का दावा है कि संयुक्त हमलों में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है और उसके कई लॉन्चर नष्ट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद ईरान अब भी क्षेत्रीय देशों और इस्राइल की दिशा में असरदार तरीके से मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ईरान की हमला क्षमता जरूर घटी है, लेकिन उसके पास अभी भी इतने हथियार और वैकल्पिक रणनीतियां मौजूद हैं कि वह सीमित लेकिन रणनीतिक हमलों के जरिये पूरे क्षेत्र में तनाव बनाए रख सकता है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि अभियान एपिक फ्यूरी में ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता कार्यात्मक रूप से नष्ट हो चुकी है, उसकी नौसेना को युद्ध के लिहाज से अप्रभावी माना जा रहा है और अमेरिकी व इस्राइली वायुसेना ने ईरान के हवाई क्षेत्र पर लगभग पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार इन दावों के बावजूद सोमवार को कतर ने घोषणा की कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन ने भी मिसाइल अलर्ट जारी किए। अबू धाबी में एक मिसाइल के कार पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत भी हुई। विशेषज्ञों के अनुसार इसकी वजह यह है कि ईरान की पूरी क्षमता खत्म नहीं हुई है। उसके पास अभी भी मिसाइलों का बड़ा भंडार, मोबाइल लॉन्चर और विकेंद्रीकृत सैन्य ढांचा मौजूद है, जिससे वह सीमित स्तर पर हमले जारी रख सकता है।

**हमले कम हुए पर लगा रहा सटीक निशाना**

रिपोर्ट के अनुसार हालांकि युद्ध के शुरुआती दिनों की तुलना में ईरान के हमलों में स्पष्ट कमी आई है। संघर्ष के पहले 24 घंटों में



ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात की ओर 167 मिसाइलें और 541 ड्रोन दागे थे। लेकिन युद्ध के 15वें दिन यह संख्या घटकर सिर्फ 26 मिसाइल और करीब 50 ड्रोन रह गई, यह आंकड़े यूएई के रक्षा मंत्रालय के बयानों के आधार पर संकलित किए गए हैं। इस्राइल पर हमलों में भी गिरावट आई है। शुरुआती दो दिनों में लगभग 100 प्रोजेक्टाइल दागे गए थे, जबकि हाल के दिनों में यह संख्या 15 से 20 सिमट गई है।पेंटागन ने भी कहा कि युद्ध के पहले दिन की तुलना में ईरानी मिसाइल लॉन्च 90 प्रतिशत और ड्रोन हमले 86 प्रतिशत तक घट गए हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस ने 2022 में आकलन किया था कि ईरान के पास क्षेत्र का सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल भंडार है। हालांकि इसकी सटीक संख्या सार्वजनिक नहीं है, लेकिन इस्राइली खुफिया रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 3000 मिसाइलें थीं। पिछले साल जून में हुए 12 दिन के युद्ध के बाद यह संख्या घटकर लगभग 2500 रह गई थी। वॉशिंगटन स्थित नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डेविड डेस रोशेस के अनुसार, ईरान जैसे विशाल देश में सभी लॉन्चरों को पूरी तरह खत्म करना बेहद कठिन है, खासकर तब जब जमीन पर सैनिक तैनात न हों।उन्होंने कहा कि कई मिसाइलें युद्ध से पहले ही ऐसे गुप्त स्थानों पर छिपा दी गई थीं जो सैन्य ठिकानों से जुड़े नहीं थे। ऐसे लॉन्चरों की पहचान करना मुश्किल होता है।डेस रोशेस के अनुसार ईरान अब बड़े पैमाने पर मिसाइलों की बौछार करने की क्षमता खो चुका है। इसलिए वह एक समय में एक या दो मिसाइलें दागकर नागरिक या वाणिज्यिक ढांचों को निशाना बना रहा है। जर्मनी के जर्मन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड सिक्योरिटी अफेयर्स के विशेषज्ञ हामिदरेजा अजीजी के अनुसार तेहरान की रणनीति यह हो सकती है कि खाड़ी देश और इस्राइल अपनी रक्षात्मक क्षमता पहले खो दें, जबकि ईरान के पास मिसाइलें बची रहें। उनके अनुसार ईरान ने अपने मिसाइल ठिकानों और कमांड सिस्टम को विकेंद्रीकृत कर दिया है और अब वह अधिकतर मोबाइल लॉन्चरों का उपयोग कर रहा है।

# डीइओ सह उपायुक्त ने चास नगर निगम के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिलाई शपथ





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम सभागार में आयोजित समारोह में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने नव निर्वाचित महापौर (मेयर) श्री भोलू पासवान एवं 35 वार्डों से चुने गए पार्षदों को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने नगर के विकास, स्वच्छता, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। अपने संबोधन में डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। वहीं, नव निर्वाचित महापौर भोलू पासवान ने कहा कि वे सभी पार्षदों के सहयोग से चास नगर निगम को एक स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन का भरोसा दिलाया। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रांजल ढ़ांडा, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ चास प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीडीसी ने फुसरो नगर परिषद के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिलाई शपथ





**डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के फुसरो नगर परिषद सभागार में आयोजित समारोह में मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने नव निर्वाचित अध्यक्ष निर्मला देवी एवं 28 वार्डों से चुने गए पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने नगर के विकास, स्वच्छता, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। अपने संबोधन में डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परिषद क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कही। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ बेरमो मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों की उपायुक्त ने की सुनवाई

**प्राप्त 41 आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन हेतु दिया जरूरी दिशा - निर्देश**



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 41 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षा विभाग, सामान्य शाखा, चास अंचल, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

### बोकारो में इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के तत्वावधान एवं बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग की मेजबानी में 17 मार्च से सेक्टर-03 स्थित स्टील क्लब एंड रिक्रिएशन सेन्टर में इंटर स्टील



बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप - (2025 -2026) का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनूप कुमार दत्त के द्वारा किया गया. इस मौके पर महाप्रबंधक (एल & ए) सी आर के सुधांशु, महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) धर्मेंद्र कुमार, उप महाप्रबंधक (एल & ए) आलोक कुमार उपस्थित थे. इंटर स्टील बैडमिंटन चैम्पियनशिप में बोकारो स्टील प्लांट सहित भिलाई स्टील प्लांट, दुगार्पुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, इस्को स्टील प्लांट, सलेम स्टील प्लांट, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, टाटा स्टील तथा जेएसडब्ल्यू बेल्लारी की कुल 09 टीमें भाग लेंगी. चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा.

### एनएसयूआई ने 24 मार्च को होने वाली परीक्षा को स्थगित करने के लिए दिया ज्ञापन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को एनएसयूआई बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने अपने कार्यकताओं के साथ डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन देते हुए ये कहा कि 24/3/2026 को होने वाली सेमेस्टर 7 की परीक्षा स्थगित की



जाए।विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर 7 की परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है, जिसमें 24/3/2026 को लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा का पहला आर्ग है और उसी दिन परीक्षा की भी तिथि दे दी गई है, जिससे काफी विद्यार्थियों को समस्या हो शक्ति है इसको देखते हुए एनएसयूआई ने ज्ञापन देते हुए कहा कि यह देखा जा रहा है कि जब भी कोई पर्व होता हैं विश्वविद्यालय उसको नजरअंदाज करते हुए अपने मुताबिक परीक्षाएं की तारीख जारी कर देती है। आगे से विश्वविद्यालय यह सब चीजों को ध्यान में रखते हुए परीक्षाएं की तारीख जारी करे, अगर ऐसा नहीं होता है तो एनएसयूआई जो कदम उठाएगी उसकी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय अध्यक्ष राज रंजन सिंह पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष आयुष सिंह, बिप्लब कुमार, अंजनी, सौरभ तथा अन्य छात्र मौजूद थे।

### धनबाद में 24 हजार लीटर कच्चे स्प्रिट से भरा टैंकर जब्त, ड्राइवर को भेजा गया जेल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध कच्चा स्प्रिट जब्त किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में करीब 24 हजार लीटर कच्चा स्प्रिट से भरे एक टैंकर को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने तोपचांची थाना क्षेत्र के कोटाल अड्डा स्थित नेशनल हाईवे पर जीओ पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की। इस दौरान नागालैंड नंबर का टैंकर को रोककर जांच की गई, जिसमें भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट बरामद हुआ। जांच के दौरान टैंकर चालक से पूछताछ की गई, जिसमें उसने खुलासा किया कि इस स्प्रिट को गिरिडीह और हजारीबाग के नकली शराब कारोबारियों के पास सप्लाई किया जाना था। यह खुलासा होते ही विभाग ने तुरंत टैंकर को जब्त कर लिया। उत्पाद विभाग ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# बोकारो में यातायात व्यवस्था पर चैंबर की पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आरक्षी अधीक्षक, बोकारो हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में बोकारो जिले की यातायात व्यवस्था अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक हो गई है। संरक्षक संजय बैद ने बताया कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के कारण जनहानि की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। दुर्घटनाओं के बाद अक्सर सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम नागरिकों को 4-5 घंटे तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने प्रशासन से मांग की कि रॉन्ग साइड से चलने वाले वाहनों एवं चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्गों पर रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। बैठक में जोधाडीह मोड़ पर प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस कदम उठाने, सड़क दुर्घटनाओं के बाद सड़क जाम करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने तथा बोकारो शहर की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की गई, ताकि व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग भयमुक्त होकर अपना व्यवसाय सुचारू रूप से संचालित कर सकें। इसके अतिरिक्त जैना मोड़ चौराहे एवं फुसरो ओवरब्रिज के पास लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता जताई गई। क्षमता से अधिक बड़े आकार के सामानों के परिवहन करने वाले वाहनों पर नियंत्रण एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। आरक्षी अधीक्षक हरविंदर सिंह ने सभी मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते देते हुए कहा कि शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही एस.पी.ने अपील करते हुए कहा कि आमजन प्रेशर हॉर्न एवं साइलेंसर में अधिक आवाज करने वाले उपकरण का प्रयोग न करें ,हेलमेट एवं अन्य महत्वपूर्ण कागजात दुरुस्त रखें। इस अवसर पर विनय सिंह, नरेन्द्र सिंह, अनूप भालोटिया, मुकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, सुभाष जैन सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए बीएसएल आयोजित करेगा साइक्लोथॉन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के अनुरूप, बोकारो स्टील प्लांट 29 मार्च को बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन करने जा रहा है. इस आयोजन का उद्देश्य आमजन में फिटनेस, एक्टिव मोबिलिटी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है. यह साइक्लोथॉन लोगों को साइकिलिंग को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा. 14 किलोमीटर की यह प्रतियोगिता प्रातः 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के निकट से प्रारंभ होगी. प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग पर दो राउंड पूरे करने होंगे, जिसमें पथरकट्टा चौक, राम मंदिर, राजेंद्र चौक और गांधी चौक शामिल हैं, और अंत में वे पुनः प्रारंभिक स्थल पर लौटेंगे. प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला वर्गों में चार आयु श्रेणियों—14 वर्ष तक, 14 से 30 वर्ष, 30 से 50 वर्ष तथा 50 वर्ष से अधिक में आयोजित की जाएगी. प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार ₹5,000, द्वितीय ₹3,500 और तृतीय ₹2,000 निर्धारित है. इस आयोजन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर प्रारंभ हो चुका है, जो 24 मार्च 2026 तक खुला रहेगा. ऑनलाइन पंजीकरण के समय ₹100 का नाममात्र शुल्क देना होगा. इस आयोजन में अधिकतम 750 लोगों को ही भाग लेने की अनुमति दी जाएगी. चेस्ट/बिब नंबर एवं टी-शर्ट का वितरण 26 से 28 मार्च के बीच नगर सेवा भवन, बोकारो में रसीद एवं वैध आयु प्रमाण प्रस्तुत करने पर किया जाएगा. साइक्लोथॉन में केवल मैनुअल पैडल साइकिलों को ही अनुमति होगी तथा प्रतिभागियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलमेट पहनने की सलाह दी गई है.

# भोजूडीह स्टेशन पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, देर रात तक चली छापेमारी

**रिश्वत मामले में जूनियर इंजीनियर रवींद्र कुमार से पूछताछ, आवास की भी हुई तलाशी**



**आद्रा मंडल के इलेक्ट्रिकल विभाग में बिल पास कराने के नाम पर घूसखोरी का आरोप**

**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल से इस वक्त एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सीबीआई की टीम ने सोमवार देर रात भोजूडीह स्टेशन पर अचानक दबिश दी। यह पूरी कार्रवाई इलेक्ट्रिकल विभाग में रिश्वतखोरी की शिकायत को लेकर की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम ने भोजूडीह रेलवे स्टेशन के इलेक्ट्रिकल विभाग में तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) रविंद्र कुमार को निशाने पर लिया है। आरोप है कि एक संवेदक यानी कॉन्ट्रैक्टर से बिल पास कराने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत मिलने के बाद धनबाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया और देर रात स्टेशन पहुंचकर जांच शुरू कर दी। सीबीआई के अधिकारियों ने न केवल स्टेशन पर जेई से घंटों पूछताछ की, बल्कि उनके 'नीचे बाजार' स्थित आवास पर भी छापेमारी की। जांच के दौरान बिल पास कराने की प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाला गया है। जांच का दायराः जेई के आवास और कार्यालय से दस्तावेजों की जब्ती। वर्तमान स्थितिः फिलहाल सीबीआई या रेलवे की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। आपको बता दें कि इन दिनों भोजूडीह रेलवे क्षेत्र में यार्ड एक्सटेंशन समेत कई विकास कार्य चल रहे हैं। चर्चा है कि इन्हीं कार्यों के भुगतान को लेकर लेन-देन की बात सामने आई थी। हालांकि, अबतक सीबीआई की जांच में किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

# चास नगर निगम में उपमहापौर एवं फुसरो नगर परिषद में उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्पन्न

**चास में पूजा कुमारी बनीं उपमहापौर, फुसरो में रेणु देवी ने दर्ज की जीत**






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों के बीच उपमहापौर एवं उपाध्यक्ष पद का अप्रत्यक्ष निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चास नगर निगम में वार्ड संख्या 22 की पूजा कुमारी एवं वार्ड संख्या 15 के अमर स्वर्णकार के बीच उपमहापौर पद के लिए मतदान हुआ। कुल 35 वार्ड सदस्यों में से 33 मत वैध पाए गए, जिसमें पूजा कुमारी को 19 मत एवं अमर स्वर्णकार को 14 मत प्राप्त हुए। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुश्री प्रांजल ढ़ांडा द्वारा पूजा कुमारी को उपमहापौर निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके उपरांत, नव निर्वाचित महापौर भोलू पासवान ने उपमहापौर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रदीप कुमार, श्री पंकज दुबे एवं सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, फुसरो नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में वार्ड संख्या 01 की रेणु देवी ने एक मत से जीत हासिल की। उन्हें कुल 14 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी वार्ड संख्या 16 की श्रीमती रश्मि सिंह को 13 मत मिले। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ द्वारा रेणु देवी को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। उधर, नव निर्वाचित अध्यक्ष निर्मला देवी ने उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# डीडीसी ने दिया केसीसी आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री/समीक्षा समिति की दिसम्बर तिमाही की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पीएमफमएमई के अंतर्गत बैंकों के प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने इसे अत्यंत असंतोषजनक बताया। वहीं महाप्रबंधक, जिला उधोग केंद्र ने बताया कि कई बार बैंको के साथ बैठक करने के बावजूद इस योजना में अपेक्षित प्रगति नही हो रही है। इस पर उन्होंने संज्ञान लेकर सभी बैंको को निर्देशित किया कि चूँकि यह भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है अतः इस पर विशेष ध्यान दें एवं लंबित आवेदनों को इस वित्तीय वर्ष में निष्पादित करें वहीं केसीसी की समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि आवेदनों की स्वीकृति एवं भुगतान में काफी अंतर है। उन्होंने सभी बैंको को इस अंतर को एक सप्ताह के भीतर शून्य करने तथा सभी लंबित आवेदनों को अतिशीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। जबकि एसएचजी की समीक्षा के दौरान पाया कि एसएचजी के अंतर्गत मुद्रा आवेदन निष्पादित करने में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक कि स्थिति काफी असंतोषजनक है। उन्होंने उनको सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक के समापन से पहले डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में बैंकिंग सेवाओं का दायरा बढ़ाया जाए। वित्तीय समावेशन को गति दे और सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुँचाने का प्रयास करें। बैंकों एवं विभागों से आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। बैठक में एलडीएम ने बताया कि वार्षिक ऋण योजना के तहत धनबाद जिले की दिसम्बर तिमाही की उपलब्धि 98.18% रही। जिन बैंको की उपलब्धि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में 75% से कम थी उन्हें इसमें अपेक्षित बढ़ोतरी का निर्देश दिया गया। यूको बैंक को एमएसएमई क्षेत्र में वित्तपोषण बढ़ाने का निर्देश दिया। फेडरल बैंक, जना बैंक एवं बंधन बैंक ने आश्वस्त किया कि वे अगले तिमाही (मार्च 26) तक प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में क्रमशः 50%, 61% एवं 75% की उपलब्धि प्राप्त कर लेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया की दिसम्बर तिमाही तक जिले का ऋण जमा अनुपात 45.74% रहा। इसमें यूको बैंक का 11.79% एवं धनबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक का 11.49% रहने पर लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बैंकों का ऋण जमा अनुपात कम से कम 40 प्रतिशत अवश्य होना चाहिए। बैठक में लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, भारतीय रिजर्व बैंक, सन्नी श्रीवास्तव; अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, महाप्रबंधक जिला उधोग केंद्र श्री राजेंद्र प्रसाद; जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सांसद धनबाद के प्रतिनिधि नकुल कुमार साहू, विधायक धनबाद के प्रतिनिधि रवि सिंह, विधायक टुंडी के प्रतिनिधि जगदीश कुमार चौधरी एवं विधायक सिंदरी के प्रतिनिधि तथा जिले के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com